# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 4 अप्रैल 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 310 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1460 : स्विट्जरलैंड में बेसल यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई।
1716 : उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रुस और प्रशिया की सेनाओं ने कब्जा किया।
1722 : जेकब रोजरविन ने पूर्वी आयरलैंड की खोज की।
1968 : अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
1979 : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी की सजा दी गई।
2013 : महाराष्ट्र के ठाणे में अवैध रूप से निर्मित इमारत गिरने से तकरीबन 80 लोगों की मौत।

# राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन बिल

## लोकसभा में 288 सदस्यों ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में डाले वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। बिल पर दोपहर 1 बजे से चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।



### रिजिजू बोले- बिल में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

इससे पहले लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। रात 2 बजे हुई वोटिंग में 520 सांसदों ने भाग लिया। 288 ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में वोट डाले। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। चर्चा के दौरान एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिल फाड़ दिया। उन्होंने कहा- इस बिल का मकसद मुसलमानों को जलील करना है। मैं गांधी की तरह वक्फ बिल को फाड़ता हूं। बिल पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है।

इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। दरअसल, ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा- आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा- अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि ये बिल मुस्लिमों के लिए न तो नई उम्मीद है और न ही उम्मीद की नई किरण है। सच्चाई ये है कि वक्फ ट्रिब्यूनल भी सरकार का है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा- उनकी पार्टी जनता दल (सेक्युलर) वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री को बधाई देनी चाहिए। क्योंकि जिस संपत्ति का उल्लेख किया गया है, वह लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपए की है। ये संपत्तियां सरकार द्वारा नहीं, बल्कि दानदाताओं द्वारा दी गई हैं।

# झारखंड में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई होगी अनिवार्य : स्कूली शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भाषा, संस्कृति और परंपरा की सुरक्षा के लिए अलग झारखंड राज्य का आंदोलन हुआ था। लेकिन राज्य बने 25 साल होने के बावजूद अबतक स्कूली स्तर पर जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरु नहीं हो पाई। इसकी वजह से आज की पीढ़ी अपनी परंपरा और संस्कृति को भूल रही है। जाहिर है कि जब बच्चे पढ़ेंगे, तभी अपनी संस्कृति को जानेंगे। इसलिए स्कूल से कॉलेज स्तर पर जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति होना जरुरी है। इस मसले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि हर हाल में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई सुनिश्चित की जाएगी। छात्रों की संख्या के अनुपात में क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षक बहाल किए जाएंगे। इस व्यवस्था को समझने के लिए पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल मॉडल का अध्ययन किया जा चुका है। अब इसको धरातल पर उतारने की कवायद चल रही है।

### पश्चिम बंगाल के पैटर्न का एक कमेटी कर चुकी है अध्ययन

स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का कहना है कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में केजी से पीजी तक क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई होती है। वहां के तौर तरीके को समझने के लिए पांच सदस्यीय टीम को सात दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल भेजा गया था। टीम ने एक सप्ताह तक पश्चिम बंगाल में रहकर व्यवस्था का अध्ययन किया है। कमेटी ने विभाग को रिपोर्ट समर्पित कर दिया है। इस रिपोर्ट से सीएम हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा।



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन

### जिला स्तर पर होगा री-सर्वे

स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का कहना है कि पिछले साल भी क्षेत्रीय भाषा बोलने वाले छात्रों की संख्या के हिसाब से सर्वे हुआ था। लेकिन समीक्षा में पता चला कि उस सर्वे में कई त्रुटियां थी। क्योंकि कई स्कूलों में भाषाई स्तर पर छात्रों की मुकम्मल पहचान नहीं की जा सकी थी। लिहाजा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कहा है कि जिला स्तर पर दोबारा सर्वे कराया जाएगा। इसके जरिए भाषाई अनुपात का आंकड़ा आने पर शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

### पिछले साल के सर्वे में थी कई त्रुटियां

सरकार में शामिल कांग्रेस के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी का कहना है कि प्राथमिक, मध्य, हाई स्कूल और कॉलेज में जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई के लिए शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 29 में संरक्षण और अनुच्छेद 350(क) में शिक्षा में सुविधा का जिक्र है। पिछले साल सर्वे हुआ था, जो बिल्कुल गलत तरीके से हुआ था। सिमडेगा में पिछले साल हुए सर्वे में खड़िया समुदाय के लिए दो, मुंडारी के लिए 41 और नागपुरी के लिए 156 सीटों के सृजन की बात हुई थी। लेकिन कुड़ूख और उरांव जनजाति के छात्रों को गिनती नहीं की गई। इस वजह से क्षेत्रीय भाषा के लिए शिक्षक की सीट तय नहीं हो पाई। अब देखना है कि पश्चिम बंगाल में हुए सर्वे की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का क्या स्टैंड सामने आता है। वैसे सरकार भी मानती है कि जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए।

# कुएं में डूबने से सात ग्रामीणों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा में आठ लोग एक कुएं में डूब गए। इनमें से अब तक 7 के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। घटना गुरुवार शाम को जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करने गांव के 8 लोग कुएं में उतरे थे। आशंका जताई जा रही है कि गंदगी के कारण कुएं में जहरीली गैस बनने से इनका दम घुट गया और इनकी जान चली गई। बताया जा रहा है कि दोपहर के वक्त 8 लोग कुएं में उतरे थे, जो शाम तक बाहर नहीं निकले। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही पुलिस और प्रशासन को भी सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ही एसडीइआरएफ का 15 सदस्यीय दल भी मौके पर पहुंच गया। रेस्क्यू टीम रस्सी और जाली लेकर कुएं में उतरी और शवों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस कुएं की सफाई के लिए 8 लोग नीचे उतरे थे, उस कुएं के किनारे एक नाली निकलती है, इस नाली के जरिए गांव का गंदा पानी कुएं में जाता है। जिससे कुआं दलदल में तब्दील हो गया है। इसी दलदल की सफाई के लिए ग्रामीण कुएं में उतरे थे। आशंका जताई जा रही है कि गंदगी के कारण कुएं में जहरीली गैस बन गई, जिससे इन लोगों का दम घुटने लगा।

- **गणगौर विसर्जन के लिए कुंए की सफाई में उतरे थे लोग**
- **गंदगी के कारण कुंए में जहरीली गैस बनने से सभी का घुटा दम**
- **गंदगी के कारण दलदल में तब्दील हो गया था कुंआ**

# रेल यात्रियों का गायब मोबाइल फोन ढूंढ़ निकालेगा रेलवे सुरक्षा बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के खो गए या गायब मोबाइल फोन को ढूंढ़ निकालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने दूरसंचार विभाग से हाथ मिलाया है। इसके तहत आरपीएफ ने दूरसंचार विभाग के सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल के साथ सफल साझेदारी की है। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) में एक पायलट प्रोग्राम की सफलता के बाद यह पहल की गई है। भारतीय रेल द्वारा इस पहल को पूरे भारत में लागू किए जाने के बाद करोड़ों रेल यात्रियों को फायदा मिलेगा। अपना गुम मोबाइल फोन प्राप्त करने के लिए यात्री इसकी रिपोर्टिंग रेल मदद या 139 डायल के जरिए कर सकते हैं। यदि यात्री एफआईआर दर्ज नहीं कराना चाहते तो उन्हें सीईआईआर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराने का भी विकल्प मिलेगा। सीईआईआर पंजीकरण का विकल्प चुनने पर आरपीएफ की जोनल साइबर सेल शिकायत को सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज करेगी और आवश्यक विवरण दर्ज करने के बाद डिवाइस को ब्लॉक करेगी। अगर नई सिम के साथ खोए हुए फोन का पता चलता है, तो डिवाइस के उपयोगकर्ता को निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर लौटाने की सलाह दी जाएगी। इसके बाद मोबाइल का असली उपयोगकर्ता आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपना फोन वापस पा सकता है। अनुपालन न होने की स्थिति में रेलवे सुरक्षा बल एफआईआर दर्ज कर सकता है और मामला जिला पुलिस को भेजा जा सकता है। रिकवरी के बाद, शिकायतकर्ता सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से फोन को अनब्लॉक करने का अनुरोध कर सकता है, जिसमें जरूरत पड़ने पर आरपीएफ से सहायता मिलेगी। सीईआईआर पोर्टल के ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरुआत के मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि ''दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर सीईआईआर पोर्टल को संचालित करने की आरपीएफ की साझेदारी रेलवे सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य यात्रियों को उनके खोए या गायब हुए मोबाइल फोन को पुनः प्राप्त करने के लिए एक पारदर्शी और प्रभावी तंत्र प्रदान करना है।




# टीएसपीसी का एक लाख का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक लाख रुपए के इनामी उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के इस उग्रवादी का नाम जीबलाल यादव है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र तुरीदाग पहाड़ से इनामी टीएसपीसी उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी (ऑपरेशन) राकेश कुमार सिंह नेतृत्व में यह कार्रवाई की गयी। एएसपी (ऑपरेशन) ने गुरूवार को प्रेस कांफ्रेंस करके उग्रवादी जीबलाल यादव की गिरफ्तारी की जानकारी दी। एएसपी ने कहा कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सक्रिय इनामी उग्रवादी जीबलाल यादव उर्फ रमेश यादव उर्फ सुभाष यादव को पुलिस बल ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी कमांडर शशिकांत जी अपने दस्ते के सदस्यों के साथ नावाबाजार थाना के तुरीदाग पहाड़ के आसपास सक्रिय है। इसी सूचना के आधार पर नावाबाजार, छतरपुर और नौडीहा बाजार थाने की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी अभियान शुरू किया गया। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान उसने कहा कि वह टीएसपीसी कमांडर शशिकांत जी के दस्ते का सक्रिय सदस्य है। उसने अपना नाम जीबलाल यादव बताया। एएसपी (अभियान) ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी जीबलाल यादव पर बिहार सरकार ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। गिरफ्तार नक्सली जीबलाल यादव उर्फ रमेश यादव उर्फ सुभाष यादव की उम्र 53 वर्ष है। वह बिहार के गया जिले के भदवर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में गया जिले के हडही गांव में रहता है। उन्होंने कहा कि जीबलाल के पास से टीएसपीसी संगठन का एक लिखित पर्चा, एक पॉकेट डायरी मिली है। डायरी में लेवी का हिसाब, विभिन्न व्यक्तियों के मोबाइल नंबर एवं संगठन से संबंधित अन्य विवरण दर्ज हैं। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी के पास से सैमसंग कंपनी का एक की-पैड मोबाइल (फीचर फोन) और एक एंड्रॉयड फोन भी बरामद हुआ है। जीबलाल यादव कई गंभीर आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहा है।



# एम्स के सीसीयू में भर्ती हुए लालू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के हाथ और कंधे पर घाव होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। बुधवार को देर रात उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। लालू को क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। दिल्ली एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर राकेश यादव ने यह जानकारी दी है। डॉक्टर राकेश यादव ने कहा, 'लालू को अस्पताल के कार्डियो न्यूरो सेंटर की कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनका इलाज कर रही है। गुरुवार को तेजस्वी यादव ने कहा कि 'लालू जी की तबीयत पहले से काफी बेहतर है। डॉक्टरों की निगरानी में एम्स में भर्ती हैं।

# बेटे ने चाकू मारकर की पिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** खगड़िया में बेटे सार्जन यादव ने अपने पिता परमानंद यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं भाई श्रवण कुमार को घायल कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दरअसल उसरी निवासी परमानंद यादव के बेटे सार्जन यादव का अपने छोटे भाई श्रवण यादव से झगड़ा हो गया। झगड़ा, ई-रिक्शा के स्टेपनी को बेचने को लेकर हुआ। सार्जन ने स्मैक पीने के लिए स्टेपनी बेच दिया था। इसी बात पर दोनों भाइयों में बहस शुरू हुई। बहस बढ़ी तो सार्जन ने श्रवण पर चाकू से हमला कर दिया। वह दोबारा चाकू मारने ही वाला था कि पिता परमानंद यादव बीच-बचाव करने पहुंचे। सार्जन ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया।




वहीं गोगरी थाने की पुलिस ने इस मामले में सार्जन यादव को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ में जुट गई है। पूरा मामला खगड़िया के गोगरी थाना अंतर्गत गोगरी जमालपुर का है, जहां परमानंद यादव पोलदार का काम करते थे। वहीं इस मामले को लेकर भागलपुर में पोस्टमार्टम में कराने आए परिजन विमल यादव ने बताया कि स्टेपनी बेचने को लेकर दोनों भाई में बहस हुई। इसके बाद विवाद बढ़ा। उन्होंने बताया कि आरोपित सार्जन नशे का सेवन करता था। उसे नशे की लत थी।

# लैब तकनीशियनों की बहाली पर पटना हाईकोर्ट ने तत्काल लगायी रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की पटना हाईकोर्ट ने लैब तकनीशियनों की बहाली पर तत्काल रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जबाबतलब किया है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग को आगामी 10 अप्रैल 2025 तक जवाबी हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है। जस्टिस हरीश कुमार की एकलपीठ ने विमल प्रकाश सहित छह अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सभी पक्षों को सुनने के बाद बहाली के लिए प्रकाशित विज्ञापन पर रोक लगा दिया। आवेदकों की ओर से अधिवक्ता शिव प्रताप ने कोर्ट को बताया कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने गत 3 मार्च को 2969 लैब तकनीशियन की बहाली के लिए विज्ञापन संख्या 2/25 प्रकाशित किया। उनका कहना था कि 2015 में 1772 लैब तकनीशियन के बहाली के लिए प्रकाशित विज्ञापन में 1162 पदों पर बहाली कर दी गई थी और बचे हुए 610 पद को नये विज्ञापन में शामिल कर दिया गया। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 2015 के विज्ञापन पर यथा स्थिति बरकरार रखने का आदेश दिया है। उनका कहना था कि 2015 के विज्ञापन सवालों के घेरे में है। आयोग ने बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित कर दिया, जो अपने आप में गलत है। इस मामले पर अगली सुनवाई 10अप्रैल 2025 को होगी।




# पबजी खेलेने से रोकने पर युवक ने की खुदकुशी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के अगमकुआं इलाके में बुधवार को पबजी खेलेने से रोकने पर एक युवक ने खुदकुशी कर ली। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। एक साल पहले ही शादी हुई थी। मृतक की पहचान विकास कुमार के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि विकास पहले दिल्ली में काम करता था। कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। पबजी गेम खेलने का शौकीन था। जिसको लेकर पत्नी से अक्सर विवाद होता था। पहले भी खुदकुशी करने की धमकी दे चुका था। पत्नी घर में नहीं थी। चैती छठ में अपने मायके गई थी। खेमनीचक में दोनों किराए के घर में रहते थे। घटना की सूचना पर अगमकुआं पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## पत्नी से विवाद के बाद राजमिस्त्री ने खाई चूहा मारने की दवा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में जेनिथ पेट्रोल पंप के पीछे मोहल्ले में पत्नी से विवाद के बाद मंगलवार की रात एक युवक ने चूहा मारने की दवा खा ली। जानकारी मिलने पर परिजन परेशान हो गए। सूचना पर गश्ती पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार ने युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने उसे एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। फिलहाल युवक खतरे से बाहर बताया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पत्नी से विवाद के बाद चूहा मारने की दवा खाने की बात सामने आई है। बताया गया कि लालबाबू दास साहेबगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह राजमिस्त्री है। पत्नी झाड़ू पोछा का काम करती है। पिछले दो साल से लालबाबू दास काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में अघोरिया बाजार और रामदयालु रोड स्थित मोहल्ले में पत्नी व दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पत्नी के अक्सर फोन पर बात करने को लेकर दोनों के बीच लड़ाई होती है। मंगलवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद लालबाबू दास ने चूहा मारने की दवा खा ली। वहीं, पुलिस की पूछताछ में पत्नी ने बताया कि वह फोन पर अपने मायके बात करती है। इधर, काजीमोहम्मदपुर थानेदार जय प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक का फर्दबयान होने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

## सदर अस्पताल में सीसीयू भवन को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर अस्पताल में बनने वाले क्रिटिकल केयर यूनिट भवन के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने इस बारे में बीएमएसआईसीएल को पत्र भेज दिया है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य आधारभूत योजना से सदर में यह भवन बनेगा। सदर अस्पताल में बनने वाली सीसीयू 100 बेड का होगा। इसे बनाने में 44 करोड़ 50 लाख की राशि खर्च की जाएगी। वर्ष 2022 में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में सीसीयू बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। पुराने एमसीएच भवन को तोड़कर यहां सीसीयू बनाया जाना था। स्वास्थ्य विभाग ने बीएमएसआईसीएल को निर्देश दिया है कि सीसीयू का निर्माण किसी अन्य योजना से नहीं कराएं। इसके अलावा कार्य के भुगतान से पहले भवन का भौतिक सत्यापन कर लिया जाए। सदर में सीसीयू बनने से गंभीर मरीजों को एसकेएमसीएच या दूसरे सेंटर रेफर नहीं किया जाएगा। दिल और दूसरी गंभीर बीमारियों के मरीजों का इलाज सीसीयू में हो सकेगा। अभी मुजफ्फरपुर में सिर्फ एसकेएमसीएच में ही सीसीयू है।

## पटना में सुबह-सुबह लग गई आग, सिलेंडर रिसाव के बाद अगलगी में 4 दुकानें खाक



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में सुबह-सुबह अगलगी की बड़ी घटना हुई है। पटना से सटे दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के गोला रोड मोड़ के पास गुरुवार की सुबह एक चाय दुकान में सिलेंडर रिसाव से आग लग गई। इस अगलगी में चार आसपास की दुकानें जलकर राख हो गई हैं। आग लगने के बाद वहां अफरातफरी की स्थिति बन गई। इस अगलगी की जो तस्वीर सामने आई है उसमें नजर आ रहा है कि आग की लपटें काफी उपर उठ रही हैं। काफी दूर से ही आसमान में उठते काले धुएं को देखा जा सकता था।

# प्रदेश में 32 हजार शिक्षकों को 3 महीने से नहीं मिला वेतन



**पटना, एजेंसी।** बिहार में नियोजित से सरकारी शिक्षक घोषित हुए करीब 32 हजार को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। ये सभी सक्षमता परीक्षा-1 उत्तीर्ण होने के बाद विशिष्ट शिक्षक बने थे। एक जनवरी, 2025 के प्रभाव से इन सभी को नया वेतनमान दिया जाना है। शिक्षा विभाग इसको लेकर जिलों से निरंतर समीक्षा कर रहा है, पर अभी तक शत-प्रतिशत को वेतन नहीं दिया जा सका है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, एक लाख 72 हजार से अधिक शिक्षक सक्षमता परीक्षा-1 उत्तीर्ण होने के बाद विशिष्ट शिक्षक बने हैं। इनमें एक लाख 50 हजार विशिष्ट शिक्षकों के नया वेतन से संबंधित सारी प्रक्रिया पूरी कर वेतन भुगतान का आदेश संबंधित जिलों को दे दिया गया है। इन शिक्षकों का डाटा एचआरएमएस पोर्टल ऑन बोर्डिंग कर दिया गया है। इनमें एक लाख 40 हजार को वेतन का भुगतान भी कर दिया गया है। जिलों को निर्देश है कि सभी को वेतन का भुगतान शीघ्र करें।

### सक्षमता-2 के शिक्षकों के मामले में शीघ्र कार्रवाई का निर्देश

शिक्षा विभाग ने सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण शिक्षकों के वेतन भुगतान से संबंधित कार्रवाई शीघ्र पूरा करने का निर्देश जिलों को दिया है। विभाग ने कहा है कि विशिष्ट शिक्षकों को प्रान नंबर आवंटित करें। इसके बाद ही विशिष्ट शिक्षकों का डाटा एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑन बोर्डिंग करने की कार्रवाई विभाग के स्तर से की जाएगी। सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण शिक्षकों की संख्या 65 हजार है।

एक मार्च को 58 हजार से अधिक नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक का नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। मालूम हो कि सक्षमता परीक्षा-1 में कुल एक लाख 87 हजार नियोजित शिक्षक उत्तीर्ण हुए थे। इसके बाद इनके प्रमाणपत्रों आदि की जांच कर एक लाख 72 हजार से अधिक विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र दिया गया है। अपने ही विद्यालय से ये सभी शिक्षक नये सिरे से सरकारी शिक्षक के रूप में योगदान दिये हैं।



## पटना के महावीर मंदिर में रामनवमी पर बड़ी तैयारी, रात में ही खुल जाएगा गर्भगृह, 12 बजे मुख्य पूजा

**पटना, एजेंसी।** रामनवमी में पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शनिवार की रात दो बजे मंदिर के मुख्य गर्भगृह में जागरण आरती होगी। इसके बाद सवा दो बजे से गर्भगृह का पट भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा, जहां वे दो विग्रहों (महावीर और हनुमान) की पूजा-अर्चना और दर्शन कर सकेंगे। रविवार को 12 बजे मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव पर पुष्पवर्षा होगी। इसके अलावा मंदिर में ध्वज परिवर्तन, जन्मोत्सव आरती, प्रसाद वितरण किया जाएगा। रामनवमी पर मंदिर में दो लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने की उम्मीद मंदिर प्रबंधन को है।

**एलईडी स्क्रीन पर लाइव होगा:** वीर कुंवर सिंह पार्क से लेकर महावीर मंदिर परिसर तक भक्तों को धूप से बचाने के लिए पंडाल बनाया गया है और उसमें पंखा लगाया गया है। इसके अलावा पानी, शर्बत और मोबाइल शौचालय की भी जगह-जगह व्यवस्था की गई है। लाइव दर्शन के लिए वीर कुंवर सिंह पार्क से लेकर मंदिर तक भक्त मार्ग और मंदिर परिसर तक कुल 14 बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं।

**दोपहर 12 बजे होगी मुख्य पूजा :** रामनवमी के दिन रविवार को मुख्य ध्वज स्थल पर सुबह 12 बजे से पूजन प्रारंभ होगा। पूजा के बाद आरती होगी। इसके बाद पुष्प वर्षा होगी। मध्याह्न 11.50 से 12 तक भगवान राम का जन्मोत्सव होगा। मंदिर की ओर से प्रकाशित हनुमान चालिसा की दो लाख प्रतियां वितरित की जाएंगी।




## दुष्कर्म के फरार आरोपी को 9 दिन में दबोचा: किशनगंज के घर से गिरफ्तार

### एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में एससी-एसटी थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म और एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी बाबूलाल कर्मकार को गिरफ्तार कर लिया है। कांड दर्ज होने के मात्र 9 दिनों के भीतर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

**गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी**

एससी-एसटी थानाध्यक्ष दीपू कुमार ने बताया कि आरोपी बाबूलाल कर्मकार को उसके घर से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। पीड़िता ने 21 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसमें आरोपी पर दुष्कर्म करने और पीड़िता के पिता के साथ अभद्र व्यवहार करने, जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया गया था।

**इस तरह दिया गया घटना को अंजाम**

प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी व्यक्ति पीड़िता के गांव में आता-जाता था और पीड़िता के विरोध करने के बावजूद उसे अकेला देखकर परेशान करता था। 10 फरवरी को जब वह अपने घर में काम कर रही थी। तभी आरोपी जबरन घर में घुस आया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

दुष्कर्म की शिकार पीड़िता न्याय के लिए एससी-एसटी थाना पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। मंगलवार की रात पुलिस को आरोपी के घर पर मौजूद होने की सूचना मिली, जिसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। एससी-एसटी थानाध्यक्ष दीपू कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी सबूतों को एकत्र किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अनंत सिंह पर गोलियां बरसाने वाले विवेका पहलवान की मौत

## बाहुबली पर हमले के लिए हुई थी 10 साल की सजा, गैंगवार में दोनों ने खोए रिश्तेदार

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मशहूर पहलवान %बिहार केसरी% विवेकानंद सिंह (70) का निधन हो गया। उन्होंने पटना के आरोग्य अस्पताल में 2 अप्रैल की देर रात अंतिम सांस ली। विवेका पहलवान के नाम से जाने जानेवाले विवेकानंद सिंह को 27 मार्च को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अंतिम संस्कार बाढ़ के उमानाथ सती स्थान में होगा। अनंत सिंह के एक्स पर विवेका पहलवान के निधन के बाद शोक व्यक्त किया गया है। विवेका पहलवान और मोकामा बाहुबली अनंत सिंह की दुश्मनी किसी से छिपी नहीं थी। विवेका पहलवान ने मोकामा में अनंत सिंह को खुली चुनौती दी थी। 2004 में अनंत सिंह पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसका आरोप विवेका पहलवान पर लगा था। बाद में इस केस में उन्हें 10 साल की सजा हुई थी।

### 6 दिन अस्पताल में भर्ती रहे थे अनंत सिंह

अनंत सिंह और विवेका पहलवान रिश्तेदार थे, लेकिन नदमा गांव 2004 में अनंत सिंह के घर पर ताबड़तोड़ गोलियां चली थीं। बताया जाता है



कि अनंत सिंह अपने साथियों के साथ छत पर सोए थे। तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। इस हमले में अनंत सिंह को गोली पीठ में लगी और वो सीने तक पहुंच गई थी। अनंत सिंह के भाई दिलीप सिंह बाहुबली को आनन-फानन में पटना लेकर पहुंचे थे। खजांची रोड के आलोक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। अनंत सिंह का ऑपरेशन करना था, लेकिन ऑपरेशन से पहले अस्पताल में फोन से धमकी दी गई थी। कहा गया अगर अनंत का ऑपरेशन हुआ तो सबको मार दिया जाएगा। अनंत के भाई दिलीप सिंह ने अपने देख रेख में ऑपरेशन कराया था। अनंत सिंह इस दौरान 6 दिन अस्पताल में भर्ती रहे थे। हमले का सारा आरोप विवेका पहलवान पर लगा था। इस मामले में विवेका पहलवान को 10 साल की सजा हुई थी।

### गैंगवार में दोनों ने अपने रिश्तेदारों को खोया

बताया जाता है कि दोनों के बीच हुए गैंगवार में दोनों ने अपने करीबियों को खोया। अनंत सिंह के बड़े भाई फाजो सिंह और विरंची सिंह की हत्या गैंगवार में हुई। विवेका पहलवान के भाई संजय सिंह की भी हत्या गैंगवार में ही हुई थी। अनंत सिंह के भाई विरंची सिंह की जब हत्या हुई तो दोनों गुटों में गैंगवार और बढ़ गया। 1995 के विधानसभा चुनाव में अनंत सिंह के घर पर हमला हुआ था जिसमें अंधाधुन गोलीबारी दोनों तरफ से हुई थी। अनंत सिंह के बहनोई की भी मौत हो गई थी।

### नीलम देवी की विवेका पहलवान ने की थी मदद

बाद के दिनों में अनंत सिंह और विवेका पहलवान के बीच सुलह हो गई थी। एके 47 मामले में जब अनंत सिंह जेल गए और विधायकी खत्म हुई तो मोकामा में विधान सभा का उपचुनाव हुआ, अनंत ने अपनी पत्नी नीलम देवी को उपचुनाव में खड़ा करवाया। उस चुनाव में विवेका पहलवान ने अनंत सिंह की मदद की थी और नीलम देवी चुनाव जीत गई थीं।

## दानापुर मंडल के हाल्ट पर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव बढ़ा

**नालंदा, एजेंसी।** दानापुर मंडल के चम्पापुर हाल्ट, सालिमपुर बिहार हाल्ट एवं करौटा स्टेशन पर दिये गये विभिन्न ट्रेनों का अस्थायी ठहराव 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दानापुर मंडल के पटना-बख्तियापुर रेलखंड पर स्थित चम्पापुर हाल्ट, सालिमपुर बिहार हाल्ट एवं करौटा स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों के दिये गये अस्थायी ठहराव को 30 अप्रैल, 2025 तक बढ़ाया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. चम्पापुर हाल्ट - गाड़ी सं. 63207/63212 झाझा-पटना-झाझा मेमू, 13207/13208 जसीडीह-पटना-जसीडीह एक्सप्रेस एवं 53227 मोकामा-पटना पैसेंजर का अस्थायी ठहराव ।

2. सालिमपुर बिहार - गाड़ी सं. 63209 देवघर-पटना मेमू एवं 63212 पटना-झाझा मेमू का अस्थायी ठहराव ।



## भोजपुर में तीन भाइयों की बेहरमी से पिटाई : मिठाई के दुकान से गल्ला लेकर

**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव में मिठाई की दुकान पर पैसे से भरा बक्सा (गल्ला) छिनने के विवाद को लेकर तीन भाइयों को बदमाशों ने छनौटा,लाठी-डंडा से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और तीनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी स्व. धर्म दयाल यादव के तीन बेटे सुमंत कुमार (35),आदित्य कुमार (32) और मुकेश कुमार यादव (30) शामिल हैं। इधर, घटना की जानकारी देते हुए जख्मियों के चाचा बंशी यादव ने बताया कि मेरे भतीजे बहिरो लख के पास मिठाई का दुकान कई वर्षों से चलाते है।

## पत्थर बरसाए फिर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को ले गए, बिहार में पुलिस पर फिर हमला



**पटना, एजेंसी।** बिहार में पुलिस पर हमले नहीं रुक रहे हैं। जहानाबाद के शकूराबाद थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर गाड़ी को छुड़ाकर ले भागने में सफल रहे मिली जानकारी के अनुसार डायल 112 नंबर की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इब्राहिमपुर नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर एक ट्रैक्टर जा रही है। सूचना पर 112 की पुलिस घटनास्थल पर जैसे ही पहुंची पुलिस की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेर कर ट्रैक्टर जैसे ही पकड़ने के लिए आगे बढ़ी अपने को पुलिस से घिरा देख ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। हालांकि, बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर जब पुलिस थाने लाने के लिए प्रयास कर रही थी तभी ट्रैक्टर मालिक निरंजन सिंह संजय कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई तथा ग्रामीणों ने पुलिस के साथ गाली गलौज व नोंक झोंक करने लगे। हालांकि, एक ही गाड़ी से पुलिस टीम रहने के कारण ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए और पुलिस बल बुलाने के लिए थाने को सूचना किया थाने से अतिरिक्त बल वहां पहुंचने के पहले ट्रैक्टर मालिक के द्वारा ट्रैक्टर को वहां से ले भगाकर छिपा दिया गया।

# पासवान फैमिली में 90 बीघा जमीन-मकान को लेकर घमासान

### बेटी बोली-50 साल से मां रह रही, पिता की मौत के बाद चाचा चाहते हैं हिस्सा

**पटना, एजेंसी।** पार्टी में दो फाड़ होने के करीब साढ़े 3 साल बाद पासवान फैमिली में अब संपत्ति पर विवाद शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव से पहले एक बार दिवंगत रामविलास पासवान की फैमिली सुर्खियो में है। इस बार मामला उनकी पैतृक संपत्ति पर कब्जे का है। मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया है। दिवंगत रामविलास की पहली पत्नी राजकुमारी देवी ने देवरानी पशुपति पारस की पत्नी शोभा देवी और स्व. रामचंद्र पासवान की पत्नी सुनैना देवी पर मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। खगड़िया के अलौली थाना में एफआईआर भी दर्ज कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वहीं बिहार भ्रमण पर निकले पशुपति पारस ने इसे पूरे मामले को पॉलिटिकल माइलेज लेने के लिए एक ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा, 'ये पूरा मामला जमीन बंटवारे का है।' चिराग पासवान फिलहाल दिल्ली में हैं और उन्होंने इस प्रकरण पर किसी तरह का कोई बयान नहीं दिया है। वे अपनी पार्टी के नेताओं के माध्यम से पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं। अपनी बड़ी बहन को उन्होंने पटना से मां के पास गांव भेजा है।

**पहले जमीन पर कब्जा किया, अब घर से बेदखल करना चाहते हैं :** रामविलास पासवान और उनकी पहली पत्नी की बड़ी बेटी आशा देवी ने बताया, 'जब तक पिता रामविलास पासवान थे, सबकुछ सही चल रहा था। किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। गांव शहरबन्नी के माकान और करीब 90 बीघा पुस्तैनी जमीन की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी मां राजकुमारी देवी ही करती थी।'

उन्होंने बताया, 'पिछले 50 साल से इसकी कस्टोडियन मां ही थी। उनके अलावा कोई गांव के घर में नहीं रहता था। परिवार के बाकी लोग खगड़िया, पटना या फिर दिल्ली रहते थे। किसी



खास मौके पर घंटा- दो घंटा के लिए आते थे। इसके बाद निकल जाते थे।' 'पिता की मौत के बाद ही परिवार का रुख बदल गया। सबसे पहले इन्होंने बिना बंटवारे के ही सारी जमीन पर कब्जा कर लिया। पहले उससे जितना पैदावर होता था उसका हिसाब मां के पास आता था लेकिन 2-3 साल पहले अचानक ये सब चाचा ने अपने कब्जे में लिया।% अब ये लोग घर पर भी कब्जा करना चाहते हैं। दो मंजिला मकान में कुल 5 कमरे हैं। इनमें 3 कमरा नीचे और 2 कमरा ऊपर है। ऊपर का कमरा ज्यादा अच्छा है। मां उसी कमरे में रहती हैं। ये लोग उसी कमरे पर कब्जा जमाना चाहते हैं। यही विवाद का कारण है।

**शहरबन्नी, खगड़िया, पटना और दिल्ली की जमीन में हिस्सा चाहिए :** बुधवार को रामविलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी ने शहरबन्नी स्थित पैतृक आवास पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि शहरबन्नी, चातर, खगड़िया, पटना और दिल्ली में जो जमीन है, उसका कागजी बंटवारा कर लिया जाए। हमें कोई आपत्ति नहीं है। छह साल पहले दोनों पक्षों ने गांव की 50 बीघा जमीन अपने कब्जे में ली थी। हमने तब भी विरोध नहीं किया। राजकुमारी ने कहा कि मेरे साथ जो घटना हुई, उसे पारस गुट के लोग राजनीतिक रंग दे रहे हैं। मीडिया में झूठ फैलाया जा रहा है। रामविलास पासवान के निधन के बाद से चिराग पासवान ही हमारी देखभाल कर रहे हैं। कई बार उन्होंने पैसे भी भेजे। पहली बार जब पैसे भेजे, तो दिल भर आया था। अब तबीयत में सुधार है। तीन दिन बाद आज खाना खाए हैं। पैतृक संपत्ति में 30 बीघा जमीन मेरी दोनों गोतनी (शोभा देवी, सुनैना देवी) के पास है और 20 बीघा मेरे पास। अब मुझे शहरबन्नी, खगड़िया, पटना और दिल्ली की संपत्ति में हिस्सा चाहिए। यह घर तीनों भाइयों ने मिलकर बनाया है। खेत और बाकी संपत्ति में भी हमें हिस्सा चाहिए।

**विवाद क्यों हुआ :** आशा ने बताया, 'हर बार की तरह दोनों चाची शोभा देवी और सुनैना देवी शहरबन्नी गांव आई। उनके खाने और रहने की व्यवस्था मां रामकुमारी देवी ने ही की। शाम में जब वे निकलने लगीं तो दोनों ने उनके कपड़े, दवाइयां और जरूरी सामान कमरे से निकाल कर उसमें ताला जड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'घर में उनका भी अधिकार है। आप नीचे के तीन कमरे में रहिए। ये दो कमरों पर अब हमारा कब्जा रहेगा। 75 वर्षीय राजकुमारी देवी इसी कमरे में रहती थी।

### वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद मां के पास आएंगे चिराग

इस पूरे मामले में चिराग पासवान अभी तक खामोश हैं।उनका एक भी बयान सामने नहीं आया है।उनके बहनोई मृणाल शेखर पासवान ने बताया, 'घटना की जानकारी मिलने के बाद उनका फोन आया।तुरंत भगिना को उन्होंने नानी के पास भेजा।पूरे मामले की जानकारी ली। वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद वे मां से मिलने के लिए शहरबन्नी आएंगे।'

### पारस के प्रवक्ता ने कहा, चिराग ड्रामा कर रहे हैं

वहीं, इस पूरे मामले पर अपना पक्ष रखने के लिए पशुपति पारस ने रालोजपा के प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल को आगे किया है।उन्होंने कहा, 'पारिवारिक मामले को राजनीतिक लाभ लेने के लिए तूल दिया जा रहा है।आज तक शहरबन्नी में पुलिस रामविलास पासवान के घर की सुरक्षा के लिए पहुंचती थी।चिराग पासवान ने उसी घर में पुलिस को घुसा दिया।14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के मौके पर पटना में पशुपति पारस के कार्यक्रम को असफल करने के लिए ये साजिश रची जा रही है।'

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 03-04-2025 22:08 Page 1



# ऑक्सीजन सिलेंडर के सहारे कोर्ट रुम पहुंचे मरीज

## अदालत में लोगों ने जताई हैरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सिविल कोर्ट में गुरुवार को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। जब 60 वर्षीय मरीज ऑक्सीजन सिलेंडर के सहारे अदालत पहुंचा। मरीज की पहचान बबरगंज थाना क्षेत्र के निवासी दिनेश चंद्र के रूप में हुई है, जो गंभीर सांस की समस्या से जूझ रहे हैं।

दिनेश चंद्र लंबे समय से इस बीमारी का इलाज करवा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पटना में भी इलाज कराया था। लेकिन उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। बावजूद इसके, उनके वकील ने अदालत में हाजिर होने की जरूरत बताई, जिससे मजबूर होकर वह ऑक्सीजन सिलेंडर के सहारे कोर्ट पहुंचे।

परिवारिक विवाद के चलते दिनेश को अदालत में पेश होना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, दो साल पहले दिनेश अपने बेटे की शादी कर रहे थे, जिसका उनके भाई विनोद ने विरोध किया था। विवाद बढ़ने पर हाथापाई हुई, जिसमें दिनेश की भाभी अर्चना को धक्का लगने से चोट आई और उनका हाथ टूट गया। इसके बाद विनोद ने दिनेश के खिलाफ केस दर्ज कराया, जिसके चलते उन्हें कोर्ट में पेश होना पड़ा।

अदालत परिसर में ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ पहुंचे बुजुर्ग मरीज को देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। यह घटना न्यायिक प्रक्रिया में लोगों की मजबूरी और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की अनदेखी को उजागर करती है। दिनेश चंद्र ने अदालत से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें उनके भाई और भाभी ने झूठे मामले में फंसाया है। इस घटना ने न्यायिक प्रक्रिया और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच तालमेल को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा किया है।

# छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** चार दिवसीय चैती छठ का आज तीसरा दिन है। शाम होने पर श्रद्धालु नदी और तालाब पर जाकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। पटना समेत सभी जिलों में छठ घाट पर वर्ती अर्घ्य दिया। दोपहर से पटना समेत पूरे बिहार के छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों की ओर से पटना की सड़कों को धोया गया। वहीं हर गली-सड़कों पर बिहार कोकिला स्व. शारदा सिन्हा के छठ गीत बज रहे हैं। आज चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि है। षष्ठी तिथि आज रात 9 बजकर 42 मिनट तक रहेगी। आज सूर्योदय सुबह 6:09 बजे और सूर्यास्त शाम 6:39 बजे निर्धारित है। इस दिन भक्त कमर तक पानी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इससे शुभ परिणामों की प्राप्ति होती हैं।



छठ पर्व की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन नहाय खाय से होती है। पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उगते सूर्य सप्तमी को अर्घ्य देकर व्रत समाप्त होता है। इस चार दिवसीय त्योहार में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत करना बहुत कठिन माना जाता है क्योंकि इस व्रत को कठोर नियमों के अनुसार 36 घंटे तक रखा जाता है। मंगलवार को नहाय खाय के शुरू हुए चैती छठ का आज तीसरा दिन है। इससे पहले बुधवार शाम को खरना का महाप्रसाद खाकर व्रतियों ने 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत की। है। इस चार दिवसीय त्योहार में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत करना बहुत कठिन माना जाता है क्योंकि इस व्रत को कठोर नियमों के अनुसार 36 घंटे तक रखा जाता है। हालांकि, कार्तिक महीने का छठ जिस तरह लगभग हर बिहारी घरों में होता है, उस तरह चैती छठ नहीं होता है; इसके बावजूद ज्यादातर लोग लोक आस्था के इस महापर्व पर चैत्र महीने में भी पूजन स्थलों पर जाते हैं।

वहीं चैती छठ को लेकर पटना जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। एसडीओ सत्यम सहाय और एएसपी अतुलेश झा ने विभिन्न घाटों पर तैयारियों का जायजा लिया। इधर, चैती छठ को लेकर अशोक राजपथ पर कारगिल चौक से दीदारगंज तक आम वाहन नहीं चल रहे हैं। जेपी गंगा पथ और अटल पथ पर भी वाहनों के परिचालन पर रोक लगी है। पर्व को लेकर तीन और चार मार्च को सात-सात घंटे तक कुछ मार्ग पर वाहनों के प्रवेश पर रोक है। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि 60 जगहों पर 125 यातायात पुलिस पदाधिकारी और कर्मी के अलावा 350 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। तीन मार्च दोपहर 12 बजे से शाम सात बजे और चार मार्च को आधी रात दो बजे से सुबह आठ बजे तक कारगिल चौक से दीदारगंज तक अशोक राजपथ पर आम वाहन का परिचालन नहीं होगा। वहीं अटल पथ से जेपी सेतु से सोनपुर की ओर सामान्य वाहनों के परिचालन पर रोक लगायी गई है। अटल पथ पर दीघा से आर ब्लॉक की तरफ वाहन नहीं चल रहे हैं।

# पारित बिल ने बढ़ायी वक्फ बोर्ड की टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पारित हो गया है। इसके लागू होने के बाद वक्फ की संपत्ति पर सरकारी नियंत्रण लगने वाला है। निर्धारित बिल के अनुसार, इसकी देखरेख के लिए नई व्यवस्था आने वाली है। इसका असर बड़े पैमाने पर पड़ने वाला है।

जहां तक पश्चिम चंपारण जिले में वक्फ की जमीन एवं संपत्तियों का सवाल है, तो यहां 350 एकड़ से अधिक वक्फ बोर्ड की जमीन है। इसके अलावा, कई जगह इसकी दुकानें एवं भवन हैं, जहां शैक्षणिक संस्थाएं संचालित हो रही हैं। सर्वाधिक वक्फ की संपत्ति जिला मुख्यालय बेतिया, रामनगर एवं चनपटिया में है।

इसमें केवल बेतिया में शैक्षणिक संस्था की बात करें, तो राजकीय अमना उर्दू उच्च विद्यालय वक्फ बोर्ड की जमीन पर संचालित हो रही है। इसके अलावा, मुख्य बाजार जंगी मस्जिद, खुदा बख्श चौक, इंदिरा चौक की कई दुकानें वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। गुलाब मेमोरियरल कॉलेज सुनी वक्फ बोर्ड की संपत्ति है।

योगापट्टी के चमैनिया बाजार में वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। इसी तरह, रामनगर एवं चनपटिया मे तीन दर्जन से अधिक दुकानें वक्फ बोर्ड की हैं। कर्बला की जमीन वक्फ बोर्ड की है। कई जगह खेतिहर जमीन वक्फ बोर्ड की है और अतिक्रमित है, जो लीज या रेंट पर है, उसका नियमित रूप से रेंट नहीं मिल रहा है।

वक्फ बोर्ड की जमीन पर न्यायालयों में चल रहे हैं। इसमें पटना ट्रिब्यूनल में केवल बेतिया से जुड़े वक्फ बोर्ड की जमीन एवं मकान के मामले शामिल हैं। इसमें यूसूफ मिस्त्री वक्फ इस्टेट 983 के दो-दो मकान इंदिरा चोक पर है। इसके अलावा, नगर के बड़ी मस्जिद के पास एक जमीन का मामला पटना ट्रिब्यूनल में चल रहा है। ऑल इंडिया कौमी तंजीम के जिलाध्यक्ष सह एनसीपी एसपी के संस्थापक सदस्य बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. परवेज आलम ने एक बयान जारी कर कहा है कि वक्फ संशोधन बिल इस्लाम विरोधी है।

# बहु ने प्रेमी के साथ मिलकर की सास की हत्या, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** काजीपुर थाना की पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में पुत्र वधु और प्रेमी को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

दोनों को थाने पर लाकर पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। गिरफ्तार की गई महिला का प्रेमी पूर्वी चम्पारण जिला निवासी मिलन कुमार बताया गया है। यह जानकारी सदर वन एसडीपीओ ओमप्रकाश ने प्रेस वार्ता कर दी।

उन्होंने कहा कि पुछताछ के दौरान महिला ने बताया कि अपने प्रेमी के साथ मिलकर रस्सी से गला दबाकर हत्या की है। प्रेमी का महिला के साथ पूर्व से संबंध और सम्पर्क रहा है। एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि बीते मंगलवार को काजीपुर थानांतर्गत ग्राम-दौलतपुर चांदी बिटोलिया मठ निवासी महिला का शव घर के पीछे मिला।

जिसके संबंध में मृतक महिला के पति से पूछने पर उन्होंने बताया कि पत्नी की हत्या उनकी ही बहु के द्वारा की गई और शव को घर के पीछे छुपा दिया गया था। इस संदर्भ में काजीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए काजीपुर थाना पुलिस द्वारा बहु को अभिरक्षा में लेकर अनुसंधान प्रारंभ की।

अनुसंधान के क्रम में पाया गया की बहु ने अपने प्रेमी मिलन कुमार के साथ मिलकर सास की हत्या कर दी। प्रेमी मिलन कुमार से शादी के पूर्व से ही संबंध रहा है और घटना के एक रात पहले से ही वह अपने प्रेमिका के घर पर ही था।

काजीपुर थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर घटना में शामिल दोनों अभियुक्त महिला एवं उसके प्रेमी मिलन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।गौरतलब हो कि महिला की हत्या के मामले में पति ने बहु सहित अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थाने में प्राथमिकी के अनुसार बताया गया है कि बीते मंगलवार की सुबह करीब दस बजे गांव में गए थे और थोड़ी देर बाद अपने घर लौटे और अपनी पत्नी की खोजबीन की और अपनी बहु से भी पूछा की मेरी पत्नी कहां है।

बहु द्वारा यह कहा गया कि मम्मी को एक बाइक पर सवार दो लोग आए थे, जिसपर एक महिला भी थी, उन्हें बुलाकर ले गई हैं। काफी देर बाद जब मेरी पत्नी घर में नहीं दिखी तो मैंने चारों तरफ खोजबीन शुरू कर दिया। जिसके बाद मैंने काजीपुर थाना अध्यक्ष को फोन किया।

सूचना पर थाना की पुलिस आई काफी खोजबीन किया, लेकिन मेरी पत्नी का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस के चले जाने के बाद तकरीब साढ़े चार और पांच बजे के बीच मेरी पत्नी का शव घर के पीछे बाउंड्री के अंदर मिला, जो कि खून से लथपथ थी और शरीर में कई जगहों से खून भी निकल रहा था।

मेरे घर के मुख्य दरवाजा से लेकर पीछे तक खून का निशान और शव को घसीटने का भी निसान है।

## आपत्तिजनक स्थिति में धराया युवक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** मधेपुरा में बुधवार रात ग्रामीणों ने एक विवाहित महिला को एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। रातभर हंगामे के बाद गुरुवार सुबह पंचायत बैठी। जिसमें महिला और युवक ने शादी करने की इच्छा जताई। पंचायत के फैसले के बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की है।

महिला के ससुर ने सिंहेश्वर थाना में आवेदन दिया। इसमें उन्होंने बताया कि शंकरपुर थाना क्षेत्र के मौरा कवियाही निवासी युवक एक अप्रैल से उनके घर पर रह रहा था और उनकी बहू के साथ गलत संबंध बना रहा था। बुधवार रात ग्रामीणों ने दोनों को संदिग्ध स्थिति में पकड़ लिया, जिसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। गुस्साए ग्रामीणों ने युवक की मारपीट भी की। हंगामे के बीच रात में ही महिला और युवक ने शादी करने की इच्छा जताई। जिसका वीडियो भी ग्रामीणों ने बना लिया। महिला का उम्र करीब 45 और युवक का उम्र 24 वर्ष है।

# 'आप' कार्यकर्ताओं ने शुरू की पदयात्रा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार से समस्तीपुर में केजरीवाल पद यात्रा शुरू की। पद यात्रा का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश यादव ने किया। इससे पूर्व पद यात्रा की शुरूआत शहर के धुरलख गांव से हुई। जहां पद यात्रा में शामिल लोगों ने आम लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह से केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में आम लोगों के लिए काम किया, शिक्षा के क्षेत्र में, सड़क के क्षेत्र में काम किए गए। इस तरह का काम इन दिनों पंजाब में किए जा रहे हैं। अगर बिहार में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो उसी तर्ज पर बिहार में भी काम किया जाएगा। ताकि बिहार में शिक्षा का स्तर बेहतर बने।

पदयात्रा में शामिल लोग विभिन्न मार्ग से होते हुए शहर के अंबेडकर और कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उन्हें माल्यार्पण किया। इसके बाद पद यात्रा में शामिल लोग ओवरब्रिज होते हुए शहर के स्टेशन चौराहा स्थित गांधी स्मारक स्थल पर गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पद यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए रोसड़ा पहुंची। जहां से बेगूसराय में प्रवेश कर गए।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस बार पद यात्रा का उद्देश्य आम लोगों को केजरीवाल सरकार और पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को आम लोगों को बताना है। लोगों को यह जानकारी देनी है कि किस तरह से केजरीवाल सरकार ने आम लोगों के लिए काम किया।

# एटीमएम में लगी आग, अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जंक्शन स्थित टिकट बुकिंग कार्यालय के बाहरी हिस्से में लगी हिताची कंपनी की एटीएम मशीन में अचानक आग लग गई।

वहां मौजूद यात्रियों और रेलकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए रेलवे के संसाधन नाकाफी साबित हुए, जिसके बाद रेल प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी।

महज पांच मिनट के अंदर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे एटीएम में रखे नोट जलने से बच गए।

रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात लगभग साढ़े 12 बजे के बाद एक यात्री जब एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा तो उसने मशीन से धुआं उठते देखा। स्थिति को भांपते हुए उसने रेलवे थाना जाकर सूचना दी। रेलवे थाना में ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक बीरेंद्र प्रसाद ने टिकट बुकिंग कार्यालय को आग की सूचना दी।

शीघ्र ही वरिष्ठ रेलकर्मी रामजी सिंह अपने सहयोगी के साथ अग्निशमन यंत्र लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन रेलवे के चार अग्निशमन सिलेंडर भी आग पर काबू नहीं पा सके। इस बीच रेलवे पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। फायर ब्रिगेड की टीम तीन से चार मिनट के अंदर मौके पर पहुंची और अपनी मुस्तैदी से आग को फैलने से रोक दिया।

फायर बिग्रेड के पदाधिकारी के अनुसार सूचना मिलते ही हमारी टीम तीन से चार मिनट में पहुंच गई और तुरंत ही आग पर काबू पा लिया गया। एटीएम में रखे सभी नोट सुरक्षित हैं।

हालांकि मौके पर एटीएम कंपनी का कोई कर्मचारी या गार्ड नहीं मिला। खबर लिखे जाने तक आग कैसे लगी सही कारणों का पता अब तक नहीं चल सका है। फिलहाल रेल प्रशासन आग कैसे लगी, उसे पता लगाने में जुटी है।

# अपराधियों ने घर में घुसकर डाककर्मी को मारी गोली

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा में अलीनगर थाना क्षेत्र के दसौथ गांव में दो बाइक सवार तीन अपराधियों ने घर मे घुसकर डाककर्मी को गोली मार दी है। बताया जाता है अपराधियों ने डाककर्मी पर तीन गोलियां दागी, लेकिन दो गोली मिस फायर हो गई जबकि एक गोली डाककर्मी के पेट मे लगी है। घायल कर्मी को परिजनों ने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है। घटना की सूचना मिलते अलीनगर थाना सहित बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार भी मौके पर पहुँचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली है। वहीं थाना की पुलिस ने तत्काल सीसीटीवी फुटेज की जांचकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि देर शाम दो बाइक सवार तीन अपराधी कृष्णकांत झा के घर पहुँचकर गोली बारी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है अपराधियों ने डाककर्मी पर तीन गोली चलाई है पहली गोली पेट मे जाकर लगी जबकि बाकी दो गोली मिस फायर हो गई। गोली लगते ही वह जख्मी हो गया। गम्भीर हालत में भी उसने अपराधियों को पकड़ने की काफी कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल हो गया। घायल डाककर्मी को अलीनगर पीएचसी में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक बताते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया है।

इस संबंध में बेनीपुर के एसडीपीओ आशुतोश कुमार ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही घायल डाककर्मी को इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। हालांकि पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# दहशत कायम कर व्यापारियों से रंगदारी मांगने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार में मोतिहारी के भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र स्थित घोड़ासहन शहर के तीन बड़े व्यवसायियों से अपराधियों ने पांच-पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगकर शहर में एक बार फिर से दहशत फैला दिया है। लाल सलाम कर रंगदारी की मांग सभी दुकानदारों से की गई है। अपराधियों ने मिशन 2.0 के तहत पैसों की मांग की है। साथ ही पैसा नहीं देने पर उनके व्यवसाय को धराशाई कर देने और पुलिस प्रसाशन से दूर रहने की धमकी भी दी है।

मामला सीमावर्ती क्षेत्र में रंगदारी से जुड़े होने और नक्सलियों के फिर से एक्टिव मोड में आने के कारण पुलिस अलर्ट मोड में आई है और देर रात ताबड़तोड़ छापेमारी करती रही। घोड़ासहन थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय ने बताया, शहर के बाजार निवासी

## फोन नम्बर के आधार पर दबोचा गया अपराधी

रेडीमेड के थोक व्यवसायी पन्नालाल शाह, कपड़ा दुकानदार रामबाबू शाह तथा मेन रोड स्थित हिंद किराना स्टोर के संचालक इंतखाब से मैसेज और कॉल कर अपराधियों ने पांच-पांच लाख की फिरौती मांगी है।

दुकानदारों द्वारा दिए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में फोन नंबर के आधार पर एक सरकारी शिक्षक साहब आलम और उसके भाई को हिरासत में लिया गया था। कड़ी पूछताछ करने और टेक्नीकल सेल की पुलिस के द्वारा पूछताछ के आधार पर व्यक्ति को जेल भेजा जा रहा है। कुछ मोबाइल फोन को भी बरामद किया गया है। सभी की जांच चल रही है। विभिन्न बिन्दुओं पर मामले की जांच चल रही है।

इस संबंध में सिकरहना एसडीपीओ ने बताया कि तीन दुकानदारों से रंगदारी मांगी गई थी। मामले में दो भाइयों को हिरासत में लिया गया था, जिसमें एक भाई साहब आलम सरकारी शिक्षक को जेल भेजा जा रहा है। रंगदारी के लिए भेजे गए मैसेज में लाल सलाम का जिक्र है एवं शिक्षक के पिता भी पूर्व में कम्युनिस्ट के नेता रहे हैं। पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है।

## मां सहित पांच बच्चों ने खाया जहर

**बेगूसराय।** जिले में हृदय विदारक घटना घटित हुई है। जहां एक ही परिवार के पांच लोग कीटनाशक दवा खा लिए। बताया जाता है कि जितेंद्र मंडल की पत्नी ललिता देवी और बच्चे मनीष, अमित, काजल व चांदनी ने कीटनाशक दवा खाई है।

गंभीर स्थिति को देखते हुए एक ई-रिक्शा चालक ने पूरे परिवार को जमालपुर प्रथामिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्तपताल में भर्ती कराया गया। जहां सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर रमन कुमार और चिकित्सक हर्षवर्धन ने इलाज किया।

वहीं, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने बताया कि एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक की दवा खाई, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इसमें घर की सदस्य महिला ललिता देवी और उसके तीन बच्चे मनीष, अमित और काजल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, छोटी बच्ची चांदनी की स्थिति ठीक है।

उपाधीक्षक ने बताया कि इस परिवार के कोई सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचे हैं और ये सभी कहां के रहने वाले हैं, पता नहीं है।

# पिपरिया अंचल के सीओ की कार्यप्रणाली पर विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** जिले के पिपरिया अंचल में वर्ष 2017-18 से 2024-24 समाप्ति तक दाखिल खारिज के कुल 2,966 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें सीओ द्वारा मात्र 1360 आवेदनों का निष्पादन किया। 1,562 आवेदनों को कतिपय कारणों से रद कर दिया गया। यानी सीओ ने रैयतों के प्राप्त आवेदन के निष्पादन से अधिक आवेदन को रद्द कर दिया।

विभाग ने इसे काफी गंभीरता से लिया है। बताया जाता है रैयतों द्वारा वैध कागजात आवेदन के साथ नहीं देने एवं अन्य कतिपय कारणों से आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाता है।

पिपरिया सीओ के अनुसार, मात्र 44 आवेदन लंबित है जिसमें छह आवेदन का 35 दिन से अधिक समय बीत गया है और 22 ऐसे आवेदन हैं जिनकी अवधि 75 दिन से अधिक हो गई है।सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राजस्व सेवाओं का निरंतर अनुश्रवण एवं समीक्षा मुख्यालय स्तर से की जा रही है। जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने भी अपने एजेंडे में राजस्व विभाग को रखा है।

जिले की खराब रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य शुरू किया है, लेकिन इससे पहले विभाग के मंत्री संजय सरावगी द्वारा राज्य स्तर पर सभी जिलों के अंचलवार दाखिल खारिज की प्रगति की समीक्षा में लखीसराय जिले के पिपरिया अंचल राज्य में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अंचल में टॉप में शामिल है।

विभागीय मंत्री ने खराब प्रदर्शन करने वाले सीओ के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जबकि जिले के हलसी अंचल की महिला सीओ का प्रदर्शन बेहतर रहा है। राज्य स्तर पर दाखिल खारिज मामलों के निष्पादन में हलसी चौथे स्थान पर रहा, जबकि बड़हिया अंचल का नौवां स्थान रहा। जिले के बाकी अंचलों की प्रगति काफी धीमा पाई गई। विभाग ने दाखिल खारिज के प्राप्त आवेदनों के आधार पर उसके निष्पादन और रद आवेदनों की समीक्षा के आधार पर प्रगति रिपोर्ट जारी की है।

# दो मंजिला मकान ने लोजपा में लिया राजनीतिक रंग

## राजकुमारी देवी के में घर लगा दिया था ताला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** शहरबन्नी स्थित एक दो मंजिला मकान को लेकर शुरू हुआ पासवान परिवार (चिराग पासवान और पशुपति पारस) का विवाद राजनीतिक रंग ले चुका है। इस मकान में दशकों से चिराग पासवान की बड़ी मां राज कुमारी देवी रह रही हैं। फिलहाल, राज कुमारी देवी पासवान परिवार की राजनीतिक विवाद में केंद्र बिंदु के रूप में उभरी हैं। वे

अपनी दोनों देवरानियों (पशुपति पारस की पत्नी शोभा देवी और स्व. रामचंद्र पासवान की पत्नी सुनैना देवी) के बहाने रालोजपा सुप्रीमो पशुपति पारस पर हमलावर हैं। चिराग ने इस पर अभी कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि यह अलौली विधानसभा सीट की लड़ाई है।

अलौली और खगड़िया की राजनीति पर नजर रखने वाले कहते हैं- घर के बहाने सीट (अलौली सुरक्षित विधानसभा) पर लोजपा (रामविलास) सुप्रीमो चिराग पासवान और राष्ट्रीय लोजपा सुप्रीमो पशुपति पासवान की नजर है।

बताते चलें कि यह सीट पासवान परिवार से वर्षों से दूर हैं और अब चाचा-भतीजा दोनों की नजर इस सीट पर गड़ी हुई है।

चिराग हर हाल में यह सीट अपनी पार्टी के नाम करना चाहते हैं। दूसरी ओर, यहां से सात बार एमएलए रहे पशुपति कुमार पारस अपने पुत्र यशराज पासवान उर्फ मुस्कान को यहां से चुनावी मैदान में उतारना चाह रहे हैं।यशराज की फिल्डिंग महीनों से जारी है।

इधर, राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने दैनिक जागरण से कहा है कि चिराग पासवान अपने खास व्यक्ति को अलौली से चुनाव लड़ाना चाह रहे हैं, इसलिए बड़ी मां राज कुमारी देवी को आगे कर षड्यंत्र रच रहे हैं। चिराग पासवान को राजनीति में इमोशनल कार्ड का इस्तेमाल करने में महारथ हासिल है।



वहीं, सूत्रों की माने तो चिराग पासवान अपने एक निकटतम रिश्तेदार को चुनाव लड़ाना चाह रहे हैं। यशराज के सवाल पर रालोजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कहते हैं कि यशराज पासवान के खून में ही राजनीति है और एक बड़े राजनीतिक परिवार से आते हैं। वे कहते हैं- यशराज पासवान का गांव-घर शहरबन्नी है। वे यहां घूम नहीं सकते? यह तो उनकी पारंपरिक सीट है।

इधर, श्रवण अग्रवाल ने कहा है कि शहरबन्नी असामाजिक तत्व पहुंच रहे हैं। राज कुमारी देवी को बिहार सरकार और खगड़िया एसपी सुरक्षा प्रदान करे।

वहीं, लोजपा(रा) के खगड़िया जिलाध्यक्ष शिवराज यादव ने कहा है कि जो लोग श्रद्धेय रामविलास पासवान को अपना ह्यरामह्न कहते रहे, उनके द्वारा उनके परिवार के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करना गलत है। उन्होंने कहा कि लोजपा (रा) भी राज कुमारी देवी की सुरक्षा की मांग पुलिस-प्रशासन से करती है।

हमारी यह भी मांग है कि पुलिस-प्रशासन असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई करे।

इधर, गुरुवार को राज कुमारी देवी की छोटी बेटी आशा पासवान और दामाद साधु पासवान भी शहरबन्नी पहुंचे। साधु पासवान ने कहा कि यह पारिवारिक मामला है। घर के बड़े बुजुर्ग बैठ जाएं और फैसला करे लें। सुलह कर लें। चिराग जी, माता जी (राज कुमारी देवी) और चाचा जी (पशुपति पारस) आपस में बैठें। उन्होंने कहा, घर में ताला नहीं लगना चाहिए। राज कुमारी देवी सबसे बड़ी हैं और उनका सम्मान होना चाहिए।

मालूम हो कि दोनों देवरानियों ने राजकुमारी देवी का सामान घर के कमरों से बाहर निकालकर ताला लगा दिया था। इस मामले को लेकर राजकुमारी देवी ने थाने में केस भी किया है। गुरुवार को राज कुमारी देवी ने कहा कि चिराग आ रहा है। उनके आने के बाद ही आगे की कोई बात होगी।

# रामनवमी जुलूस को ले स्थानीय प्रशासन हाई अलर्ट

**बक्सर।** सिमरी में रामनवमी जुलूस को लेकर स्थानीय पुलिस हाई अलर्ट पर है। फिलहाल 200 लोगों के खिलाफ 107 की कार्रवाई की जा चुकी है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। इसमें से अधिकांश लोगों ने बकायदा बांड भी भरा है।

इसके अलावा पर्व विशेष के अवसर पर दियारे के मुख्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिमरी बाजार में सुबह 9:00 से शाम 5:30 बजे तक छोटे-बड़े वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी। केवल अग्निशमन, पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस वाहन को इससे अलग रखा गया है।

इतना ही नहीं प्रशासनिक निदेशों का अनुपालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने बताया कि पूर्व के अनुभवों को देखते हुए सिमरी को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। यहां रामनवमी जुलूस की हर गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे की नजर रहेगी। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही कार्यक्रम की सारी गतिविधियां संपन्न होगी।

थानाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे मौकों पर इंटरनेट नेटवर्क के जरिए तरह-तरह की अफवाह फैलाने की नाकाम कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस पैनी निगाहें रखेगी। जो भी इसके जद में आएंगे, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई होगी।आमजन से अपील करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई पड़े या फिर सामाजिक सद्भावना बिगाड़ने की बात सुनाई पड़े तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9431822328 पर सूचित करें, ताकि स्थानीय प्रशासन समय रहते हर आवश्यक कदम उठा सके।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 01-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 02.04.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-निम्नलिखित के सिलसिले में सिग्नल एवं टेलीकम कार्य (1) शंकरपुर-जसीडीह के बीच किमी 318/1-3 (के.एम. 318.059) में एलसी गेट नं. 28 स्पे./ई के स्थान में एलएचएस का निर्माण, (2) ए. एस. कॉर्ड लाइन में कचूजोर-सिउड़ी के बीच किमी 47/5-7 पर एलसी नं. 18/सी/ई को बंद करने के स्थान में एलसी नं. 18/सी/ई से निकटवर्ती एलएचएस 19 तक कनेक्टिंग रोड का प्रावधान, (3) आसनसोल-खाना शाखा में कालीपहाड़ी-दामोदर के बीच सहायक कार्यों के साथ ब्रिज नं. 2 डीके की रिगर्डरिंग । **निविदा मूल्य:** रु. 55,30,702.79, **बयाना राशि:** रु. 1,10,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 28.04.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps.gov.in/**

ASN-07/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# यूपी में 98 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों पर मंडराया खतरा



**लखनऊ , एजेंसी।** वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद यूपी की 98 फीसदी वक्फ संपत्तियों पर खतरा आन पड़ा है। इतनी वक्फ संपत्तियां अभी तक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। इनके मामलों में अब वक्फ बोर्ड नहीं, बल्कि संबंधित जिलाधिकारी निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। वहीं, वक्फ बोर्ड जिन 57792 सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा कर रहे हैं, ये संपत्तियां भी अब उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर होंगी।

उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से ही वक्फ संपत्तियों के नाम पर बड़ा खेल हुआ है। यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एक गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक, सार्वजनिक उपयोग की जमीनें भी वक्फ बोर्डों ने अपने यहां वक्फ के रूप में दर्ज कर ली हैं। यहां तक कि रामपुर और हरदोई समेत तमाम जिलों में निजी भूमि के भी गलत ढंग से वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज करने के मामले सामने आ रहे हैं। अब इन विवादों की सुनवाई जिलाधिकारी करेंगे और फसली वर्ष 1359 यानी 1952 के राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर फैसला देंगे।

यूपी में 57792 सरकारी संपत्तियां अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों के रूप में दर्ज हैं। इनका रकबा 11712 एकड़ है। नियमानुसार, इन संपत्तियों को वक्फ नहीं किया जा सकता था। ये संपत्तियां सभी जिलों में स्थित हैं। संशोधित कानून लागू होते ही ये संपत्तियां एक झटके में वक्फ के दायरे से बाहर हो जाएंगी। बस, स्थानीय प्रशासन को मौके पर इन पर कब्जा लेना बाकी रह जाएगा।

**शत्रु संपत्तियां भी वक्फ के रूप में दर्ज:** तमाम जिलों में शत्रु संपत्तियों को भी वक्फ के रूप में दर्ज कर लिया गया है, जिन्हें नियमानुसार सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने के बाद वापस लेना आसान होगा। शिया व सुन्नी वक्फ बोर्ड के रिकॉर्ड में 132140 संपत्तियां बतौर वक्फ दर्ज हैं, लेकिन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया है कि इनमें से महज 2528 संपत्तियां ही राजस्व रिकॉर्ड में वक्फ के रूप में दर्ज हैं। संशोधित कानून आने के बाद शेष संपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए पड़ताल की लंबी कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ेगी।

75 जिलों में वक्फ के रूप में दर्ज सरकारी संपत्तियां

आगरा -1293, फिरोजाबाद-275, मैनपुरी-224, मथुरा-507, अलीगढ़-1216, एटा-446, हाथरस-419, कासगंज-376, अंबेडकरनगर-997, अमेठी-477, अयोध्या-2116, बाराबंकी-812, सुल्तानपुर-506, आजमगढ़-1575, बलिया-619, मऊ-529, बरेली-2000, बदायूं-1127, पीलीभीत-623, शाहजहांपुर-2371, बस्ती-160, संतकबीरनगर-212, सिद्धार्थनगर-793, बांदा-831, चित्रकूट-81, हमीरपुर-486, महोबा-58, बहराइच-904, बलरामपुर-35, गोंडा-944, श्रावस्ती-271, देवरिया-1027, गोरखपुर-498, कुशीनगर-443, महराजगंज-371, जालौन-581, झांसी-272, ललितपुर-20, औरैया-421, इटावा-222, फर्रूखाबाद-542, कन्नौज-355, कानपुर देहात-437, कानपुर नगर-548, हरदोई-824, खीरी-1792, लखनऊ-368, रायबरेली-919, सीतापुर-1581, उन्नाव-589, बागपत-915, बुलंदशहर-1778, गौतमबुद्धनगर-46, गाजियाबाद-445, हापुड़-800, मेरठ-1154, भदोही-138, मिर्जापुर-598, सोनभद्र-160, अमरोहा-1045, बिजनौर-1005, मुरादाबाद-1471, रामपुर-2363, संभल-1150, फतेहपुर-1610, कौशाम्बी-398, प्रतापगढ़-1331, प्रयागराज-264, मुजफ्फरनगर-92, सहारनपुर-1497, शामली-411, चंदौली-275, गाजीपुर-1251, जौनपुर-2096, वाराणसी-406

## वक्फ बिल राज्यसभा में पास हुआ तो कोर्ट जाएगा मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, नीतीश-नायडू पर उठाए सवाल

**लखनऊ , एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि अगर वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी दे दी जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड कोर्ट जाएगा और बिल को चुनौती देगा। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा क्योंकि हमारा पक्ष सांविधानिक तथ्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को उम्मीद थी कि नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड और चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी बिल का विरोध करेगी पर ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अच्छा होता अगर सभी दलों ने पुरजोर तरीके से और मजबूत तथ्यों के साथ बिल का विरोध किया होता। राज्यसभा में बिल पास होने पर पर्सनल लॉ बोर्ड इसे कोर्ट में चुनौती देगा।

**वक्फ संपत्तियों पर अब जिलाधिकारी निर्णय लेने को होंगे अधिकृत :** वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद यूपी की 98 फीसदी वक्फ संपत्तियों पर खतरा आन पड़ा है। इतनी वक्फ संपत्तियां अभी तक राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं। इनके मामलों में अब वक्फ बोर्ड नहीं, बल्कि संबंधित जिलाधिकारी निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। वहीं, वक्फ बोर्ड जिन 57792 सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा कर रहे हैं, ये संपत्तियां भी अब उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर होंगी। उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद से ही वक्फ संपत्तियों के नाम पर बड़ा खेल हुआ है। यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की एक गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक, सार्वजनिक उपयोग की जमीनें भी वक्फ बोर्डों ने अपने यहां वक्फ के रूप में दर्ज कर ली हैं। यहां तक कि रामपुर और हरदोई समेत तमाम जिलों में निजी भूमि के भी गलत ढंग से वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज करने के मामले सामने आ रहे हैं। अब इन विवादों की सुनवाई जिलाधिकारी करेंगे और फसली वर्ष 1359 यानी 1952 के राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर फैसला **देंगे : यूपी में वक्फ संपत्तियों का रकबा 11712 एकड़–** यूपी में 57792 सरकारी संपत्तियां अवैध रूप से वक्फ संपत्तियों के रूप में दर्ज हैं। इनका रकबा 11712 एकड़ है। नियमानुसार, इन संपत्तियों को वक्फ नहीं किया जा सकता था। ये संपत्तियां सभी जिलों में स्थित हैं। संशोधित कानून लागू होते ही ये संपत्तियां एक झटके में वक्फ के दायरे से बाहर हो जाएंगी। बस, स्थानीय प्रशासन को मौके पर इन पर कब्जा लेना बाकी रह जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का मिला शव, मचा हड़कंप

**लखनऊ , एजेंसी।** अमेठी के नवीन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल के साक्ष्यों को इकट्ठा किया है। मृतक पिछले दो दिनों से गौरीगंज तहसील के न्यायिक एसडीएम मो असलम के आवास पर तैनात था। होमगार्ड की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट परिसर एसडीएम के आवास बने हुए है। इसी में गौरीगंज के न्यायिक एसडीएम मो असलम का आवास भी है। एसडीएम के आवास पर गौरीगंज थाना क्षेत्र के पनियार के रहने वाले राज किशोर (56) एक तरीख से तैनात थे। रोज की तरह देर रात करीब 9 बजे राज किशोर ड्यूटी पर पहुंचे। बृहस्पतिवार सुबह एसडीएम के साथ रहने वाला व्यक्ति कमरे में पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गया।

होमगार्ड राजकिशोर का शव एक तख्ते पर पड़ा हुआ था जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडेय मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यों को इकठ्ठा किया जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पूरे मामले पर गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा ने कहा कि देर रात होमगार्ड ड्यूटी पर पहुंचे थे आज सुबह उनका शव मिला है। प्रथमदृष्टया किसी बीमारी से उनकी मौत की वजह सामने आ रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### धारदार हथियार से वार कर युवक ने दी जान, परिजन बोले- पति-पत्नी में चल रहा था विवाद

**कानपुर , एजेंसी।** बारादेवी निवासी अजय विश्वकर्मा ने धारदार हथियार से वार कर खुद को घायल कर लिया। पिता रामबाबू विश्वकर्मा ने आनन-फानन उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है।

परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसी से आहत होकर। यवक ने आत्मघाती कदम उठाया। 22 जून 2023 को को अजय की शादी राधा से हुई थी। शादी होते ही अजय व उसकी पत्नी अर्रा में साथ में रहते थे। बच्चा होने के बाद पत्नी ने अलग रहने की मांग की। अजय पत्नी को लेकर करीब आठ माह पहले बारादेवी में किराए पर रहने लगा। जहां अजय कबाड़ फैक्टरी में काम कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

### चलो बुलावा आया है...गाते-गाते मंदिर में भजन गायक की मौत

**सहारनपुर, एजेंसी।** सहारनपुर में आवास विकास कॉलोनी स्थित श्री हरि मंदिर में चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...गाते-गाते हरीश मासटा (60) का निधन हो गया। चिकित्सक ने बताया कि हरीश मासटा की मौत हृदयाघात से हुई है।

इन दिनों चैत्र नवरात्र के चलते आवास विकास स्थित श्री हरि मंदिर में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। मंगलवार रात मंदिर में भजन संध्या चल रही थी। अलग-अलग कॉलोनी से श्रद्धालु भजन संध्या में शामिल हुए।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जाफर नवाज निवासी हरीश मासटा भजन मंडली में चलो बुलावा आया है, भजन गा रहे थे। आधा भजन वह गा चुके थे। इसी दौरान वह बैठे-बैठे पीछे की तरफ गिर गए। बराबर में बैठे भजन मंडली के सदस्यों ने हाथ लगाकर देखा तो उनके हाथ व पैर ठंडे थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने ईसीजी सहित अन्य जांच कराई, लेकिन उनकी कुछ देर बाद ही मौत हो गई। पता लगने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। चिकित्सक ने बताया कि हरीश मासटा की हृदय गति रुकने के कारण मौत हुई है। हरीश मासटा रामकृष्ण मॉर्निंग परिवार और हैप्पी मार्निंग क्लब के सदस्य रहे।

## श्रृंगवेरपुर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण



**प्रयागराज , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां पर उन्होंने करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 579 करोड़ रुपये की 181 परियोजनाओं की सौगात दी। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन कर निषादराज और भगवान राम के मिलन की पावन धरती को प्रणाम किया। सीएम ने निषाद राज उद्यान में अयोध्या शोध संस्थान द्वारा राजा निषाद व श्रीराम से जुड़ी कथाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत प्रशिक्षित समूह की महिलाओं द्वारा मूंज से उत्पादों ओडीओपी की प्रदर्शनी को भी देखा।

## आधुनिक खेती से सुधरेगी किसानों की हालत

**अलीगढ़।** गेहूं एवं सरसों की फसल कटाई के बाद खाली खेतों में खरीफ की फसलों की बुवाई की तैयारी का समय होता है। इसलिए किसानों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि वैसे तो ढेंचा की खेती को कभी भी किया जा सकता है, लेकिन इन दिनों खाली पड़े खेतों में इसकी बोवाई की जा सकती है। पहले खेत को अच्छे से जोत लें। कम से कम 45 दिन में चार–पांच सिंचाई कर ढेंचा की फसल तैयार की जा सकती है। इसके बाद धान की फसल की रोपाई की जा सकती है। धान की नर्सरी तैयार करने का उचित समय 10 से 30 मई के मध्य है। नर्सरी तैयारी के लिए किसान अपने क्षेत्र के हिसाब से आधुनिक किस्मों का चयन करें। नर्सरी बोवाई से पहले खेत में 12–15 टन कंपोस्ट डालकर दो–तीन बार जुताई करके मिट्टी में मिला दें, फिर पानी डालकर खेत में आधी बोरी यूरिया, एक बोरी सिंगल सुपर फास्फेट, दस किलो जिंक सल्फेट डालकर सुहागा लगा दें। इससे खरपतवार भी नष्ट हो जाते हैं और पानी का रिसाव भी बहुत कम हो जाता है। इसके चार–पांच घंटे बाद दस गुणा दस फुट आकार की खेत में 400 क्यारियां बनाकर एक किग्रा. अंकुरित बीज प्रति क्यारी लगा दें। कंपोस्ट छिड़ककर पतली तह बना दें ताकि पक्षी बीज न चुग जाएं। खेत को हल्की–हल्की सिंचाई करके नम रखें और दो हफ्ते बाद आधी बोरी यूरिया पूरे खेत में छिड़कें।

## जीपीएस युक्त वाहनों से ही होगा शराब का परिवहन, बोतलों पर होगा हाई सिक्योरिटी बार कोड



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में अब जीपीएस युक्त वाहनों से ही मदिरा का परिवहन होगा और आबकरी लाइसेंस्ड परिसरों की जियो फेसिंग की जाएगी साथ ही बोतलों एवं पेटियों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड और क्यूआर कोड होगा। मंत्री नितिन अग्रवाल बृहस्पतिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार एवं कर चोरी रोकने हेतु कार्यवाही की गई है। विभाग में कार्रवाही के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल से इंटीग्रेशन किया गया है। मदिरा एवं स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लॉकिंग की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि मास फ्लो मीटर, रडार बेस्ड लेवल सेंटर एवं बॉटलिंग सेंटर बनाए जाएंगे। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग किया जाएगा और प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

## युवती ने नहर में लगाई छलांग, प्रेमी ने भी की जान देने की कोशिश, युवक का रिश्ता होने पर उठाया कदम

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के सरूरपुर थाना इलाके के एक गांव निवासी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने बुधवार को नानू गंगनहर में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं, गांव के ही एक 12वीं के छात्र ने भी अपने घर में फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की।

प्रेमी युगल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। बताया गया है कि युवक का रिश्ता तय होने पर प्रेमीयुग ने जान देने की कोशिश की है। मामले में किसी भी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। सरूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा बुधवार की दोपहर करीब 3:00 बजे नानू गंगनहर पुल पर पहुंची। छात्रा ने आत्महत्या के इरादे से गंगनहर में छलांग लगा दी। छात्रा को बचाने के लिए मौके पर मौजूद लोग गंगनहर में कूद गए और उसे किसी तरह बाहर निकालकर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छात्रा को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए।

**अलग-अलग जाति से हैं प्रेमी युगल:** वहीं, गांव निवासी युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रेमी युगल अलग-अलग जाति से ताल्लुक रखते हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने पास के ही गांव में स्थित इंटर कॉलेज में बारहवीं की परीक्षा दी हैं।

## मजदूरी के रुपये मांगने पर मुंशी को आया गुस्सा, मजदूर पर चला दी गोली... पेट में लगने से मौत

**मुरादाबाद , एजेंसी।** सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के भटावली स्थित बिल्ड ग्राफ्ट प्लांट में मजदूरी मांगने मुंशी ने बदायूं निवासी मजदूर संजीव यादव (26) को गोली मार दी। गोली लगने से मजदूरी की मौत हो गई। परिजनों ने पैसे मांगने पर मुंशी पर गोली मारने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी है।

बदायूं के सिविल लाइंस क्षेत्र के सेजनी निवासी संजीव यादव मजदूरी करते थे। 16 जनवरी 2024 से भटावली की बिल्डग्राफ्ट इंफ्रा प्लांट में मजदूरी कर रहे थे। उनके साथ गांव के अन्य युवक भी काम करते थे। साथ काम करने वाले फुफेरे भाई हरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार करीब 11 बजे दोनों भाई मुंशी से मजदूरी के पैसे मांगने गए थे।

इस दौरान ऑफिस के सामने गाड़ी में प्लास्टिक के पाइपों से लदी खड़ी थी। मुंशी ने पहले गाड़ी से पाइप उतरने को कहा। संजीव ने पहले पैसे देने की बात कही। इस पर मुंशी अनूप को गुस्सा आ गया। आरोप है कि मुंशी ने अपनी अंटी से रिवाल्वर निकालकर संजीव पर फायर झोंक दिया।

मुंशी की रिवाल्वर से चली गोली संजीव के पेट में जा घुसी। इससे संजीव लहूलुहान हो गया। उसकी हालत देखते प्लांट में काम कर रहे सभी लोग घबरा गए। प्लांट मालिक और संजीव के साथी गाड़ी से उसे कांठ रोड के कॉसमॉस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद उसका शव मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना मिलने पर संजीव की पत्नी अपनी वर्षीय बेटी कुमकुम, बेटा अनुभव और अनिकेत समेत अन्य परिजन के साथ पहुंच गईं। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### छोटे भाई के पैर में सेप्टिक होने पर पैसे की थी जरूरत

संजीव के छोटे भाई सत्यवीर के पैर में सेप्टिक हो गई है। उसके इलाज के लिए संजीव को पैसे की जरूरत थी। इसके लिए वह मुंशी के पास पैसे मांगे के लिए गया था। मुंशी ने पैसे देने के बजाय गोली मार दी। घटना से मां जलधारा, भाई आशीष समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## इंजीनियर हत्याकांड में नया खुलासा:

# जेल में रची गई वायु सेना कैंपस में अफसर की हत्या की साजिश? कातिल ने खुद बताया

**प्रयागराज , एजेंसी।** प्रयागराज में वायुसेना कैंपस में कमांडर वर्क इंजीनियर (सीडब्ल्यूई) सत्येंद्र नारायण मिश्रा(51) की हत्या की वारदात में चौथा नाम सामने आने के बाद नया सवाल खड़ा हो गया है। सवाल है कि क्या इस वारदात की साजिश जेल से रची गई? दरअसल, जांच में इस बात के पुख्ता प्रमाण मिले हैं कि पहले व हत्या के बाद कई बार मुख्य आरोपी सौरभ जेल में बंद अपने भाई हनी उर्फ गौतम से मिला था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जेल भेजे जाने से पहले सौरभ ने यह बताया कि वह वारदात के एक दिन पहले यानी 28 व वारदात के बाद 29 मार्च को जेल में निरुद्ध अपने भाई हनी से मिला।

अब यह बात भी सामने आई है कि वह पहली बार अफसर के घर चोरी करने जाने के दिन 13 मार्च से पहले भी कई बार जेल में जाकर अपने भाई से मिला। यही नहीं, इसमें कुछ बार उसके साथ मां-बाप भी गए। कुछ बार पेशी पर आने के दौरान तो अन्य बार जेल में जाकर तीनों ने हनी से मुलाकात की। ऐसे में अब इस बात की भी आशंका है






कि कहीं यह साजिश हनी ने जेल से ही तो नहीं रची।

इस मामले में पुलिस अफसर अभी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने बताया कि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। हनी को एक दिन पहले ही साजिश रचने का आरोपी बनाया जा चुका है। भारतीय वायुसेना के बमरौली स्थित मध्य वायु कमान मुख्यालय परिसर में कमांडर वर्क इंजीनियर सत्येंद्र नारायण मिश्र (51) की हत्या के मामले का सोमवार को खुलासा हो गया। पुलिस का दावा है कि चोरी की नीयत से पहुंचे बदमाश ने वारदात अंजाम दी। वारदात की साजिश में वायुसेना कैंपस में अफसरों के घरों में काम करने वाले उसके माता-पिता भी शामिल थे। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस आयुक्त अपराध डॉ. अजयपाल शर्मा ने बताया कि आरोपी सौरभ कुमार उर्फ बाबू पासी वायुसेना परिसर से लगभग 1.5 किमी दूरी पर स्थित लाल बिहारा गांव की बस्ती में रहता है। उसकी मां सुनीता और पिता शिवकुमार वायुसेना परिसर में संविदा कर्मचारी हैं। पिता सफाईकर्मी है, जबकि मां घरों में काम करती है। सौरभ ने पूछताछ में बताया कि उसकी मां पहले एक-दो बार कमांडर वर्क इंजीनियर के घर जा चुकी थी। एक साल पहले तक वह भी वायुसेना परिसर में ठेके पर मजदूरी करता था।

**नाकाम रहने पर गोली मारकर की हत्या:** एक बार लकड़ी का मंदिर पहुंचाने वह भी अफसर के घर जा चुका था। यह भी बताया कि उसका बड़ा भाई हनी उर्फ गौतम 25 जनवरी को कौशाम्बी में हुई हत्या के मामले में वहां की जेल में बंद है। उसे छुड़ाने के लिए परिवार को रुपयों की जरूरत थी। अफसर का घर वायुसेना परिसर की बाहरी दीवार से 10-15 मीटर की दूरी पर है। उसे लगा कि वहां उसे 10 लाख तक नकदी मिल जाएगी। उसने घर में चोरी की साजिश रची। इसमें अपने मां-बाप को भी शामिल कर लिया। उसने साजिश के मुताबिक 29 मार्च की भोर में अफसर के घर पहुंचकर भीतर घुसने का प्रयास किया। नाकाम रहने पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और वहां से भाग निकला।

# बिहार भाजपा 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाएगा स्थापना दिवस : दिलीप जायसवाल

## ▸ प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक होंगे कार्यक्रम ▸ सभी कार्यकर्ताओं के घरों में लहरेगा पार्टी का झंडा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा छह अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगी। इसके तहत कई दिनों तक प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि छह अप्रैल को भाजपा के लोग रामनवमी भी मनाएंगे और पार्टी का स्थापना दिवस भी मनाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छह अप्रैल को पार्टी के सभी जिला कार्यालय भवन सजाए जाएंगे तथा प्रदर्शनी



लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में जनसंघ के दौर से लेकर भाजपा के संघर्षों और किए गए कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा मंडल कार्यालय से लेकर सभी कार्यकर्ताओं के घरों में पार्टी का झंडा लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन हम सभी रामनवमी पर्व भी धूमधाम से मनाएंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें 1.57 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य भाग लेंगे। 10 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच गांव-बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। इसमें सभी निर्वाचित प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरे दिन (कम से कम 8 घंटे) के लिए, गांव या मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा करना है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य घर-घर तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी देना है।

उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों की तस्वीर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट की जाएगी। प्रदेश स्तर पर पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रदेश स्तर पर चार सदस्यीय एक समिति बनाई गई है। इसमें पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा और संजय गुप्ता तथा पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम झा शामिल हैं। दिलीप जायसवाल ने वक्फ संशोधन विधेयक से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य कुशल प्रबंधन और संपत्तियों का दुरुपयोग रोकना है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि आज इसका लाभ गरीब मुसलमानों, पसमंदा मुसलमानों को नहीं मिल रहा था। बड़ी संपत्ति के बावजूद कुप्रबंधन के कारण आय में लगातार गिरावट आ रही थी। सच्चर कमिटी रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उसने भी इसके कुशल प्रबंधन की जरूरत बताई थी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद वित्तीय पारदर्शिता रहेगी और राजस्व में भी वृद्धि होगी जिससे सरकारी सहायता पर निर्भरता कम होगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के इस विधेयक की आलोचना किए जाने पर उन्होंने लालू यादव के एक वायरल वीडियो को प्रदर्शित करते हुए कहा कि लालू यादव ने खुद एक कठोर कानून बनाने की मांग की थी। आज यह सरकार उनकी इच्छा की पूर्ति की है। तेजस्वी यादव को इसके लिए अपने पिताजी से पूछना चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज उनके पिताजी का नाम नहीं होता तो तेजस्वी यादव को कौन जानता? उनकी राजनीति में बुनियाद ही लालू यादव हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, मृत्युंजय झा, अनिल शर्मा, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, सूरज पांडेय भी मौजूद थे।

# इएसआईसी औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विभिन्न स्थानों पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर, कटिहार व शाखा कार्यालय डालमियानगर द्वारा क्रमशः केसरिया रेस्तरां, एनटीपीसी कांटी, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, रिलायंस स्मार्ट बाजार में बीमित कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# कांग्रेस के सभी 40 नये जिलाध्यक्ष दिल्ली रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को जिला से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी कर रही है। इसी सिलसिले में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने शुक्रवार को बिहार के नव नियुक्त जिलाध्यक्षों की दिल्ली में बैठक बुलाई है। इसमें शामिल होने के लिए सभी 40 नये जिलाध्यक्ष गुरुवार की शाम दिल्ली रवाना हो गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बैठक को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बैठक में संगठन के विस्तार, पार्टी की मजबूती और विधानसभा चुनाव पर चर्चा होगी। इसके साथ ही राहुल गांधी जिलाध्यक्षों को पार्टी की मजबूती के लिए कुछ टिप्स देंगे। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस जिलाध्यक्षों को कुछ विशेष अधिकार दिए जाने की भी तैयारी कर रही है। इनकी भूमिका अब जिलों में सिर्फ भीड़ जुटाने तक सीमित नहीं रहेगी। इन्हें मजबूत करने के लिए कांग्रेस कुछ महत्वपूर्ण फैसले और घोषणाएं कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण और उम्मीदवारों के चयन में जिलाध्यक्षों की अहम भूमिका हो सकती है। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल गांधी के बुलावे पर होने वाली बैठक में शामिल होने के दिल्ली रवाना होने से पहले कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम पहुंचे थे। वहां पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली की बैठक से पहले सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व की ओर से राहुल गांधी को एक प्रेजेंटेशन दिया जाएगा जिसमें यह बताया जायेगा कि जिलाध्यक्ष कैसे पार्टी को मजबूत करेंगे और इसे बूथ स्तर तक जोड़ेंगे। इसके बाद सभी को जिला और बूथ स्तर पर कमेटी बनाने की जिम्मेदारी दी जायेगी। गौरतलब है कि कांग्रेस बिहार में अपना खोया हुआ जनाधार फिर से पाने की कोशिश में जुटी हुई है। इसके मद्देनजर वह प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक संगठन में भारी फेरबदल कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के के बाद अब उनके चहेते जिला अध्यक्षों की भी छुट्टी कर दी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मंगलवार की रात 40 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों की सूची जारी की थी। इनमें 21नये चेहरे हैं जबकि 19 पुराने लोगों को फिर से मौका दिया गया है। जिलाध्यक्षों के चयन में कांग्रेस ने सामाजिक व जातीय समीकरण पर भी पूरा ध्यान रखा है। जिलाध्यक्षों की सूची में सबसे ज्यादा 14 स्वर्ण, 10 ओबीसी, 6मुस्लिम, 4 अति पिछड़े, एक सिख और एक महिला शामिल हैं। पार्टी ने 12 जिलों में जिलाध्यक्षों के साथ कार्यकारी अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है।

# हत्या एवं आर्म्स एक्ट मामले में उम्र कैद की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार-1 की कोर्ट में धनरूआ थाना कांड संख्या 288/ 2021 के तहत हत्या एवं आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त नितीश पासवान पिता राजेंद्र पासवान, जौदीचक जमालपुर, जिसे दो अलग-अलग धारा में अलग-अलग सजा और जुर्माना सुनाई गई है। जिसमें हत्या मामले में उम्र कैद एवं 10 हजार जुर्माना और आर्म्स एक्ट मामले में 3 साल की सजा 5 हजारों का जुर्माना लगाया गया है, सरकारी पीपी धनंजय कुमार ने बताया कि यह धनरूआ थाना क्षेत्र का मामला है, यह सजा स्पीडी ट्रायल के तहत सुनाई गई है। जहां जौदीचक के धर्मवीर पासवान की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

# जनसुराज की ईमानदारी और विकास नीति से प्रभावित डॉक्टर पाठक कुम्हरार से ठोकेंगे दावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इन दिनों कुम्हार तमाम समीकरण उलट-फेर में लगे हैं प्रख्यात चिकित्सक डॉ उमाकांत पाठक। अगले विधान सभा चुनावों के मद्देनजर वो भी दो-दो हाथ करने को तैयार हैं और अन्य उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे हैं। वे पिछले दिनों प्रशांत किशोर की नीतियों से प्रभावित होकर जनसुराज में शामिल हो गए थे और टिकट के लिए प्रयासरत हैं। डॉक्टर पाठक पिछले 3 दशक से नूतन नर्सिंग होम के जरिये लोगों की 24 घंटे निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। उनके चाहने वाले हर जाति में है। इसलिए जैसे ही इनकी उम्मीदवारी की बात सामने आई सभी वर्ग के लोग इन्हें समर्थन देने आगे आ रहे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि कोविड के समय डॉक्टर साहब ने न वक्त देख न पैसा, लगभग 5000 लोगों



की जान बचाई। सूत्रों के मुताबिक इस कार्य के लिए राज्यपाल से भी इन्हें सम्मान प्राप्त हुआ है। इनकी वजह से कई परिवारों में खुशियां लौटी। डॉ उमाकांत पाठक ने कहा कि जनसुराज को अपनी पसंद बताने का कारण उसकी ईमानदारी, साफगोई और प्रशांत किशोर की विकास की रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि 'वे पार्टी की नीतियों से प्रभावित हैं।' स्थानीय लोग बताते हैं कि डॉक्टर साहब इतने सामाजिक हैं कि दिन और रात नहीं देखते हैं कोई भी मरीज इमरजेंसी में उनके दरवाजे पर आ जाता है तो अविलंब उसका इलाज करते हैं जहां तक फीस की बात है तो लोगों का कहना है कि उनके क्लीनिक में आने वाला व्यक्ति जेब से कितना भी कमजोर या मजबूत हो उससे डॉक्टर साहब को कोई मतलब नहीं रहता है, वे सिर्फ अपना काम बखूबी करते हैं और सामने वाला जो उनकी फीस की जगह जो भी राशि दे देता है उसे सहर्ष स्वीकार करते हैं। किसी को इनके अस्पताल में गहने बेचने या कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। डॉक्टर पाठक ने कुम्हरार विधान सभा से जनसुराज पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन दे दिया है। नूतन संग होम के जरिए ये लोगों को 24 घंटे निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। डॉ साहब को चाहने वाले हर जाति में हैं। इसलिए जैसे हीं इनकी उम्मीदवारी की बात सामने आई सभी वर्ग के लोग इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने को तैयार हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान विधायक क्षेत्र में कभी आते जाते नहीं हैं। पिछले 7 साल से रोड कोड़ा हुआ है, नाली का पानी सड़कों पर है। वे कहते हैं चुनाव जीतने के बाद वे जनसेवा का काम करेंगे। फिलहाल उन्होंने जल्द हीं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने को घोषणा की है।

# महागठबंधन में 'आल इज वेल' : कृष्णा अल्लावरु

## घटक दलों के नेताओं की बैठक के बाद ही महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे का ऐलान होगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अब भी संशय बरकरार है। हालांकि राजद की ओर से लगातार यह दावा किया जाता रहा है कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ही होंगे जबकि कांग्रेस का कहना है कि महागठबंधन के नेताओं की आपस में बातचीत होगी। उसके बाद ही मुख्यमंत्री के चेहरे का ऐलान होगा। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने गुरुवार को कहा कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक ठाक है। दिल्ली से पटना पहुंचे कृष्णा अल्लावरू एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव होंगे? इस सवाल से अल्लावारु बचते दिखे। उन्होंने कहा कि अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। जब बात शुरू होगी तो जरूर बताएंगे। इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या महागठबंधन में सब कुछ ठीक है तो उन्होंने कहा कि, ऑल इज वेल। वहीं जब उनसे पूछा गया कि महागठबंधन में सीटों का बंटवारा कैसे होगा? कांग्रेस कितने सीटों पर तैयारी कर रही है। इसके जवाब में भी उन्होंने कहा कि अभी बातचीत शुरु नहीं हुई है जब कोई बात होगी तो जरुर बताएंगे। थोड़ा इंतजार करिए सब पता चल जाएगा। वक्फ बोर्ड को लेकर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को लेकर कांग्रेस का रुख बिल्कुल साफ है। फिलहाल हम लोग बिहार चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं।

# मासूम को पटक कर मारने वाला सनकी पिता गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसूना थाना क्षेत्र के घोरहुआं गांव में बीते बुधवार को एक सनकी नशेड़ी पिता ने अपने सोए हुए तीन माह के बच्चे को पटक पटक कर जान ले ली थी, इस घटना से पूरे गांव में लोग मर्माहत है। वहीं पुलिस ने अपनी कार्रवाई करते हुए फरार सनकी युवक विकास कुमार पिता देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है जब पुलिस वालों ने उसे इस घटना के कारण पूछा तो कहा गुस्सा आ गया था और सनक सवार हो गई थी, इस सनकी पिता को शायद इस बात का अंदाजा नहीं है कि उसने क्या कर दिया है, एक मासूम 3 माह का बच्चा जिसने ठीक ढंग से अभी अपनी आंखों को भी नहीं खोला है। इस दुनिया को देखा तक नहीं था जिसे उसकी जिंदगी छीन ली, तीन माह का मासूम बच्चा जिसका नाम प्यार से उसकी मां गुड्डी देवी ने आयुष रखा था। एक साल पहले विकास और गुड्डी की शादी हुई थी यह पहला बच्चा था, गुड्डी कुमारी ने बताया कि 1 साल पहले जब हमारी शादी हुई थी तो इस बच्चे के लिए हमने क्या-क्या नहीं सपने देखे थे, लेकिन हमारा पति ब्राउन शुगर पीने का आदि है और इसी नशा में वह कोई काम नहीं करता है हमेशा लड़ाई झगड़ा करता है।

# वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद दीपंकर भट्टाचार्य ने जताई कड़ी प्रतिक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा से वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि वक्फ बोर्ड मुस्लिमों की तकरीबन सारी दान में दी गई जमीन और धार्मिक - सांस्कृतिक जगहों से जुड़े मामलों को देखता है। इस नए बदलाव से ऐसी सभी जमीनों, संपत्तियों और संस्थानों का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा और इससे जुड़े हर विवाद या मुकदमे का फैसला राज्य के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। यकीनन, ये मुस्लिम पहचान, धार्मिक आजादी और संस्कृति पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मुस्लिमों को निशाना बनाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है। इससे संविधान कमजोर हो रहा है, लोकतंत्र की नींव खोखली हो रही है और सबके हक-आजादी खतरे में है। नागरिकता कानून (सीएए) के जरिए मुस्लिमों को बाकी लोगों से अलग किया गया, जो संविधान के बुनियादी उसूल के खिलाफ था कि धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं होगा। फिर यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के बहाने मुस्लिम समाज को निशाने पर लिया गया। उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो गया है, जो अलग-अलग धर्मों और जातियों के बीच शादी और बड़े होकर अपनी मर्जी से लिव-इन में रहने की आजादी पर बड़ा हमला है। दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि अंबेडकर के नजरिए में एक लोकतांत्रिक जनतंत्र के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकार बेहद अहम थे। जदयू और तेलुगु देशम जैसी पार्टियां जिन्होंने अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले में भाजपा का साथ दिया है, इस संविधान-विरोधी साजिश में शामिल हैं। अब उनकी असलियत सबके सामने आ गई है और जनता उनसे हिसाब मांगेगी।

# गंगा तट पर छठ गीतों का कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छठ के पावन अवसर पर पटना नगर निगम द्वारा गंगा नदी के तट पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने पारंपरिक छठ गीतों की प्रस्तुति करके माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। छठ की स्वच्छता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लोक आस्था का यह महापर्व स्वच्छता का भी




महापर्व है। जैसी स्वच्छता हम छठ के समय रखते हैं, वैसी ही स्वच्छता हमें सालों भर रखती है। नीतू नवगीत ने इस अवसर पर छठ के अनेक जीत गाए जिनमें कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए, सूर्य भगवान का सोहर, केलवा के पात पर उगेलन सूरज देव, सोना सटकुनिया हे दीनानाथ, छठी माई के करब हम बरतिया, स्वच्छता गीत और देवी भजन भी शामिल रहे। चंदन उगना, राजेश केसरी और निशांत ने भी जीत गाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आशीष पंडित पैड पर, धीरज पांडेय नाल पर और संजय मिश्रा कैशियो पर गायक कलाकारों के साथ गीतों को संगीतबद्ध करते हुए नजर आए।

# मसौढ़ी मणिचक धाम पर विहगंम नजारा, आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन सभी छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। वही इस बीच मसौढ़ी के मणिचक धाम पर विहंगम दृश्य देखने को मिला जहां आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बताया जाता है कि मसौढ़ी का मणिचक धाम कई मायनों में ऐतिहासिक और मन्नतें पूरा करने वाला सूर्य मंदिर धाम है जहां प्रत्येक वर्ष कार्तिक महीने और चैत महीने में होने वाला छठ को लेकर हजारों हजार की संख्या में लोग छठ व्रत करने आते हैं।



ऐसे में चैती छठ को लेकर हजारों की संख्या में छठव्रति छठ कर रहे हैं। पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 80 छठ घाट चिन्हित किए गए हैं जहां 13 घाट संवेदनशील बनाया गया है। मसौढ़ी में मणीचक, धनरूआ में बरनी, पुनपुन में पुनपुन घाट पर हजारों की संख्या में भीड़ रही। मणिचक घाट पर श्री विष्णु और मंदिर कमेटी के सभी वालंटियर सदस्य गण मुस्तैद दिखे। अनुमंडल प्रशासन भी मुस्तैद रही, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव नवल भारती, एसडीएम अमित कुमार पटेल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव एवं बीडीओ प्रभाकर कुमार अंचल अधिकारी प्रभात रंजन, थानाध्यक्ष अनिल कुमार, डॉ राम जयपाल, डॉ सुधीर, अभय कुमार सिन्हा, रामदेव चौधरी, श्वेता कुमारी, रामाधार प्रसाद यादव, चांदनी कुमारी, अनिता कुमारी, रवि रंजन कुमार, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व मध्य रेल ने 2024-25 के दौरान 24 करोड़ यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

## पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। इस कड़ी में 2024-25 में पूर्व मध्य रेल 31,575 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय के साथ भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर रही। साथ ही यात्री यातायात से प्राप्त रेल राजस्व के क्षेत्र में भारतीय रेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4602 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 4088 करोड़ रुपये की तुलना में 12.56 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल ने 12.56 प्रतिशत पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर के साथ भारतीय रेल पर सर्वाधिक पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर प्राप्त करने वाला प्रथम क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया है। माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूर्व मध्य रेल ने 202.63 मीलियन टन माल ढुलाई कर भारतीय रेल के प्रथम चार क्षेत्रीय रेलों में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही यात्री परिवहन के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड कायम करते हुए 2024-25 के दौरान 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक है। पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों के पश्चात् रेलवे बोर्ड द्वारा यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़ी सुविधाओं में और वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में संरक्षा में वृद्धि करते हुए वर्ष 2025 पूर्व मध्य रेल से खुलने/पहुंचने वाली 25 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आईसीएफ रेक के बदले अत्याधुनिक तकनीक एवं यात्री सुविधा से युक्त एलएचबी रेक से करने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2025 में पूर्व मध्य रेल के लिए यह काफी महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी जो संरक्षित रेल परिचालन में मददगार होगा। एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच आईसीएफ कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं।

# पटना के बापू टावर में मगही महोत्सव का आयोजन 5 को

## केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी करेंगे मगही महोत्सव का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में आगामी 5 अप्रैल को मगही भाषा, साहित्य, संस्कृति, इतिहास और लोक कला को समर्पित भव्य मगही महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। मगध सम्राट अशोक की जयंती के शुभ अवसर यह एक दिवसीय उत्सव पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में सुबह 9:00 बजे से शुरू होकर शाम 7:00 बजे तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय जीतन राम मांझी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मगही भाषा और मगध क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को इससे जोड़ना है।

गांधी मैदान के पास अवस्थित गांधी संग्रहालय में इस विषय पर आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के संयोजक रविशंकर उपाध्याय,



डॉ उज्ज्वल कुमार, विजेता चंदेल और चंदन द्विवेदी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह महोत्सव मगही भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ मगध क्षेत्र के इतिहास, पुरातत्व, उद्यमिता और सिनेमा जैसे विविध पहलुओं को एक मंच पर लाने का प्रयास है। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय कलाकारों और विद्वानों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि मगध की विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद करेगा। पटना के बापू टावर में होने वाला यह आयोजन मगध की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। सभी मगही प्रेमियों और संस्कृति के शौकीनों से इस महोत्सव में शामिल होने की अपील की गई है। महोत्सव की शुरुआत सुबह 9:00 से 9:30 बजे तक रजिस्ट्रेशन के साथ होगी जिसके बाद 9:30 से 10:00 बजे तक चाय-पानी का दौर चलेगा। उद्घाटन सत्र सुबह 10:00 से 10:15 बजे तक आयोजित होगा जिसमें केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 10:15 से 11:00 बजे तक गया घराना के प्रसिद्ध ख्याल और ठुमरी गायक राजन सिजुआर अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगे। सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक पहला सत्र मगही भाषा: कल, आज आऊ कल पर केंद्रित होगा। इस सत्र में प्रो. शिवनारायण (अरबिंद महिला कॉलेज, पटना), डॉ. अतीश पराशर (दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, बोधगया), धनंजय श्रोत्रीय (संपादक, मगही पत्रिका), और इश्तेयाक अहमद (सामाजिक कार्यकर्ता/ संस्कृतिकर्मी, पटना) मगही भाषा के विकास और चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। संचालन निराला बिदेसिया करेंगे। दोपहर 12:00 से 1:00 बजे तक दूसरा सत्र ''मगध के इतिहास, पुरातत्व व विरासत'' पर होगा। इसमें प्रो. आनंद वर्धन (प्रसिद्ध इतिहासकार, नई दिल्ली), सुजीत नयन (अधीक्षण पुरातत्वविद्, पटना सर्किल) कुमार निर्मलेन्दु (इतिहास अध्येता/लेखक, मगधनामा) मगध की ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर पर प्रकाश डालेंगे। संचालन रविशंकर उपाध्याय करेंगे। दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक तीसरे सत्र में मगध में उद्यमिता पर चर्चा होगी। डॉ. सत्यजीत सिंह (निदेशक, रूबन हॉस्पीटल), डॉ. रवि आर. कुमार (संस्थापक, द कुबेरा), राहुल कुमार (निदेशक, अंशुल होम्स), और डॉ. नीरज अग्रवाल (निदेशक, सिमेज कॉलेज) उद्यमिता के क्षेत्र में मगध के योगदान पर विचार-विमर्श करेंगे। संचालन उज्ज्वल कुमार करेंगे।

## संपादकीय

# हादसों से नहीं ली जा रही सीख, पटरी से लगातार उतर रही ट्रेन

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि आगे ऐसे इंतजाम किए जाएं ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर विडंबना है कि लगभग एक ही प्रकृति के हादसों का सिलसिला बना रहता है। सरकार की ओर से आगे सब ठीक करने के आश्वासन से ज्यादा कुछ भी ठोस सामने नहीं आता। पिछले कुछ वर्षों से देश भर में रेल हादसों की जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि रेल सुरक्षा को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और कभी भी किसी दुर्घटना की खबर आ सकती है। सवाल है कि अगर देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन रेलगाड़ियां हादसों का शिकार हो रही हैं, तो उसके लिए किसकी जवाबदेही बनती है और उसमें सुधार के लिए ठोस उपाय करने की जिम्मेदारी किसके कंधे पर है।गौरतलब है कि ओड़ीशा के कटक जिले के निर्गुड़ी में रविवार को बंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य कई लोग घायल हो गए। हो सकता है कि कटक में हुई दुर्घटना में जानमाल का ज्यादा नुकसान न होना राहत की बात मानी जाए, लेकिन ग्यारह डिब्बों का पटरी से उतरना एक गंभीर घटना ही है। सच यह है कि एक छोटी चूक या लापरवाही की वजह से बहुत सारे लोगों की जान पर बन आती है और इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें ट्रेन हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई।ऐसे हर हादसे के बाद सरकार की ओर से जांच और कार्रवाई करने की बात कही जाती है, लेकिन सवाल है कि चलती ट्रेन के पटरियों से उतरने और उससे उपजे जोखिम से यात्रियों को कब मुक्ति मिलेगी। लोग कब इस आशंका से पूरी तरह मुक्त होकर किसी ट्रेन से सफर करेंगे कि वह हादसे का शिकार न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच जाएं? अक्सर ऐसी खबरें सुर्खियों में होती हैं, जिनमें बताया जाता है कि रेलवे विभाग जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा मुहैया कराने वाला है।


इस तरह के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत यह है कि आए दिन किसी ट्रेन के पटरी से उतर जाने की खबर आती है, तो कभी किसी अन्य हादसे की। अगर दुर्घटना को लेकर लोगों के भीतर किसी तरह का केवल डर भी बैठता है, तो इसका कारण लगातार होने वाले रेल हादसे ही होते हैं।जितने दावे नई और तमाम सुविधाओं से लैस आधुनिक ट्रेनें चलाने के किए जाते हैं, उतना ही ध्यान अगर ट्रेनों के संचालन, बुनियादी ढांचे के विकास और उसके मजबूत करने पर दिए जाएं, तो शायद हादसों को कुछ लगाम दिया जा पाता। विचित्र है कि ट्रेनों की रफ्तार और उनके बोझ में तो लगातार इजाफा हो रहा है, मगर उसी मुताबिक पटरियों की गुणवत्ता और व्यवस्थागत पहलू को भी बेहतर करना जरूरी नहीं समझा जाता।सवाल है कि सिर्फ इस मामले में बरती जाने वाली उपेक्षा की वजह से अगर कोई रेलगाड़ी पटरी से उतर जाती है और हादसा हो जाता है, तो क्या सिर्फ जांच और कार्रवाई के आश्वासन के जरिए इस समस्या से पार पाया जा सकता है? आधुनिक शक्ल और महंगे किराए वाली ट्रेनें चलाने के बीच आए दिन छोटे-बड़े हादसे सामने आ रहे हैं और दूसरी ओर, भारतीय रेल महकमे में बड़ी तादाद में रिक्तियां पड़ी हुई हैं।

# नई पम्बन ब्रिज: राष्ट्र का गर्व - इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक

**प्रदीप गौर**
**सीएमडी, आरवीएनएल**

**परिचय-ऐतिहासिक महत्व का पुल**

भारत के दक्षिणी तटीय क्षेत्र में, मुख्य भूमि को पवित्र रामेश्वरम द्वीप से जोड़ने वाला नया पम्बन ब्रिज एक इंजीनियरिंग की अद्भुत कृति है, जो कनेक्टिविटी, सुरक्षा और कार्यक्षमता को नया आयाम देने के लिए तैयार है। नया पांबन ब्रिज 100 वर्षों से अधिक समय तक खड़ा रहे ऐतिहासिक पम्बनब्रिज की जगह ले रहा है। यह नया पुल भारत की बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जबकि इसके समृद्ध धरोहर का सम्मान भी करता है।



यह नया रेलवे समुद्र पुल मंडपम रेलवे स्टेशन और रामेश्वरम द्वीप के बीच न केवल पुराने पांबन ब्रिज का प्रतिस्थापन है; बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग क्षमता में एक बड़ा कदम है। यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्र पुल है, जो प्रौद्योगिकियों से लेकर पर्यावरणीय सहनशीलता और वैश्विक कनेक्टिविटी तक की चुनौतियों का समाधान करता है। यह भव्य नया ढांचा, जो मानव बुद्धिमत्ता का एक अद्वितीय उदाहरण है, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के एक नए युग की शुरुआत करता है।

**पम्बन ब्रिज का ऐतिहासिक महत्व:** नए पम्बन ब्रिज की असाधारण विशेषताओं का वर्णन करने से पहले, इसके पूर्ववर्ती पुल के ऐतिहासिक महत्व को पहचानना महत्वपूर्ण है। पुराना पांबन ब्रिज, जिसे 1914 में पूरा किया गया था, भारत का पहला समुद्र पुल था। यह 2.078 किलोमीटर लंबा था और यह तमिलनाडु के मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता था, जो पाल्क जलडमरूमध्य को पार करता था। इसका शेरज़र रोलिंग लिफ्ट स्पैन, जो समुद्री यातायात को इसके नीचे से गुजरने की अनुमति देता था, इसे अपनी समय से बहुत पहले एक नवाचारपूर्ण कृति बना देता था। यह पुल रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए जीवन रेखा था और परिवहन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।



**नए पम्बन ब्रिज की आवश्यकता:** हालाँकि, जैसे-जैसे पुराना पुल समय के साथ जर्जर होने लगा और भारी जंग के कारण उसे बनाए रखना कठिन होता गया, एक नए और आधुनिक पुल की आवश्यकता महसूस हुई।

क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियाँ—भूकंपीय गतिविधि, चक्रीय तूफान और समुद्री जलवायु—को देखते हुए यह आवश्यक था कि एक ऐसा पुल डिजाइन किया जाए जो इन कठिन तत्वों का सामना कर सके, साथ ही भारत के रेलवे नेटवर्क की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा कर सके। इसके अलावा, यात्री और माल परिवहन की बढ़ती मात्रा के कारण एक आधुनिक पुल की आवश्यकता थी जो उच्च गति, भारी लोड और कुशल समुद्री मार्ग को समायोजित कर सके।

इसलिए, नए पांबन ब्रिज को बनाने का निर्णय लिया गया और रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), जिसे रेल मंत्रालय के तहत यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी, ने इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने का कार्य संभाला।

**आरवीएनएल की भूमिका- डिज़ाइन, योजना:** इस महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में आरवीएनएल की भूमिका डिज़ाइन से लेकर कमीशनिंग तक थी, और यह केवल पुराने पुल का निर्माण नहीं था। हमारा उद्देश्य एक ऐसी संरचना देना था जो न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करे, बल्कि आने वाले समय में क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आर्थिक सक्रियता को बनाए रखे।

आरवीएनएल के तहत, इंजीनियरों, योजनाकारों और तकनीशियनों की एक समर्पित टीम ने अत्यधिक कठिनाई के साथ आधुनिक समाधानों को डिजाइन और लागू किया।

नए पांबन ब्रिज का निर्माण अत्यधिक जटिल और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य था। इस पुल को पुराने पुल के समान स्थान पर बनाना था, जबकि यह सुनिश्चित करना था कि समुद्री और रेलवे यातायात निर्बाध रूप से चलता रहे।

**निर्माण में चुनौतियाँ- कठिनाइयों को पार करना:** नए पम्बन ब्रिज का निर्माण कई चुनौतियों से भरा हुआ था, जिनमें पर्यावरणीय समस्याओं से लेकर लॉजिस्टिकल जटिलताएँ शामिल थीं। पांबन जलडमरूमध्य के उथले पानी, तेज हवाएँ और अप्रत्याशित मौसम ने निर्माण प्रक्रिया में कठिनाइयाँ पैदा कीं। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की चक्रीय तूफानों और भूकंपीय गतिविधियों के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुल का डिज़ाइन करना आवश्यक था।

**नए पम्बन ब्रिज की प्रमुख विशेषताएँ:** नया पम्बन ब्रिज 2.078 किलोमीटर लंबा है और यह भारत के सबसे प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है। इसके डिज़ाइन में न केवल आधुनिक मानकों को पूरा किया गया है, बल्कि पर्यावरण द्वारा उत्पन्न विशिष्ट चुनौतियों से निपटने की विशेषताएँ भी शामिल हैं।

1. वर्टिकल लिफ्ट मेकेनिज़्म

नए पम्बन ब्रिज की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी अत्याधुनिक वर्टिकल लिफ्ट प्रणाली है, जो इसे भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्र पुल बनाती है।

2. उच्च गति रेल कनेक्टिविटी

नए पम्बन ब्रिज को उच्च गति वाले रेल ट्रेनों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो 160 किमी/घंटा की गति से चल सकती हैं।

3. वजन क्षमता में वृद्धि

नया पम्बन ब्रिज भारी लोड को सहन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसकी क्षमता 25 टन प्रति धुरा है।

4. जंग प्रतिरोधक उपाय

नए पुल में जंग प्रतिरोधक सामग्री का उपयोग किया गया है, जो पुल की लंबी उम्र को सुनिश्चित करता है।

5. भूकंपीय और चक्रीय स्थितियों के लिए सहनशीलता

नया पम्बन ब्रिज भूकंपीय और चक्रीय तूफानों के प्रभावों से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

आर्थिक और सामाजिक प्रभाव

नया पम्बन ब्रिज क्षेत्र पर कई प्रकार के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव डालने के लिए तैयार है। यह रोज़ाना यात्रा में सुधार, व्यापार को सुगम बनाने, और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

सतत विकास-एक हरित परियोजना

नए पम्बन ब्रिज परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि निर्माण और डिज़ाइन सतत विकास के सिद्धांतों के अनुरूप हो। स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए अत्याधुनिक निर्माण विधियों का उपयोग किया गया।

वैश्विक तुलना-विशाल पुलों के बीच

नया पम्बन ब्रिज भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्र पुल है, और यह वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पुलों जैसे कि गोल्डन गेट ब्रिज, टॉवर ब्रिज, और ओरेसंड ब्रिज के समानांतर खड़ा है।

अगला कदम-भविष्य की ओर

नया पम्बन ब्रिज भारत की इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक है और यह अगले कुछ दशकों में न केवल रामेश्वरम और तमिलनाडु के लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी गेटवे बनेगा।

# गोल्ड का खजाना बनाएगा भारत को और ताकतवर! ओडिशा में पहली बार होगा खनन

**वित्तीय उथल-पुथल और महंगाई के दौरान सोने में निवेश को सुरक्षित माना जाता है। भारत की बात करें तो सोना यहां ना केवल समृद्धि का प्रतीक है बल्कि स्टेटस सिंबल के तौर पर भी इसे देखा जाता है। भारत में यूं तो सोने की खान बहुत कम है और अधिकतर गोल्ड इंपोर्ट होता है। भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़े उपभोक्ता देशों में शामिल है। और हाल ही में ओडिशा में गोल्ड रिजर्व मिलने की एक खबर ने चारों तरफ चर्चा बटोरी है।**



**(नवीन जायसवाल)**

गोल्ड यानी सोना हमेशा से धन, समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक रहा है। दुनिया के सबसे महंगे मेटल में शुमार सोने को आर्थिक अस्थिरता के वक्त सबसे भरोसेमंद संपत्ति माना जाता है। पेपर करेंसी की वैल्यू तो महंगाई और राजनीतिक अस्थिरता जैसे कारणों के चलते ऊपर-नीचे हो सकती है लेकिन दुनियाभर में अपनी स्वीकार्यता के चलते सोने की वैल्यू हमेशा बरकरार रहती है। फिलहाल बात करें सोना अपने ऑलटाइम हाई पर है और 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पार कर चुका है।

सोने को सदियों से धन और एक्सचेंज के मीडियम के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। वित्तीय उथल-पुथल और महंगाई के दौरान सोने में निवेश को सुरक्षित माना जाता है। भारत की बात करें तो सोना यहां ना केवल समृद्धि का प्रतीक है बल्कि स्टेटस सिंबल के तौर पर भी इसे देखा जाता है। भारत में यूं तो सोने की खान बहुत कम है और अधिकतर गोल्ड इंपोर्ट होता है। भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़े उपभोक्ता देशों में शामिल है। और हाल ही में ओडिशा में गोल्ड रिजर्व मिलने की एक खबर ने चारों तरफ चर्चा बटोरी है। ओडिशा की गिनती भारत के उन राज्यों में होती है जिसे खनिज और संसाधनों का पावरहाउस कहा जाता है। राज्य में हाल ही में मिले गोल्ड रिजर्व से पता चला है कि गोल्ड माइनिंग के लिए यह एक हॉटस्पॉट है। प्रदेश के कई जिलों में गोल्ड रिजर्व का पता चला है। राज्य के खनन मंत्री बिभूति जेना ने इस रिजर्व की खोज की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि राज्य में अलग-अलग जगहों पर गोल्ड डिपॉजिट की खोज की जा रही है। आने वाले समय में एक बड़ी गोल्ड माइन नीलामी का आयोजन किया जाएगा।

**ओडिशा में किन-किन जगहों पर मिला गोल्ड रिजर्व:** बता दें कि राज्य के कई जिलों जैसे सुंदरगढ़, नबरंगपुर, क्योंझर और देवगढ़ में फिलहाल सर्च एक्टिविटी चल रही है। इसके अलावा मलकानगिरी, संबलपुर और बौध में भी कुछ एरिया हैं। मयूरभंज के कुछ एरिया जैसे जशिपुर, सीरीगुडा, रुआंसी समेत कुछ और जगहों पर रिसर्च प्रोजेक्ट चल रहे हैं। देवगढ़ जिले में सबसे जरूरी बात का पता चला है। इससे पहले यहां गोल्ड रिजर्व को अडासा-रामपल्ली नाम से पहचाना गया था। हालांकि, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) ने राज्य में कॉपर के लिए ल-2 लेवल की रिसर्च की है। जिससे इस एरिशा में मल्टीपल खनिज संसाधनों के होने की संभावना होने की उम्मीद जगी है।क्योंझर जिले के अलावा गोपुर-गाजीपुर, मांकड़चुआन, सलीकाना और डिमरिमुंडा इलाकों में सोने की खदान खोजने का काम चल रहा है। बता दें कि माइनिंग सेक्टर और इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए ओडिशा की राज्य सरकारी की रणनीति का यह हिस्सा है।

# कन्याओं का पूजिये भी, आत्मसुरक्षा भी सिखाइए

**इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है। उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है। सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं। उन्हें शिक्षित भी करें। उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए। आत्मसुरक्षा भी सिखाए। उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं।**

**(अशोक मधुप)**

भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे। परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण चलता रहा। देश में चेतना आई, शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नहीं हुए।

रविवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए हैं। नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं। इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है। उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है। सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं। उन्हें शिक्षित भी करें। उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए। आत्मसुरक्षा भी सिखाए। उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादती के खिलाफ बोलना भी बताएं। ज्यादती का मुकाबला भी करना सिखाएं।

नवरात्र देश भर में अलग?अलग रूप में मनाए जाते हैं। पूजा अर्चन की जाती है। सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे। स्वस्थ समाज की मांग करें। ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े। वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें।

आज देश की देवियां, महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं। कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक, ट्रेन, मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं। ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित भी कर रही हैं। कभी गाना, बजना, नाचना महिलाओं की कला मानी जाती थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ?साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, अनाज पिसाई, छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी ?लिखी महिलाएं घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं। समय बदला। महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया। पैरा मिलेट्री फोर्सेज में योगदान करने के साथ आज वह सेना में आकर देश सीमाओं को सुरक्षित बनाने और शत्रु से लोहा लेने में भी लगी हैं। समय के साथ-साथ समाज की प्राथमिकताएं भी बदलीं। नहीं बदला तो महिलाओं और युवतियों के शोषण का सिलसिला। भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे। परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण चलता रहा। देश में चेतना आई, शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नहीं हुए। हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सूचित किया कि वर्ष 2021 के प्रारंभिक आठ महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की शिकायतों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



राष्ट्रीय महिला आयोग को साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की करीब 31,000 शिकायतें मिलीं थी जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश के थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों में 2020 की तुलना में 2021 में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। साल 2020 में कुल 23,722 शिकायतें महिला आयोग को मिली थीं। राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 30,864 शिकायतों में से, अधिकतम 11,013 सम्मान के साथ जीने के अधिकार से संबंधित थीं। घरेलू हिंसा से संबंधित 6,633 और दहेज उत्पीड़न से संबंधित 4,589 शिकायतें थीं। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे अधिक 15,828 शिकायतें दर्ज की गईं, इसके बाद दिल्ली में 3,336, महाराष्ट्र में 1,504, हरियाणा में 1,460 और बिहार में 1,456 शिकायतें दर्ज की गईं। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के शील भंग या छेड़छाड़ के अपराध के संबंध में 1,819 शिकायतें मिली हैं। बलात्कार और बलात्कार की कोशिश 1,675 शिकायतें, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 1,537 और साइबर अपराधों की 858 शिकायतें मिली हैं। ये वे शिकायत हैं जो रजिस्टर होती हैं1 इससे कई गुनी शिकायत तो दर्ज ही नही होती। परिवार का सम्मान बताकर, युवती की स्मिता की बातकर घटनांए दबाली जाती हैं। अब तक बच्चियों को गाने-बचाना, डांस करने के वीडियो सामने आते थे। हाल ही में एक वीडियो सामने आया जिसमें एक पिता अपनी बेटी को लाठी चलाना सिखा रहा है। इस छोटे से वीडियों को बहुत पसंद किया गया। आज समय की मांग है कि परिवार विशेषकर मां बेटी को बचपन से गुड टच और बैड टच से अवगत कराए। इनका अंतर बताए। कहीं कुछ घर के आसपास, स्कूल में, स्कूल बस में अगर ऐसा होता है तो वह घर आकर बताएं। बेटी अब घर की देहरी के अंदर तक ही सीमित नही रह गई है। वह कार्य के लिए घर से बाहर निकल रही है। ट्रेन में, बस में अकेले सफर कर रही है। नौकरी के लिए सात समुंद पार जा रही है। ऐसे में जरूरत है उसे आत्मसुरक्षा की जानकारी देने की। जूडे?कराटे सिखाने की। आत्मसुरक्षा में निपुण करने की, ताकि वह विपरीत परिस्थिति में अपना बचाव कर सके। अगर ऐसा होगा तो छेड़छाड़ करने वाले के भय से युवती को आत्महत्या नही करनी पड़ेगी। जबकि आज इस तरह की रोज अखबारों में खबर आ रही हैं। पिछले दिनों मुरादाबाद में से 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर कीटनाशक खा कर आत्महत्याकर ली। मुंबई के विनोबा भावे नगर चचेरे भाई के बार-बार यौन उत्पीड़न से तंग आकर 15 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीडीसी ने की कार्यो की समीक्षा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कई निर्देश दिए गए। सभी प्रखंडों में दो मॉडल खेल मैदानों का निर्माण 15 अप्रैल 2025 तक पूरा करने को कहा गया। योजना का अभिलेखीकरण और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार मानक दिवस सृजन के अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवास योजनाओं को ईएमआर जनरेट कर मनरेगा सॉफ्ट पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में खेल मैदान और वृक्षारोपण योजनाओं में प्रयुक्त सामग्री की शत-प्रतिशत प्रविष्टि दो दिन के भीतर करने को कहा गया। वृक्षारोपण से जुड़ी सभी योजनाओं का निरीक्षण कर जल-जीवन-हरियाली पोर्टल पर एक सप्ताह के अंदर प्रविष्टि करने का निर्देश दिया।

### झोलाछाप डॉक्टर ने ली एक महिला की जान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरूषोतमपुर थाना के मरजदवा बाजार में एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक महिला का आपरेशन कर महिला को मौत के घाट उतार दिया। मृत महिला पुरूषोतमपुर के महुअवा गांव के रमण शर्मा की पत्नी फूलपति देवी 55 वर्ष बतायी जाती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मरजदवा बाजार स्थित जनता हॉस्पिटल में महिला के पेट में गॉलब्लैडर में पत्थर होने की बात कह झोलाछाप डॉक्टर द्वारा महिला की पेट की आपरेशन कर दिया गया। उसके बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। महिला की तबीयत बिगड़ते देख झोलाछाप डॉक्टर ने महिला की इलाज के लिए बेतिया ले जाने को कहा। बेतिया में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि डेड बॉडी को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### शादी की नीयत से लड़की का अपहरण, केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि लड़की के पिता ने आवेदन देकर बताया है कि विगत 26 मार्च को उसकी लड़की खेत में गई थी। इसी दौरान शिकारपुर थाना के फुलवरिया गांव के सोनेलाल साह शादी की नीयत से लड़की का अपहरण कर लिया है। इधर लड़की के पिता ने आवेदन में उल्लेख किया है कि लड़की का अपहरण करने में गांव के लाल बहादुर शाह की पत्नी सुशीला देवी की अहम भूमिका है। सुशीला देवी और सोनेलाल शाह के बीच फुकरे भाई-बहन का रिश्ता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### जमीनी विवाद में मारपीट, एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के दुर्गवालिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट मामले में लालजी यादव के फर्द बयान पर शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। घटना 12 मार्च की है। एफआईआर में गाव के ही छठु बैठा,सिपाही पटेल,साहब पटेल को नामजद किया है। आरोप है कि 11 मार्च की सुबह पूर्व में हुए जमीनी विवाद को लेकर सभी लोग एकत्रित होकर गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिए। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि घायल के फर्द बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### स्वच्छता शुल्क संग्रहण में राजपुर तुमकड़िया अव्वल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के कुल 27 पंचायतों से स्वच्छता शुल्क मद्द में अब तक करीब तीन लाख 590 रुपए राशि संग्रहित की गई है। हालाकि इसमें कई पंचायत अभी प्राप्त लक्ष्य के अनुसार पीछे चल रहा है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को सख्त निर्देश दिया है कि पंचायतों में नियमित रूप से कचरे का उठाव करे एवं ससमय स्वच्छता शुल्क संग्रहित करें और उसे गंगा ग्राम एप्प पर अपडेट करे । ऐसा नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक गंगा ग्राम ऐप पर एक लाख 41 हजार 500 रुपए हीं अपडेट किया गया है। वही बीसी राम विनय प्रसाद ने बताया कि स्वच्छता शुल्क संग्रहण करने में सबसे अव्वल राजपुर तुमकड़िया पंचायत है। यहां करीब 41 हजार 470 रुपए संग्रहित किया गया है। जबकि बनवरिया पंचायत में अब तक यह राशि शून्य है। वही गोखुला, भभटा, भेड़ीहरवा, सेमरी, कुंडीलपुर, शिकारपुर, धूमनगर, मलदहिया पोखरिया, चमुआ, नौतनवा, कुकुरा, डुमरिया, बरवा बरौली एवं केसरिया पंचायत में 10 हजार से कम स्वच्छता शुल्क संग्रहित की गई है। बीसी ने यह भी बताया कि दस हजार रुपए से कम स्वच्छता शुल्क संग्रहण करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों को जल्द से जल्द प्राप्त लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### कांग्रेसियों ने नए जिला अध्यक्ष का किया अभिनंदन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील कुमार यादव का सीवान जिला कांग्रेस कार्यालय में अभिनंदन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ विधुशेखर पांडे ने पार्टी का झंडा और अंगवस्त्र देकर अपना कार्यभार सौंपा गया. जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने कहा के सभी वरीय नेताओं और साथियो के साथ मिलकर के जिले के आठों विधानसभा में पार्टी को मजबूत करेंगे और जो भी हिस्से में कांग्रेस की सीट आएगी उसको भी जीतने का काम करेंगे.इसके अलावा राजद,सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई के हिस्से में आएगा, उसको भी जीताने का काम करेंगे. कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉक्टर विधु शेखर पांडे ,पूर्व जिला अध्यक्ष राजाराम सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष शिवधारी दुबे , कमलेश कुमार बच्चू,हाफिज जुबेर आसिम, जमाल अहमद, मोहम्मद आसिफ, जफर अहमद, शशिभूषण कुमार, बृजकिशोर सिंह, अलाउद्दीन अहमद, इंदु देवी, आशुतोष कुमार, संस्कार यादव,ध्रुव लाल प्रसाद, लाल बाबू खरवार, मेराज अहमद, रमेश उपाध्याय, अमितेश पांडे, अहमद नवाज, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष न्याजुद्दीन खान रॉकी, राधेश्याम शर्मा, अमरजीत यादव, वैद्यनाथ महतो,नागेंद्र सिंह, कमल किशोर ठाकुर, पवन कुमार, विकास तिवारी, फिरोज खान, हरि ओम, सुशील सोनी, सोनू ,नंद प्रसाद, इरफान अहमद, मो. जाहिद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे.कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रतिनिधि डॉ ख्वाजा एहतेशाम अहमद ने किया.

### तेज रफ्तार अपाची से टकराने पर युवक घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मशरक के चालीस आरडी नहर सड़क पर एक अपाची सवार युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। युवक की बाइक के सामने अचानक बकरी आ जाने से संतुलन बिगड़ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची इमरजेंसी 112 टीम ने घायल को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया। घायल की पहचान गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा गांव निवासी महावीर यादव (25) के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विद्यार्थी ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इमरजेंसी 112 के अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल पर पहुंची और युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी।

### राम जानकी पथ निर्माण कार्य में तेजी लाने को लेकर बैठक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रहे एन एच 227 ए राम जानकी पथ के निर्माण कार्य में गति लाने को लेकर अंचल कार्यालय में डीसीएलआर मनोहर कुमार साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ सुमंत कुमार समेत निर्माण कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीसीएलआर मनोहर कुमार साहू ने बताया कि भूमि अधिग्रहण में आ रही बाधाओं को दूर करने और प्रभावित लोगों को शीघ्र मुआवजा देने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि मशरक और पानापुर प्रखंड में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए गांवों में कैंप लगाए जा रहे हैं। जैसे ही अधिग्रहण पूरा होगा, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व सिवान सांसद विजया लक्ष्मी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर इस सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की थी।

### नगर पंचायत की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मशरक नगर पंचायत कार्यालय में मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें कार्यपालक पदाधिकारी मो. शहनवाज रजा, नाजीर रणधीर कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने निर्देश दिया कि वाहन पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, स्वच्छता अभियान, कचरा निस्तारण और जलापूर्ति योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। एसडीओ ने बताया कि कुछ योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। रिपोर्ट जिले को भेजी जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय भेलवई में भीषण गर्मी में भी स्कूली बच्चों को पानी नसीब नहीं, विभाग बेखबर




**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड सरकार लगातार शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए तरह तरह की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रही है ताकि झारखंड एक अच्छे शिक्षित राज्यों के नाम से जाना जा सकें मगर कुछ कुंभकर्णी अफसरों की पदस्थापन से झारखंड में शिक्षा का स्तर खर्च करने के बावजूद नहीं बढ़ पा रहा है।

इस भीषण गर्मी में भी स्कूली बच्चों को अगर पीने का पानी के लिए भटकना पड़े तो इस राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकता है। आइए जानते हैं टुण्डी प्रखंड की पश्चिमी सीमा जो कभी उग्रवाद क्षेत्र के नाम से जाना जाना जाता था मगर आज स्थिति कुछ और ही है सरकार द्वारा शिक्षा के प्रति एक अच्छी सोच ने लोगों को शिक्षित बनने पर मजबूर कर दिया है साथ ही एक अच्छे इंसान की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है मगर कुछ लापरवाह अफसरों के कारण शिक्षा विभाग में कई तरह की जन समस्याएं खड़ी हो गई है। तथा इन अफसरों के कारण झारखंड में विकास की गति ठप सा हो गया है ताकि सरकार की बदनामी हो ऐसा ही कुछ उदाहरण हमारे टुण्डी प्रखंड के कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है आज मैं मनियांडीह थाना क्षेत्र के नया प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र भेलवई में एक सोलर जलमिनार जो कई महीनो से बेकार पड़ा है और बच्चे एक बूंद पानी के लिए तड़प रहें हैं जबकि मजेदार बात यह है कि झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा पर लगातार अच्छी खासी आवंटन भेजने का काम लगातार कर रही है। चाहे वह रंगरोगन हो या फिर पानी पर खर्च हो मेंटनेंस के नाम पर लाखों रूपए की आवंटन स्कूलों को मिल रहा है फिर भी बच्चों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा और बच्चे इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। खासकर पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मध्याह्न भोजन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है बच्चों को प्यास लगने पर क्लास बीच में छोड़कर अपने घर पानी पीने के लिए जाना पड़ रहा है जिससे पढ़ाई में बाधित हो जा रहा है। प्रभारी पारा शिक्षक राजेश कुमार मंडल ने बताया कि विभाग को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है फिर भी पेयजल की समुचित व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं किए जाने से स्कूली शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है खासकर आंगनबाड़ी में छोटे छोटे बच्चों को ज्यादा तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

# रनियां प्रखंड की जयपुर पंचायत स्थित केलो ग्राम में वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ





**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रनियां प्रखंड के जयपुर पंचायत स्थित केलो ग्राम में आज वाटर शेड यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रनियां प्रखंड प्रमुख ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल छाजन की महत्ता से अवगत कराना तथा पानी के संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन की विधियों की जानकारी देना था। साथ ही, उन्नत कृषि तकनीकों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर माननीय खूँटी विधायक प्रतिनिधि ने जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को जल संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में लाभान्वित किसानों ने भी अपने विचार साझा किए और जल छाजन तकनीकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान 20 किसानों को "जल छाजन योद्धा" का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, साथ हीं कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण एवं प्रतिज्ञा भी दिलाया गया। इस अवसर पर आत्मा परियोजना निदेशक, उप परियोजना निदेशक, जिला जल छाजन तकनीकी विशेषज्ञ एवं जल छाजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बलात्कारी हत्यारे को स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी दिलवाए प्रशासन : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटनगंज के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने बेलवाटीका कांदू मुहल्ला स्थित 10 साल की नाबालिग लड़की के दुष्कर्म के घटना के बाद गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही उनके परिवार जनों से मुलाकात कर रेड़मा कोयल नदी के घाट पर दाह संस्कार में शामिल हुए। दाह संस्कार में उनके पिता व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल था। तिवारी ने कहा कि यह घटना निर्भया कांड के घटना से भी बड़ी घटना है। इसमें नाबालिग के साथ क्रूरतम जगन्य अपराध कर बलात्कार कर उसकी हत्या कर दिया गया। अपराधी टिंकू शर्मा 35 वर्ष का है। अविलंब विशेष कोर्ट बैठाकर व उस पर स्पीडी ट्रायल चलकर जिला प्रशासन फांसी दिलवाने का काम करें। लड़की के पिता दैनिक मजदूरी का काम करते हैं। उनकी माली हालत भी ठीक नहीं है। उनकी तीन बच्चियों ही थी।

जिला प्रशासन अविलंब उनको मुआवजा दिलवाने का भी काम करें । जिला सचिव तिवारी ने मृतक लड़की के पिता को यह आश्वासन दिया कि वह मृतक लड़की के वकील के रूप में भी निशुल्क काम करके फांसी दिलवाने का काम करेंगे। इससे पहले घटना के बाद सीपीआई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, अभय कुमार भूइंया व रामजीत राम परिवार वालों के साथ थे व दाह संस्कार में सम्मिलित हुए।

# जनता की चाहत है कि 2029 में देश के प्रधानमंत्री बनें राहुल गांधी : बिट्टू पाठक

**बैठक में भाग लेने बिट्टू पाठक हुए दिल्ली रवाना**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 4 अप्रैल 2025 को इंदिरा भवन नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक भाग लेंगे। बैठक में भाग लेने के लिए पलामू जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के साथ कोषाध्यक्ष अजय साहू बृहस्पतिवार को दिल्ली रवाना हुए। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने की दिशा में यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा प्रदेश के प्रभारी, पार्टी के अन्य वरीय नेता मौजूद रहेंगे। बैठक में जिला अध्यक्षों से संगठन की पूरी जानकारी ली जाएगी। बैठक सभी कार्यकताओं को नया ऊर्जा देने का कार्य करेगा । सभी कार्यकर्ता अब नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। लक्ष्य 2029 को लेकर कांग्रेस के हर कार्यकर्ता व देश की जनता चाहती है कि 2029 में देश के प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनें।

# शांतिपूर्ण व अपराधमुक्त व्यवस्था से विकास को मिलेगा बढ़ावा : दीपक तिवारी

**झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने सदर थाना प्रभारी को किया सम्मानित**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के युवा नेता दीपक तिवारी ने गुरुवार को सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता को चुनरी ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। दीपक तिवारी के साथ समाजसेवी सतीश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने थाना प्रभारी से उम्मीद जताया कि अपने अच्छे कार्यशैली से क्षेत्र को अपराध मुक्त व शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाएंगे। कहा कि शांतिपूर्ण व अपराधमुक्त व्यवस्था से विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे थाना क्षेत्र के लोग सुरक्षित महसूस करेंगे। बिना किसी दबाव व डर -भय के निर्भिकता पूर्वक अपने व्यवसाय व कार्यों पर ध्यान देते हुए गति प्रदान करेंगे। शांतिपूर्ण व्यवस्था से पुलिस प्रशासन पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने संतोष गुप्ता से थाना प्रभारी के पद पर रहकर अपने क्षेत्र अंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने व गैरकानूनी कार्यों की रोकथाम को लेकर तत्पर रहने, अपनी कार्यशैली, कुशल नेतृत्व व लोगों के साथ आपसी समन्वय रखकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। अपराध नियंत्रण में अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए मामलों को समन्वय से सुलझाने व अपराधमुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने की उम्मीद जताई। दीपक तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की सरकार पूरे राज्य को अपराध मुक्त बनाने व शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने को लेकर कार्य कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह संभव हो सकेगा। मौके पर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने भी आश्वस्त किया कि गैर कानूनी कार्य करने वालों पर नियमानुकूल कार्रवाई होगी। कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

# नबालिग बच्ची के साथ बलात्कार व हत्या पर पुलिस की भूमिका गलत : सतीश कुमार



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिला में लगातार अपराध की घटना तेजी से बढ़ रही है। पुलिस की भूमिका अपराध रोकने पर नहीं बल्कि अपराधियों को मनोबल बढ़ाने में ज्यादा है। राज्य सरकार सरेआम लुटेरों, माफियाओं व गुंडों को संरक्षण दे रही है। सरेआम बालू व खनन उत्पाद वन उत्पाद की धडल्ले से लूट जारी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पूछा कि अपराधियों का मनोबल क्यों नहीं बढेगा। गाड़ी चेकिंग के नाम पर मेदिनीनगर में प्रसाशनिक दूकान खोल दी गई है। अपराधियों के मन से डर निकल गईं हैं। डा. आरपी सिन्हा के अस्पताल के पास सरेआम गोली चलने की घटना घटी।

कान्दू मुहल्ला मे टिंकू शर्मा नामक अपराधी ने 10 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ अपने घर में बलात्कारकर पत्थर से कुचल कर हत्या कर दिया। मुहल्लेवासियों ने अपराधी को पकड़कर पुलिस को जिम्मा दिया तो पुलिस प्रशासन अपना पीठ थपथपाने लगी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने सरकार पर स्पष्ट आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार में राज्य मे कानून व्यवस्था नहीं है। राज्य की राजधानी मे अनिल टाईगर समेत कई लोगों की लगातार हत्या हो रही है। लूट की घटना सरेआम हो रही है। सरकार पंगु व तमासबीन बनी है। सतीश कुमार ने सरकार से कांदू मुहल्ला के पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। साथ ही मुकदमा को स्पिडली ट्रायल चलाकर फांसी की सजा देने की मांग की है।

# अगर नेटफ्लिक्स पर "खाकी: द बंगाल चैप्टर" नहीं देखा, तो क्या देखा?

**रोमांचक, दमदार, जबरदस्त और एक्शन से भरपूर क्राइम थ्रिलर- 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' नेटफ्लिक्स पर मचा रहा धूम**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीरज पांडे द्वारा बनाई गई 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' कोलकाता का एक नये रंग भ्रष्टाचार और न्याय की जटिलताओं को बारीकी से पेश करती है। यह सात एपिसोड वाली नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा की कहानी है, जो बिना डरे एक भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ता है। इस सीरीज ने लॉन्च होते ही दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप 10 (नॉन-इंग्लिश टीवी) लिस्ट में जगह बनाई। 12 देशों में यह शो अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन एक्टिंग की वजह से छाया हुआ है। इसमें जीत, प्रोसेनजीत चटर्जी, सास्वता चटर्जी, परमब्रत चटर्जी, ऋत्विक भौमिक, आदिल जफर खान, चित्रांगदा सिंह, पूजा चोपड़ा, आकांक्षा सिंह, मिमोह चक्रवर्ती और श्रद्धा दास जैसे कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है। यह कहानी राजनीति और अपराध के टकराव की है, जहां सत्ता की सच्चाई और आदर्शवाद के बीच एक शतरंज जैसी जंग चलती है। चित्रांगदा सिंह द्वारा निभाई गई विपक्षी पार्टी की तेज-तर्रार और मौकापरस्त नेता निबेदिता बसाक और सागोर (ऋत्विक भौमिक) और रंजीत (आदिल जफर खान) की जोड़ी इस कहानी में नए रंग भरती है, जिससे यह शो एक्शन और क्राइम ड्रामा के शौकीनों के लिए एक मस्ट-वॉच बन जाता है। चित्रांगदा सिंह ने कहा, 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' में एक पॉलिटिशियन निबेदिता बसाक का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। कई मायनों में यह मेरे लिए पहली बार था। एक राजनेता का रोल निभाना आसान नहीं होता, लेकिन सीरीज की स्क्रिप्ट बहुत शानदार थी और डायरेक्टर तुषार और देबात्मा को अच्छी तरह पता था कि उन्हें क्या चाहिए। एक दर्शक के तौर पर आप हर किरदार की मंशा को लेकर बार-बार सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। दुनियाभर से हमें जो प्यार मिला है, वह बेहद खास है और मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस जबरदस्त क्राइम थ्रिलर को देखें। नेटफ्लिक्स की वजह से यह शो पूरी दुनिया तक पहुंचा है, और अगर आपने इसे अब तक नहीं देखा, तो आप एक शानदार अनुभव से चूक रहे हैं।

# वनों को आग से बचाने के लिए विभाग ने की फुलप्रूफ तैयारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकि टाईगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के वाल्मीकि नगर और गोनौली वन क्षेत्र के सदाबहार जंगल को आग से बचाने के लिए वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।बताते चलें कि गर्मी के मौसम की शुरूआत और मौसम में हुए परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने लगी है।वन क्षेत्र में पेड़ों से पत्ते गिरने लगे हैं। सूखे पत्तों में लगी एक छोटी सी चिंगारी से वन क्षेत्र में पेड़ ,पौधों और जीव जंतुओं को नुकसान हो सकता है। इस संभावना को देखते हुए वन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर वन क्षेत्र के रेंजर श्रीनिवासन नवीन और गोनौली के वन क्षेत्र पदाधिकारी राजकुमार पासवान ने बताया कि टाइगर रिजर्व प्रकृति की अनमोल धरोहर है।इसमें विभिन्न प्रकार के शाकाहारी और मांसाहारी जीव जंतुओं के साथ विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों का भी अधिवास है।

# महादलित टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन कर विकास योजनाओं का होगा अध्ययन

**14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर होगी शिविर की शुरूआत, प्रत्येक बुधवार व शनिवार को इन शिविरों का होगा आयोजन**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** महादलित टोलों में विकास योजनाओं के अध्ययन व लोगों की आकांक्षाओं को जानने के उद्देश्य से जिला प्रशासन विशेष विकास शिविर का आयोजन करेगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत महादलित विकास मिशन के तहत यह शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर की शुरूआत 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर होगी। प्रत्येक बुधवार व शनिवार को इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक महादलित टोले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो संबंधित विभागों के प्रखंड और पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ शिविर का संचालन करेगा।

**जिलाधिकारी ने की बैठक:** शिविर के सफल संचालन के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे दो दिनों के भीतर महादलित टोला वार नोडल पदाधिकारियों को नामित करें। शिविर में शामिल होने वाले अन्य अधिकारियों और कर्मियों की भी जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया गया। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की कमियों और समस्याओं की सूची बनाई जाएगी। निवारण योग्य मामलों का त्वरित समाधान किया जाएगा। राशन कार्ड न होने की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों का आवेदन कराया जाएगा और अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

**निगरानी के लिए बनेगा नियंत्रण कक्ष:** शिविरों के सतत अनुश्रवण के लिए जिला और अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिविर की तिथि और समय का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## अमेरिका के 26 प्रतिशत टैरिफ से देश के निर्यातकों पर होगा असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए 26 फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) से निसंदेह भारत के घरेलू खिलाड़ी (निर्यातक) प्रभावित होंगे। हालांकि, भारत की स्थिति अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। यह बात भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (एफआईईओ) के महानिदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय सहाय ने गुरुवार को कही।




सहाय ने उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिकी बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर बातचीत जल्द पूरी होगी, जिससे इन जवाबी टैरिफ के असर को कम किया जा सकेगा। समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में उन्होंने कहा, हमें इसके प्रभाव का आकलन करना होगा। लेकिन अगर हम अन्य देशों पर लगाए गए टैरिफ को देखें तो भारत को कम दर के दायरे में रखा गया है। वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, म्यांमार जैसे प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में हमारी स्थिति बेहतर है। इन टैरिफ से हम पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा, लेकिन कई अन्य देशों की तुलना में हम बेहतर स्थिति में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह टैरिफ इसलिए लगाया है, क्योंकि उनका कहना है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर अधिक टैरिफ लगाता है। उन्होंने एक चार्ट दिखाते हुए कहा कि भारत अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर 56 फीसदी टैरिफ लगाता है, जिसमें मुद्रा हेरफेर और व्यापारिक अवरोध भी शामिल हैं। अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी रियायती जवाबी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। चार्ट में यूरोपीय संघ, भारत, चीन और ब्रिटेन जैसे देशों की ओर से लगाए गए टैरिफ और अब इन देशों पर लगाए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ दर्शाए गए थे। ट्रंप ने कहा, भारत बहुत मुश्किल देश है, बहुत ही मुश्किल। प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) अभी-अभी यहां से गए हैं। वह मेरे अच्छे मित्र हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा- आप मेरे मित्र हैं, लेकिन हमें सही तरीके से नहीं समझ रहे हैं। वह हम पर 52 फीसदी टैरिफ लगाते हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा। अमेरिका, भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी (आयात का 6.22 फीसदी और द्विपक्षीय व्यापार का 10.73 फीसदी) हिस्सा रखता है। अमेरिका के साथ भारत को 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष (निर्यात और आयात का अंतर) हुआ। इससे पहले, 2022-23 में यह 27.7 अरब डॉलर, 2021-22 में 32.85 अरब डॉलर, 2020-21 में 22.73 अरब डॉलर और 2019-20 में 17.26 अरब डॉलर था।

## हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के सीईओ का इस्तीफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट क्लासीफाइड प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम की मूल कंपनी आरईए इंडिया के सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को एक बयान में ऑस्ट्रेलिया के आरईए ग्रुप ने घोषणा की कि ध्रुव ने 14 साल तक कारोबार में रहने के बाद आरईए इंडिया के सीईओ पद से हटने का फैसला किया है। बयान में कहा गया, ध्रुव अग्रवाल अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति में सहयोग करेंगे। वे जाने से पहले एक सहज नेतृत्व परिवर्तन सुनिश्चित करने में कंपनी की हरसंभव सहायता करेंगे। नए सीईओ की नियुक्ति के लिए एक व्यापक प्रक्रिया चल रही है। आरईए इंडिया के पास रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम का स्वामित्व है।

**पीएम मुद्रा योजना: महिलाओं-पिछड़े वर्गों की बदली जिंदगी; 52 करोड़ खाते खुले**

# 27.5 लाख करोड़ बैंकों ने दिए कर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार की ओर से 2016 में शुरू किए गए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना यानी पीएमएमवाई ने पिछले एक दशक में महिलाओं और पिछड़े वर्गों की जिंदगी बदल दी है। इसके तहत अब तक कुल 52 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुले हैं। बैंकों ने इनको 27.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया है। एसबीआई की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) में कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों को छोड़कर मुद्रा के तहत कर्ज दिया जाता है। वित्त वर्ष 2014 में इस क्षेत्र को कुल 8.5 लाख करोड़ रुपये कर्ज दिया गया, जो 2023-24 में तीन गुना बढ़कर 27.5 लाख करोड़ को पार कर गया। 2024-25 में यह 30 लाख करोड़ को पार कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 52 करोड़ खाते खुले हैं।




इसमें से 40 करोड़ यानी 78 फीसदी खाते शिशु कैटेगरी के हैं। 10 करोड़ यानी 20 फीसदी किशोर के और दो करोड़ यानी दो फीसदी तरुण के हैं। कुल खातों में शिशु का हिस्सा 2024-25 में कम होकर 51.7 फीसदी हो गया, जो 2025-26 में 93 फीसदी था। किशोर का हिस्सा 5.9 फीसदी से बढ़कर 44.7 फीसदी पर पहुंच गया है। इसका मतलब यह कि जिन लोगों ने शिशु के तहत कर्ज लिया वे अब किशोर की श्रेणी में आ गए हैं।

### कर्ज का औसत आकार 1.02 लाख रुपये

रिपोर्ट बताती है कि 2015-16 में कर्ज का औसत आकार 38,000 रुपये था। अब यह 1.02 लाख रुपये हो गया है। 51 करोड़ खातों में से आधे खाते सामान्य श्रेणी वालों के हैं। कुल खातों में महिला उद्यमी का हिस्सा 68 फीसदी है। 11 फीसदी अल्पसंख्यकों के हैं। वित्त वर्ष 2016 से अब तक के 9 वर्षों में प्रति महिलाओं को वितरित रकम सालाना 13 फीसदी चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 62,679 रुपये हो गई है। इसी दौरान जमा की रकम 14 फीसदी बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है।

### जमीनी स्तर पर महिलाओं को संबल

रिपोर्ट बताती है कि इन आंकड़ों का असर सीधे जमीनी स्तर पर महिलाओं को आर्थिक संबल देने में दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर 2020 में शुरू किए गए उद्यम पोर्टल पर महिलाओं का हिस्सा कुल पंजीकृत एमएसएमई में 20.5 फीसदी हो गया है।

**कुल खातों में ओबीसी का हिस्सा 28 फीसदी...**कुल खातों में 28 फीसदी हिस्सा ओबीसी यानी अन्य पिछड़ी जातियों का है। एसटी यानी अनुसूचित जनजाति का हिस्सा 6 फीसदी और एससी (अनुसूचित जाति) का हिस्सा 16 फीसदी है।

### सबसे ज्यादा महिला खाता बिहार में...

बिहार में सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिला खाते हैं। तमिलनाडु में चार करोड़, पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़, कर्नाटक में 3.4 करोड़, महाराष्ट्र में 3.3 करोड़ और उत्तर प्रदेस में तीन करोड़ खाते हैं।

**सीएमआईई की रिपोर्ट: देश में लगातार घट रहे रोजगार के अवसर**

# 42 लाख लोगों की नौकरियों पर खतरा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। आलम यह है कि मार्च, 2025 में भारतीय श्रम बाजार सिकुड़ गया, जिससे 42 लाख लोगों की नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। इनमें से कुछ लोगों की नौकरी चली गई है और कइयों ने रोजगार की तलाश बंद कर दी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में देश का श्रम बल 45.77 करोड़ से 42 लाख घटकर मार्च में 45.35 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है। वहीं, रोजगार की संख्या भी फरवरी के 41.91 करोड़ से घटकर मार्च में 41.85 करोड़ रह गई।

दिसंबर, 2024 के बाद से लगातार तीन महीनों तक रोजगार में गिरावट देखने को मिली है। श्रम बल और रोजगार में यह निरंतर गिरावट अर्थव्यवस्था में मंदी का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च में बेरोजगारों की संख्या 3.86 करोड़ से घटकर 3.5 करोड़ रह गई। फरवरी की तुलना में मार्च में करीब 36 लाख कम लोग सक्रिय रूप से नौकरी तलाश कर रहे थे। ये 36 लाख लोग संभवतः रोजगार के अवसरों की कमी के चलते मार्च में श्रम बाजारों से बाहर निकल गए।

### बेरोजगारी के साथ रोजगार भी घट रहा

रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य तौर पर हर महीने बेरोजगारों की संख्या में करीब 10 लाख की शुद्ध वृद्धि होती है। मार्च, 2021 से मार्च, 2025 के दौरान हर महीने औसत शुद्ध वृद्धि 9.90 लाख थी। बेरोजगारों की संख्या में कमी आने के कारण बेरोजगारी दर फरवरी के 8.4 फीसदी की तुलना में मार्च में घटकर 7.7 फीसदी रह गई। बेरोजगारी दर में गिरावट का मतलब है कि आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

### ऑफिस कर्मचारियों की नियुक्ति 1.4 फीसदी घटी

ऑफिस में काम करने वालों की भर्ती के रुझान में मार्च, 2024 की तुलना में इस साल मार्च में 1.4 फीसदी की मामूली गिरावट आई है। इसका कारण खुदरा, तेल-गैस और शिक्षा क्षेत्रों में भर्ती में गिरावट है। नौकरी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, होली और ईद की छुट्टियों के बावजूद व्हाइट कॉलर रोजगार बाजार मार्च में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग स्थिर रहा। खुदरा (13 फीसदी), तेल-गैस (10 फीसदी) और शिक्षा (14 फीसदी) में भर्तियां कम रहीं। आईटी क्षेत्र में 3 फीसदी की गिरावट देखी गई।

### जेम के जरिये 10 लाख भर्ती

सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) ने 2024-25 में सरकारी संगठनों के जरिये 10 लाख से अधिक भर्तियों की सुविधा प्रदान की। इस प्लेटफॉर्म पर 33,000 से अधिक सेवा प्रदाता खरीदारों को न्यूनतम मजदूरी और निश्चित पारिश्रमिक सहित विविध मानदंडों के आधार पर लोगों को नियुक्त करने में सक्षम बनाते हैं।

# सेबी ने एचडीएफसी बैंक को दी चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक को नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने को लेकर चेतावनी पत्र जारी किया गया है। यह चेतावनी पत्र भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जारी किया है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक के कामकाज के समय-समय पर होने वाले निरीक्षण के बाद सेबी ने कुछ नियामकीय दिशानिर्देशों का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने के लिए एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है। बैंक ने कहा कि ऐसे पत्र में खामियों को दूर करने के लिए वह आवश्यक कदम उठाएगा। इससे पहले, सेबी ने दिसंबर, 2024 में मर्चेंट बैंकिंग गतिविधि से संबंधित नियामकीय गैर-अनुपालन के लिए एचडीएफसी बैंक को एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया था।

### को-लोकेशन मामले में जुर्माना




सेबी ने एनएसई को-लोकेशन के मुद्दे के संबंध में बाजार सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में बुधवार को शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और इसके निदेशकों पर 5.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। सेबी ने उन्हें 45 दिनों के भीतर जुर्माना देने का निर्देश दिया है। एनएसई 'को-लोकेशन' से मतलब ऐसी सुविधा से है, जहां कारोबारी सदस्य अपने सर्वर को एक्सचेंज के परिसर में रख सकते हैं। इससे बाजार के आंकड़ों और ऑर्डर निष्पादन तक पहुंच अपेक्षाकृत तेज होती है। इसके अलावा, सेबी ने ओपीजी सिक्योरिटीज और संजय गुप्ता पर नियामक की आचार संहिता का अनुपालन न करने और जांच में बाधा डालने के लिए क्रमशः 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### सेबी ने निवेश सलाहकारों को दी ये अनुमति

सेबी ने निवेश सलाहकारों और शोध विश्लेषकों को एक वर्ष तक अग्रिम शुल्क लेने की अनुमति दे दी है। मौजूदा नियमों के तहत, निवेश सलाहकार (आईएएस) ग्राहक के सहमत होने पर दो तिमाहियों तक के लिए अग्रिम शुल्क ले सकते हैं, जबकि शोध विश्लेषकों (आरएएस) के लिए सिर्फ एक तिमाही के लिए शुल्क लेने की अनुमति थी।

# कर्ज फ्री है पेनी स्टॉक एचक्यू

**कंपनी के शेयर को खरीदने की मची लूट, 1.30 पर आया शेयर**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज गुरुवार को 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है।

इसी के साथ यह शेयर आज 1.30 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। कर्ज फ्री कंपनी का पिछला बंद भाव 1.19 रुपये प्रति शेयर था। शेयर का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 2.78 रुपये प्रति शेयर और 52-सप्ताह का न्यूनतम स्तर 1.02 रुपये प्रति शेयर रहा। इसका मार्केट कैप 142 करोड़ रुपये का है। शेयर 5 सालों में 500 प्रतिशत से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

### दिसंबर तिमाही के नतीजे

तिमाही नतीजों के अनुसार कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 94.45 करोड़ रुपये की कुल बिक्री और 0.47 करोड़ रुपये का कुल मुनाफा दर्ज किया। अपने 8 महीने के नतीजों में, 9स्न्नङ्क25 में 9स्न्नङ्क24 की तुलना में कुल बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 354.06 करोड़ रुपये हो गई और कुल लाभ 144 प्रतिशत बढ़कर 3.44 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में 457.96 करोड़ रुपये का ऑपरेशन रेवेन्यू दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 23 में यह 830.38 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 23 में 2.88 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 24 में नेट मुनाफा 69.4 प्रतिशत बढ़कर 4.88 करोड़ रुपये हो गया।

### क्या है डिटेल

टीपीएचक्यू ने प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी गंगा रियल्टी ग्रुप से 120 मिलियन रुपये के ऑर्डर भी हासिल किए हैं।

यह जीत टीपीएचक्यू के अपने प्रोजेक्ट बिक्री सेगमेंट और इंफ्रास्ट्रक्चरल स्टील मार्केट में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर बिक्री के विस्तार पर स्ट्रैटेजिक फोकस को उजागर करती है।

# मारुति, स्पाइस जेट, रिलायंस समेत 10 स्टॉक्स पर रखें नजर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ट्रंप के टैरिफ के साए में घरेलू शेयर मार्केट में ट्रेडिंग होगी। इसका बड़ा प्रभाव सेंसेक्स-निफ्टी पर देखने को मिल सकता है। इसके अलावा मारुति, स्पाइस जेट जैसे कुछ स्टॉक्स ऐसे हैं, जो खबरों में हैं। आज इन पर निवेशकों की विशेष नजर रहेगी।

**मारुति सुजुकी-** देश के सबसे बड़े कार निर्माता ने उच्च इनपुट लागत, परिचालन व्यय, नियामक अपडेट और नई सुविधाओं के कारण 8 अप्रैल से सात मॉडलों की कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है।

### स्पाइसजेट

स्पाइसजेट, जिसने कोविड महामारी से पहले नेपाल के लिए नियमित उड़ानें संचालित की थीं, को अब काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से निर्धारित उड़ानों के लिए अनुमति और स्लॉट मिल गए हैं।

**एचडीएफसी बैंक-** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बैंक को उसकी कस्टोडियन गतिविधियों से संबंधित अनुपालन में कथित कमियों के लिए एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र भेजा है।

**मैक्रोटेक डेवलपर्स-** रियल एस्टेट फर्म मैक्रोटेक डेवलपर्स, जिसका नेतृत्व अभिषेक लोधा करते हैं, ने उनके छोटे भाई अभिनंदन लोधा द्वारा स्थापित हाउस ऑफ अभिनंदन लोधा पर लोधा ब्रांड और पंजीकृत ट्रेडमार्क का अवैध उपयोग करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

**हिंदुस्तान कॉपर-** हिंदुस्तान कॉपर ने कोडेल्को के साथ सहयोग और जानकारी साझा करने के लिए एक समझौता किया है।

**हिंदुस्तान जिंक-** हिंदुस्तान जिंक ने अपनी चौथी तिमाही का उत्पादन अपडेट जारी किया है, जिसमें खनन धातु उत्पादन में 4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है।

**ल्यूपिन-** ल्यूपिन हेल्थकेयर (यूके), ल्यूपिन की सहायक कंपनी, ने रेनासाइंस फार्मा का 12.3 मिलियन पौंड में पूर्ण अधिग्रहण कर लिया है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज

कंपनी ने आंध्र प्रदेश के कानिगिरी में अपना पहला रिलायंस कंप्रेस्ड बायो-गैस संयंत्र बनाने की शुरुआत की है। 139 करोड़ के निवेश वाली इस परियोजना के साथ, राज्य भर में 500 ऐसे संयंत्र विकसित करने की एक बड़ी योजना शुरू हो रही है, जिसमें कुल 65,000 करोड़ का निवेश होगा।

### टाटा कम्युनिकेशंस

टीसी नीदरलैंड्स के बोर्ड ने टाटा कम्युनिकेशंस इंटरनेशनल पीटीई से 16.718 मिलियन यूरो मूल्य की जारी शेयर पूंजी को वापस खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह कंपनी की प्रत्यक्ष पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। बायबैक के बाद, अष्ट नीदरलैंड्स कंपनी की प्रत्यक्ष पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी।

### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारतीय वायु सेना के साथ आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए रखरखाव सेवाएं प्रदान करने के लिए 593 करोड़ का अनुबंध हासिल किया है, जिसे कंपनी ने पहले आपूर्ति किया था।

# नवरत्न कंपनी को इंडियन एयरफोर्स से मिला ऑर्डर, 285 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर गुरुवार को उछाल के साथ 285.90 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को इंडियन एयरफोर्स से 593.22 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कॉन्ट्रैक्ट के मुताबिक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए मेंटीनेंस सर्विसेज उपलब्ध कराएगी। कंपनी ने ही आकाश मिसाइल सिस्टम की सप्लाई की है। पिछले पांच साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 1115 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है।

**कंपनी को मिला नए वित्त वर्ष का पहला ऑर्डर-** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को नए वित्त वर्ष 2026 में मिला यह पहला ऑर्डर है। इस हफ्ते की शुरुआत में कंपनी ने कहा था कि उसे वित्त वर्ष 2025 में 18,715 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने पिछले वित्त वर्ष में 25000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलने का अनुमान लगाया था। कंपनी को मिले ऑर्डर, टारगेट्स से कम रह गए हैं। हालांकि, कंपनी ने 23,000 करोड़ रुपये का प्रोविजनल टर्नओवर बताया है, जो कि इससे पिछले साल के मुकाबले 16 पर्सेंट ज्यादा है।

**5 साल में 1115 प्रतिशत उछले हैं नवरत्न कंपनी के शेयर-** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1115 पर्सेंट उछल गए हैं। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी के शेयर 3 अप्रैल 2020 को 23.33 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 3 अप्रैल 2025 को 285.90 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले चार साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 574 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पिछले दो साल में कंपनी के शेयर 190 पर्सेंट चढ़ गए हैं। पिछले एक साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 28 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं, पिछले एक महीने में कंपनी के शेयर करीब 11 पर्सेंट चढ़ गए हैं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 340.35 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 218.30 रुपये है।

# सर्च अभियान में इनामी नक्सली हुआ गिरफ्तार

- नक्सली संगठन टीएसपीसी का सदस्य
- नक्सली पर्चा व पॉकेट डायरी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिहार के एक लाख के इनामी नक्सली जीबलाल यादव उर्फ रमेश यादव उर्फ सुभाष यादव को नावा बाजार थाना क्षेत्र के तरवाडीह से गिरफ्तार किया है।

जीबलाल यादव बिहार के गया जिला अंतर्गत भदवर थाना क्षेत्र के किशुनचक गांव रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार नक्सली जीवन के पास से नक्सली पर्चे बरामद किए हैं। एएसपी (अभियान) राकेश कुमार सिंह ने गुरुवार को एसपी कार्यालय सभागार में पत्रकारों को इस बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को दो अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी कमांडर शशिकांत का दस्ता नावा बाजार थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने वाला हैं।

इसके आधार पर पुलिस टीम का गठन कर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान पुलिस टीम को तरवाडीह पहाड़ के पास किसी के आने की भनक लगी।

इस पर टीम के सदस्य पहाड़ के पीछे छुपकर उस व्यक्ति के आने का इंतजार करने लगे। जैसे ही वह व्यक्ति नजदीक आया तो टीम के सदस्यों ने घेराबंदी कर उसको हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जीबलाल यादव उर्फ रमेश यादव उर्फ सुभाष यादव बताया।

उसने अपने को टीएसपीसी कमांडर शशिकांत के दस्ते का सक्रिय सदस्य बताया। उस पर बिहार सरकार ने एक लाख रुपया का इनाम रखा है।

उस पर झारखंड व बिहार में कुल पांच मामले दर्ज हैं। उसे साल 2021 में पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में गोली भी लगी थी। गिरफ्तार नक्सली अक्टूबर 2024 में तुरीदाग पहाड़ में पुलिस व टीएसपीसी के मुठभेड़ में शामिल था। उसके पास से पुलिस ने नक्सली पर्चा, एक पॉकेट डायरी, एक स्मार्टफोन व एक कीपैड फोन बरामद किया है।




एएसपी ने बताया कि जीबलाल इलाके में ईंट भट्ठों से लेवी वसूलने के लिए पर्चे बांटने वाला था। उसके पास से बरामद पर्चों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज थीं। जबकि उसके पास से मिली पॉकेट डायरी में लेवी का हिसाब-किताब और लेवी देने वाले कई लोगों के नंबर दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि जीबलाल साल 2014-15 में टीएसपीसी में शामिल हुआ था। झारखंड में वह रमेश के नाम से जाना जाता है। पुलिस टीम में उनके साथ नावा बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी आदि शामिल थे।

### गहरा सकता है झारखण्ड में पेयजल संकट

# लगाये गये हैण्डपंपों में से आधे से अधिक खराब

### बोकारो में 6840 गढ़वा में 5245, धनबाद में 3171 हैंडपंप हैं खराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लोगों की प्यास बुझाने के लिए पेयजल स्वच्छता विभाग ने आबादी वाले क्षेत्रों में जो हैंडपंप लगाए हैं, उनमें से 52 हजार 274 खराब पड़े हैंडपंप को ठीक करना होगा। इनमें से ज्यादातर में सामान्य खराबी है। लेकिन, कारीगरों की कमी की वजह से इनकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी के मौसम में कुएं सूख जाते हैं और पेयजल के लिए हैंडपंप पर ही निर्भरता रहती है। पेयजल स्वच्छता विभाग के मुताबिक राज्यभर में दो लाख 18 हजार 114 हैंडपंप लगाए गए हैं। इनमें से एक लाख 65 हजार 732 काम कर रहे हैं।

**लोगों को ढूढ़े नहीं मिल रहे हैंडपंप के मिस्त्री**

बता दें कि मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल से जून तक राज्य में भीषण गर्मी की आशंका जताई है। ऐसे में प्यास बुझाने वाले हैंडपंप खराब रहने से लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ सकता है।

राज्य के 10 जिलों में तीन हजार से लेकर 10 हजार तक हैंडपंप खराब हैं। बोकारो में सबसे ज्यादा 6840 हैंडपंप खराब हैं। जबकि, गढ़वा में 5245, धनबाद में 3171 हैंडपंप खराब हैं।

इसके अलावा सिमडेगा, साहिबगंज और दुमका जैसे जिलों में भी बड़ी संख्या में हैंडपंप खराब हैं। लातेहार में सबसे कम 696 हैंडपंप खराब पड़े हैं।

इधर, लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड में साप्ताहिक मंगल बाजार टांड़ में कई हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हुए हैं। इससे साप्ताहिक बाजार पहुंचने वाले लोगों को अभी से पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी शुरू हो गई है। ऐसे में महीनों से हैंडपंप खराब पड़े हैं। इससे बाजार टांड़ बस्ती के लोगों को भी पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

उनका कहना है कि भंडरा बाजार टांड़, हॉस्टल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित कई जगहों के हैंडपंप करीब सात महीनों से खराब हैं।

# बनेंगे सौ-सौ बेड के अस्पताल और छात्रावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के पांच आदिवासी बहुल जिलों में 100-100 बेड के छात्रावास तथा इतनी ही क्षमता के अस्पताल बनेंगे। ये छात्रावास क्रमशः प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन योजना) तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना से बनाए जाएंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 24 मार्च को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए हुई प्रोग्राम एप्रूवल बोर्ड (पैब) में राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की। झारखंड से इस बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन सम्मिलित हुए थे।

केंद्र से स्वीकृत योजना के तहत प्रत्येक छात्रावास का निर्माण 2.7 करोड़ रुपये की लागत से होगा। इस तरह, इनके निर्माण पर कुल 27.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी, जबकि शेष 40 प्रतिशत राशि का वहन राज्य सरकार को करना होगा।

जनजाति बहुल क्षेत्रों में खुलने वाले छात्रावास से उन 263 परिवारों के बच्चों को लाभ पहुंचेगा, जिन्हें अभी तक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई थी।

इसी तरह, आदिवासी बहुल क्षेत्रों में खुलने वाले छात्रावास से उन 62 गांवों को लाभ मिलेगा, जहां के बच्चे इस सुविधा से वंचित थे। इन सभी छात्रावासों का निर्माण झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा ओपेन टेंडर के माध्यम से कराया जाएगा।

बता दें कि पीएम जनमन योजना वर्ष 2023-24 से चल रही है, जो वर्ष 2025-26 तक चलेगी। इसी तरह, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना 2024-25 से चल रही है, जो 2028-29 तक चलेगी। इस अवधि तक वंचित समुदाय के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, आवास आदि आधारभूत सुविधाओं को अनिवार्य रूप से पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# विक्षिप्त नाबालिग से दुष्कर्म के बाद पत्थर से कूच कर हत्या

- आक्रोशित लोगों ने आरोपित को जमकर धुना
- लोगों ने जताया विरोध, की फांसी की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से दिव्यांग नाबालिग के साथ पहले दुष्कर्म, फिर पत्थर से कूच कर हत्या करने की दर्दनाक घटना सामने आई है।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पाकर पुलिस वहां पहुंची और आरोपी युवक को आक्रोशित लोगों से छुड़ाया। उसका पुलिस कस्टडी में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कैदी वार्ड में इलाज किया जा रहा है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना के मद्देनजर पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर पुलिस बल की तैनाती कर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बीएनएस की विभिन्न घाराओं में मामला दर्ज किया है।

गुरुवार को मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव को स्वजनों को सौंप दिया है।

हालांकि, घटना को लेकर टीओपी टू की कार्यशैली से नाराज आक्रोशित लोगों ने बुधवार की देर रात और गुरुवार को प्रदर्शन कर विरोध जताया।

घटना बीते बुधवार की है, जब नाबालिग बच्ची को आरोपी युवक बहाने से अपने घर ले गया था। जहां उसने दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया था।

सीसीटीवी के माध्यम से स्वजन देर रात 10.30 बजे के करीब नाबालिग के शव तक पहुंचे थे। उसके बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी की जमकर धुनाई कर दी थी। उसके बाद देर रात शहर थाना के टीओपी टू में तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों की कार्यशैली के विरोध में लोगों ने विरोध जताया।

लोगों का कहना था कि दिन में नाबालिग के गायब होने की सूचना देने के बाद भी टीओपी टू की पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस सक्रिय होती तो ऐसा नहीं होता।

सूचना पाकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, निवर्तमान डिप्टी मेयर मंगल सिंह, सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ,शहर थाना प्रभारी देवव्रत प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे के करीब पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर जाते समय आक्रोशित लोगों ने एक बार फिर छहमुहान पर विरोध जताया। आक्रोशित लोग आरोपित को फांसी देने की मांग कर रहे थे।

आक्रोशित लोगों ने छहमुहान पर आधा घंटा के लिए यातायात ठप कर दिया। सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार छहमुहान पर पहुंचे, लेकिन आक्रोशित लोग प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

उसके बाद सदर सीओ अमरजीत बिल्होत्रा पहुंचे।


उन्होंने हर संभव सरकारी सहायता देने का आश्वासन देकर विरोध प्रदर्शन को समाप्त कराया। उसके बाद स्वजन शव को लेकर अपने घर पहुंचे, फिर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान पुलिस के जवान मौजूद थे।

# अब टाटा स्टील की बिजली हुई महंगी

### जेएसइआरसी ने दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कमांड एरिया और टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा सरायकेला खरसावां जिले में बिजली को महंगा करने के दिये गये प्रस्ताव को झारखंड नियामक आयोग (जेएसइआरसी) ने अपनी मंजूरी दे दी है। इसके बाद जमशेदपुर के टाटा स्टील की बिजली महंगी हो जायेगी जबकि टाटा स्टील यूआइएसएल की सरायकेला खरसावां जिले में बिजली महंगी हो जायेगी। टाटा स्टील का जमशेदपुर क्षेत्र में फिक्स चार्ज में 4 रुपये से 20 रुपये तक की बढ़ोतरी की मंजूरी दी गयी है, जबकि एनर्जी चार्ज में 10 पैसे से लेकर 60 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि को मंजूरी दी गयी है। वहीं, टाटा स्टील यूआइएसएल ने संचालित सरायकेला- खरसावां जिले में फिक्स चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एनर्जी चार्ज में 6 पैसे से 12 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि की गयी है। यह बढ़ोतरी घरेलू



उपभोक्ताओं से लेकर औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तक सभी पर प्रभाव डालेगी।

आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी नहीं की गयी है। टाटा पावर कंपनी के नए टैरिफ को भी आंशिक संशोधन के साथ स्वीकृति दी गयी है। दिसंबर 2023 में भी बिजली दरों में वृद्धि की गयी थी। अब करीब डेढ़ साल बाद फिर से बिजली महंगी कर दी गयी है। टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआइएसएल ने इससे अधिक वृद्धि का प्रस्ताव दिया था, जिसे संशोधित कर मौजूदा बढ़ोतरी को मंजूरी दी गयी है। यह वृद्धि घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली लागत को प्रभावित करेगी।

# मांदर-नगाड़ा और सरहुल राग के संरक्षण का लें संकल्प : चमरा लिंडा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांके।** झारखंड में आदिवासी समुदाय द्वारा पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ सरहुल महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में रांची के कांके स्थित मायापुर सरना स्थल में आदिवासी 22 पड़ाहा सरना समिति ओरमांझी कांके द्वारा 29वां सरहुल पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने शिरकत की। उन्होंने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को संरक्षित करने पर बल दिया।

इस दौरान मंत्री लिंडा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। सरहुल महोत्सव में पारंपरिक मांदर और नगाड़े की धुनों पर नृत्य करना चाहिए, न कि आधुनिक डीजे और फिल्मी गीतों के माध्यम से। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्रालय आदिवासी कल्याण के लिए कार्यरत है और हम आदिवासी समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मंत्री लिंडा ने आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी और ओबीसी समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए स्कूल, ट्यूशन सेंटर, कॉलेज और अस्पताल खोले जाएंगे। हरिजन समुदाय के लिए भी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। छोटानागपुर क्षेत्र में सभी सरना स्थलों की बाउंड्री निर्माण के लिए सरकार कार्य करेगी।

मंत्री चमरा लिंडा ने बताया कि आदिवासी समाज की पारंपरिक धरोहर को बचाने के लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपये के मांदर-नगाड़े वितरित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व की मूल आत्मा को जीवंत बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

सरना धर्म को मान्यता दिलाने के संघर्ष पर जोर देते हुए मंत्री लिंडा ने कहा कि जब तक हम संघर्ष करते रहेंगे, तब तक हम अपनी संस्कृति को बचाए रख पायेंगे। अगर केंद्र सरकार सरना कोड नहीं देती है, तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अगर आवश्यक हुआ तो हम संपूर्ण राज्य को बंद करने के लिए भी तैयार रहेंगे। उन्होंने समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर इस आंदोलन को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने

## सीएम को दिया आमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** प्रभु श्रीराम को समर्पित त्योहार रामनवमी आगामी छह अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी बीच श्री महावीर मंडल रांची की एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर रामनवमी में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर चर्चा की। साथ ही साथ उन्हें आमंत्रित किया।

श्रीराम जन्मोत्सव यानी कि रामनवमी को लेकर राजधानी में खासा उत्साह देखा जा रहा है। परंपरा के अनुसार, इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर रांची के विभिन्न इलाकों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में महावीर मंडल रांची की एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनसे रामनवमी को लेकर तैयारियों की जानकारी साझा से की।

बता दें, इस वर्ष रामनवमी को लेकर रांची वासियों में उत्साह अधिक है, जिसको ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी अहम तैयारिया देखने को मिलेगी। मौके पर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा और रांची उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री भी मौजूद रहे।

# लकड़ी मिल में लगी भीषण आग, करोड़ों के फर्नीचर व लकड़ियां जली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** महाजन टोली में स्थित गौतम शा मिल में गुरुवार की सुबह आग लग गई। इसमें करोड़ों की लकड़ी, फर्नीचर आदि जल गया। दमकल कर्मियों के साथ-साथ नगर पंचायत कर्मियों व आमलोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया। गुरुवार के अहले सुबह लगभग सवा पांच बजे के आसपास लोगों ने मिल से धुआं निकलते देखा।

लोगों ने तुरंत मिल मालिक गौतम चिरानिया के साथ-साथ दमकल वालों को भी इसकी सूचना दी। इस बीच सूचना मिलने पर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बंद कर दी गई। जबतक लोग कुछ समझ या कर पाते तब तक आग की लपटें मिल के दूसरे छोर तक पहुंच गई।

करीब 40 मिनट के बाद दमकल कर्मी पहुंचे। एक तरफ दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे थे तो दूसरी तरफ आग की लपट मिल के दूसरी तरफ रखें बेशकीमती लकड़ी के ढेर व पड़ोसी संजय झा के घर तक पहुंच गई। क्षेत्रवासियों के अनुरोध पर तुरंत बिजली आपूर्ति शुरू की गई जिसके बाद लोगों के घरों में लगे मोटर से पानी का छिड़काव कर आग की लपटों को आगे बढ़ने से रोका गया।

इस बीच नगर पंचायत से तीन-चार टैंकर पानी और साहिबगंज से भी दमकल आने के बाद क्षेत्रवासियों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। जबतक आग पर पूरी तरह से काबू पाया जाता तब तक आरा मिल में रख सबकुछ जलकर राख में तब्दील हो चुका था।

लोगों की मानें तो इस घटना में 60 से 70 लाख रुपये की बेशकीमती लकड़ी, फर्नीचर इत्यादि लेकर राख हो गया। मिल मालिक गौतम चिरानिया ने इस घटना के पीछे किसी असामाजिक तत्व का हाथ होने से इन्कार नहीं किया है। मौके पर राजमहल प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार सहित पुलिस बल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

आग की भयावहता देख जहां अधिकांश लोग अपनी-अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित थे। क्षेत्र के युवकों ने काफी सूझबूझ से बाल्टी-बाल्टी पानी से आग को बुझाने में अहम भूमिका निभाई।

कई युवक पड़ोस के संजय झा के घर की छत जहां तक आग की लपटें पहुंच चुकी थी, वहां तक जान जोखिम में डालते हुए पहुंचकर मोटर पंप के पाइप से पानी डालकर आग की लपटों को ना सिर्फ शांत किया बल्कि संजय झा के घर को भी जलने से बचाया।

ठीक उसी प्रकार पड़ोस के अधिवक्ता पवन चिरानिया के घर में भी लग रही आग पर काबू पाने के लिए कई युवक घर में प्रवेश कर खिड़की के माध्यम से पानी डालकर घर को जलने से बचाया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/02 से 03/25-26 (खुली), दिनांक 02.04.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.:1, केस सं.** : ओ-एसी-टी-02-25-26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक कम्पाउंड आसनसोल में उप सीएसटीई/कॉन/आसनसोल के ऑफिसर्स चेंबर एवं सबऑर्डिनेट ऑफिस में विस्तृत नवीनीकरण कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 52,89,439.02, **बयाना राशि :** रु. 1,05,800/- **कार्य की समापन अवधि:** 03 माह। **क्रम सं.:2, केस सं.** : ओ-एसी-टी-03-25-26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में आसनसोल में ऑफिसर्स कॉलोनी में बीएल. नं. 258ए (एक यूनिट टाइप-V, मौजूदा ट्रांजिट के रूप में उपयोग), बीएल. नं. 8ए एवं बी (दो यूनिट टाइप-IV), बीएल. नं. 869 (एक यूनिट टाइप-IV), बीएल. नं. 1168 (चार यूनिट दो माला टाइप-IV), बीएल. नं. 1169 (चार यूनिट दो माला टाइप-IV) क्वार्टरों के विस्तृत नवीनीकरण कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 64,91,392.50, **बयाना राशि :** रु. 1,29,800/- **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 28.04.2025 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-11/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# महिलाओं के स्वावलंबन के लिए क्रेडिट लिंकेज कार्य को दी जा रही तीव्र गति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा समूह के क्रेडिट लिंकेज कार्य को गति दी गई है। अब तक 2.91 लाख समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें वर्ष 2019 से अब तक 53,293 से ज्यादा समूह बने हैं एवं क्रेडिट लिंकेज में 14,204 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है, जो वर्ष 2019 दिसंबर से पूर्व 545.30 करोड़ रुपये था।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को गति देने के लिए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज सुनिश्चित कराने की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक हो रही है। इसके तहत एसएचजी सदस्यों को सरल शर्तों पर ऋण सुविधाएं प्रदान की गईं और उनकी आजीविका गतिविधियों को मजबूती मिली।

प्रेमलता देवी जीवन ज्योति आजीविका सखी मंडल से जुड़कर आज अपने परिवार का भविष्य संवार रही है। पति के असमय मृत्यु से प्रेमलता पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा था। पति के जाने के दुख के साथ ही परिवार और बच्चो की जिम्मेदारी भी उन पर आ गई। ऐसे मुश्किल समय में समूह का साथ मिला। प्रेमलता ने पचास हजार रुपये क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) के तहत ऋण लेकर सिलाई मशीन खरीद सिलाई का कार्य शुरू किया।



मेहनत और अच्छे काम से प्रेमलता की आमदनी बढ़ने लगी और उन्होंने पुराने ऋण चुकाने के बाद सिलाई केंद्र खोलने के लिए ग्राम संगठन से तीस हजार रुपये ऋण लिया और काम को आगे बढाया। प्रेमलता कहती हैं, परिवार के भरण पोषण के बारे में सोचकर काफी चिंतित रहती थी, लेकिन समूह की महिलाओं के हौसले से मुझे हिम्मत मिली और आज सिलाई कार्य से प्रति माह करीब दस हजार आमदनी कर परिवार चला रही हूं।

नाला प्रखंड की किरण झा राधा कृष्ण आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने समूह के जरिए पहले आरसेटी (फ़एळक) से आचार और पापड़ बनाने का प्रशिक्षण लिया और कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50,000 रुपये ऋण से व्यवसाय शुरू किया। आज वह सालाना 1.2 लाख रुपये कमाती हैं और अन्य महिलाओं को भी जोड़ चुकी हैं। डीडीयूजीकेवाई से बेटे की ट्रेनिंग के बाद उसकी आय 3.6 लाख रुपये सालाना है। उनका परिवार अब खुशहाल है।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 32 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन और जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है।

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 85,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 02-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 02.04.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-निम्नलिखित के सिलसिले में सिग्नल एवं टेलीकम ट्रैक रिन्युअल कार्य (1) खाना-सीतारामपुर (अप-1 और डाउन-1)-टीएसआर (पी)-8.010 टीकेएम, (2) टीटीआर (एफएस+ टीडब्ल्यूएस +डब्ल्यूसीएमएस)-57 सेट। **निविदा मूल्य:** रु. 67,69,941.69, **बयाना राशि:** रु. 1,35,400/- **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 28.04.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-08/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं. 1, नीलामी की कैटेगरी:** मिसेलेनियस स्टैटिक सर्विस (एमएसएस), **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या:** एएसएन-एमएसएस-एमए सीएचआर-1, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 17.04.2025, 14.30 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर: रिलैक्सेशन चेयर: (i) जसीडीह में** : पीएफ नं. 1 **(ii) दुर्गापुर में** : दक्षिण भाग के बुकिंग कार्यालय के पास **(iii) जसीडीह में** : पीएफ नं. 2/3 **(iv) देवघर में** : पीएफ नं. 1, **क्रम सं. 2, नीलामी की कैटेगरी:** मिसेलेनियस स्टैटिक सर्विस (एमएसएस), **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या:** एएसएन-एमएसएस-सलोन-1, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 21.04.2025, 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर: सलोन सेवाएँ: (i) दुर्गापुर में** : सर्कुलेटिंग एरिया **(ii) जसीडीह में** : सर्कुलेटिंग एरिया। **कुल 06 परिसंपत्तियाँ : रिलैक्सेशन चेयर की सं.: 04** और **सलोन सेवाओं की संख्या : 02,** सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ऊपर दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

ASN-10/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## गुजरात ने रोका आरसीबी का विजय रथ

# मोहम्मद सिराज के बाद जोस बटलर ने मचाया धमाल; अंक तालिका में बदलाव

**बंगलुरू, एजेंसी**

मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी के बाद साई सुदर्शन और जोस बटलर की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ विकेट से हरा दिया। बुधवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने लियाम लिविंगस्टोन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 169 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 17.5 ओवर में दो विकेट खोकर 170 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### तीसरे स्थान पर पहुंची आरसीबी

मौजूदा सत्र में यह गुजरात की लगातार दूसरी जीत है जबकि आरसीबी को लगातार दो मैचों में जीत के बाद पहली बार मुंह की खानी पड़ी। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम इस शिकस्त के साथ अंक तालिका के शीर्ष पायदान से लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उनका नेट रन रेट 1.149 ही रह गया। वहीं, गुजरात चौथे स्थान पर चार अंक और 0.807 के नेट रन रेट के साथ है। पहले स्थान पर चार अंक और 1.485 के नेट रन रेट के साथ पंजाब किंग्स है।

### गुजरात की पारी

170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने सधी शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी हुई। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में कप्तान को लिविंगस्टोन को कैच आउट कराया। वह 14 रन बनाकर आउट हुए।



इसके बाद मोर्चा जोस बटलर ने संभाला। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंदों में 75 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस दौरान सुदर्शन सिर्फ एक रन से अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए। वह 36 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाने में कामयाब हुए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए शेरफेन रदरफोर्ड भी शानदार फॉर्म में नजर आए। उन्होंने बटलर के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की नाबाद साझेदारी की और टीम को जीत दिलाई। विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर 73 और रदरफोर्ड 30 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार और जोस हेजलवुड ने एक-एक विकेट चटकाया।

### ताश के पत्तों की तरह ढहा आरसीबी का बल्लेबाजी क्रम

इससे पहले गुजरात की घातक गेंदबाजी के आगे आरसीबी का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह ढह गया। उनके लिए लियाम लिविंगस्टोन ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। उनके अलावा जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। वहीं, विराट कोहली सात, फिल सॉल्ट 14, देवदत्त पडिक्कल चार, रजत पाटीदार चार और क्रुणाल पांड्या पांच रन बनाकर आउट हुए। गुजरात के लिए मोहम्मद सिराज ने तीन और साई किशोर ने दो विकेट झटके। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

### कैरम बॉल पर पिछले 3-4 वर्षो से काम कर रहा था : साई किशोर

बेंगलुरु – गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीगके वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन–चार वर्षो से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पांड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था। किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, 'टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन–चार वर्षो से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था। उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।

गौर हो कि आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आखिरकार हार का स्वाद चखना पड़ा है। घरेलू मैदान पर पहला ही मुकाबला खेल रही आरसीबी को गुजरात टाइटंस ने जोस बटलर के 73 रनों की बदौलत 8 विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया था। 42 रन पर चार विकेट गिरने के बाद लिविंगस्टन ने 40 गेंदों पर 54, जितेश शर्मा ने 33 तो टिम डेविड ने 18 गेंदों पर 32 रन बनाकर स्कोर 169 तक पहुंचा दिया।

## एटलेटिको को हराकर बार्सिलोना फाइनल में, चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा खिताबी मुकाबला



**मैड्रिड।** बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था।स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने बुधवार को एटलेटिको मैड्रिड को कोपा डेल रे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में अब उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था।इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जब बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है।रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

## गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी:दिसंबर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसंबर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा।भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवंबर-दिसंबर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी।टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा।वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी।ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है। 18 नवंबर से नई दिल्ली में पहला टेस्ट और 26 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बॉल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं।30 नवंबर से 6 दिसंबर तक दोनों टीमों के बीच 3 वनडे होंगे। इनकी मेजबानी रांची, रायपुर और वाइजैग को मिली है। 9 से 19 दिसंबर तक दोनों टीमें 5 टी-20 खेलेंगी। इनकी मेजबानी कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद को मिली है।मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम को पहली बार किसी मेंस इंटरनेशनल मैच की मेजबानी मिली। यहां इसी साल विमेंस वर्ल्ड कप का फाइनल खेला जाएगा। वर्ल्ड कप के बाद स्टेडियम में मेंस टी-20 होगा।

## पंजाब किंग्स धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में सात दिन करेगी नेट प्रैक्टिस

**धर्मशाला, एजेंसी**

आईपीएल सीजन-2025 में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान पंजाब किंग्स की टीम 11 दिन धर्मशाला में ठहरेगी। इस दौरान तीन मैच खेलेगी और मैचों के बीच सात दिन अभ्यास कर मैदान और पिच के मिजाज को भी जानेगी। पंजाब की टीम अपने दूसरे होम ग्राउंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 4 मई को लखनऊ के साथ होने वाले मैच के लिए पहली मई को पहुंच जाएगी। दो दिन धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद 4 मई को पंजाब की टीम आईपीएल का मैच खेलेगी।

लखनऊ की टीम 4 मई को होने वाले मैच से दो दिन पूर्व ही धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब किंग्स से मुकाबले से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 27 अप्रैल को मुंबई में मुंबई से मैच खेलेगी। इसके बाद वह कुछ दिन आराम करने के बाद दो मई को धर्मशाला आएगी। 3 मई को अभ्यास करने के बाद लखनऊ की टीम 4 मई को मैच खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 6 मई को धर्मशाला आएगी, जो 7 मई



को अभ्यास करने के बाद 8 मई को मैच खेलेगी।

इसके अलावा 11 मई को होने वाले मुकाबले के लिए मुंबई की 8 या 9 मई को धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद अभ्यास करने के बाद 11 मई को मैच खेलेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए पंजाब की टीम सबसे पहले आएगी। टीम 11 दिन धर्मशाला में रुकेगी। अभी टीमों के अभ्यास का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मैचों के बीच पंजाब की टीम सात दिन अभ्यास करेगी। बाकी टीमें एक या दो दिन अभ्यास के बाद मैच खेलेंगी।

## घरेलू टीमों को पिच की स्थिति चुनने का अधिकार होना चाहिए


**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिच की स्थिति तय करने के घरेलू टीमों के अधिकार पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि घरेलू टीमों को अपनी पसंद की पिच की स्थिति तय करने का अधिकार होना चाहिए, उन्होंने तर्क दिया कि यह घरेलू लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर घरेलू टीम को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किस तरह की सतह चाहते हैं, उन्हें सतह की मांग करनी चाहिए, और उन्हें यह मिलना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है, क्योंकि घरेलू लाभ वास्तविक है, और यह केवल दो रूपों में आता है- एक वह सतह जिसे आप चुनते हैं और दूसरा वह भीड़ का समर्थन जो वहां होता है। इसके अलावा यह एक दूर का खेल है। आकाश चोपड़ा ने का यह भी मानना था कि पिच किसी टीम के प्रदर्शन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है, यहां तक कि भीड़ के समर्थन से भी ज्यादा। उनका तर्क है कि अगर पिच की स्थिति प्रतिकूल है, तो टीम की पूरी खेल योजना बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे किस सतह पर खेलने जा रहे हैं - भीड़ अभी भी गौण हो सकती है। अगर आप पिच को हटा देते हैं, तो मुझे लगता है कि पूरी योजना पूरी तरह से पटरी से उतर जाएगी। गौर हो कि कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि ईडन गार्डन्स में पिच तैयार करने पर उनकी टीम का बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं है।

## भुवनेश्वर ने बेंगलुरु में रचा इतिहास, ड्वेन ब्रावो की बराबरी की

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपना नाम इतिहास की किताब में दर्ज करा लिया है और मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अपने शानदार स्पेल के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।



बेंगलुरु के घरेलू मैदान में रजत पटडियार को आरसीबी कप्तान के रूप में पहली हार का सामना करना पड़ा। टाइटन्स ने 170 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 8 विकेट की शानदार जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा। अपने घरेलू मैदान पर हारने के बावजूद वे कुछ सकारात्मक चीजें हासिल करने में सफल रहे जिनमें भुवनेश्वर का शानदार स्पेल भी शामिल था। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल का पूरा कोटा फेंका, तज्ञ के कप्तान शुभमन गिल को आउट करके शुरुआती बढ़त हासिल की और 1/23 के आंकड़े के साथ लौटे।

भले ही उनके शुरुआती प्रयास व्यर्थ गए लेकिन भुवनेश्वर ने रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने के लिए पर्याप्त प्रभाव डाला। उन्होंने ड्वेन ब्रावो के 183 स्कैलप के टैली की बराबरी करने के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में स्टेडियम छोड़ा। पूर्व कैरेबियाई स्टार ने 161 मैचों में 183 विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर ने 178 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। कुल मिलाकर वह कैश-रिच लीग में सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनके टैली से केवल युजवेंद्र चहल (206) और पीयूष चावला (192) बेहतर हैं। भुवनेश्वर ने अपने कौशल सेट पर भरोसा किया और इसे पूर्णता के साथ निष्पादित किया। उन्होंने अपनी ताकत का फायदा उठाया और मेजबान टीम के लिए सबसे किफायती गेंदबाज बनकर उभरे, उन्होंने महज 5.80 रन दिए।

## भारत दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक, योग और शतरंज में करेगा अगुआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी





मिशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, %मुझे उम्मीद है कि अगली बार इन खेलों में क्रिकेट को भी शामिल किया जाएगा मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं।% संयुक्त राष्ट्र खेल अप्रैल-मई 2025 में आयोजित किए जाएंगे।

योग नौ अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नॉर्थ लॉन के रोज़ गार्डन में, जबकि शतरंज भी उसी दिन नॉर्थ लॉन के ओलंपिक कॉर्नर में आयोजित किया जाएगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून, 2023 को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाल नॉर्थ लॉन में एक ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया था। हरीश ने कहा कि हालांकि हर कोई सक्रिय खिलाड़ी नहीं हो सकता है, लेकिन राजनयिक समुदाय के अधिकतर सदस्य उत्साही प्रशंसक हैं। लोग अलग-अलग टीमों के समर्थक हो सकते हैं, लेकिन खेल उन्हें एकजुट करते हैं।

उन्होंने कहा कि एक अरब से अधिक भारतीयों की तरह वह भी क्रिकेट प्रेमी हैं और उम्मीद जताई के अगली बार संयुक्त राष्ट्र खेलों में क्रिकेट भी शामिल होगा। हरीश ने कहा कि योग और शतरंज में आगे बढ़ना भारत के लिए सौभाग्य की बात है, जैसा कि पिछले साल हुआ था। उन्होंने कहा, %2014 में रिकॉर्ड संख्या में सदस्य देशों के सह-प्रायोजन के साथ 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने के बाद से, योग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए जीवन का एक तरीका बन गया है।

हरीश ने कहा, जहां तक शतरंज का सवाल है तो भारत ने सदियों पहले इस खेल को अपना दिया था। वर्तमान समय में शतरंज की दुनिया में भारत के युवा खिलाड़ियों का दबदबा है जो रिकॉर्ड तोड़कर और वैश्विक चैंपियनशिप जीतकर इतिहास रच रहे हैं।% पिछले साल भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने थे।

भारतीय दूत ने विश्वास जताया कि मित्रता और सौहार्द की भावना क्षेत्र के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पेशेवर और कार्यात्मक आचरण में भी दिखाई देगी। संयुक्त राष्ट्र खेल सितंबर 2024 के संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र खेल और खेल के माध्यम से शांति और बेहतर दुनिया को बढ़ावा देने वाले अन्य प्रस्तावों पर आधारित हैं।संयुक्त राष्ट्र ने कहा, उद्घाटन संस्करण की तरह संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 खेलों के माध्यम से सौहार्द, कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। संयुक्त राष्ट्र खेल 2025 का उद्घाटन समारोह बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया गया।

**संक्षिप्त समाचार**

## दिल्ली में अगले साल तक सड़क पर दौड़ेंगी 11000 बसें, सीएम रेखा गुप्ता ने बताया प्रदूषण कम करने का प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को लेकर पूर्व आप सरकार के कामकाज पर आई कैग रिपोर्ट पर जवाब दिया। सीएम ने कहा कि हम वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करेंगे। इसके लिए 2026 तक 11 हजार बसें दिल्ली के बेड़े में होंगी। मेट्रो फेज चार के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सरकार ने दिल्ली को पीछे धकेला। इसकी भरपाई आर्थिक रूप से भी नहीं हो सकती। हम वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करेंगे। ई-वाहनों के लिए प्रोत्साहन नीति लाएंगे। दूसरे राज्यों से आने वाले लाखों वाहनों के लिए भी नीति बनेगी। उन्होंने वायु प्रदूषण रोकने की कार्ययोजना के बारे में भी सदन को बताया। रेखा गुप्ता ने कहा कि जब कैग रिपोर्ट पर चर्चा होती है विपक्ष कोई न कोई बहाना बनाकर सदन से भाग जाता है, क्योंकि वे अपनी नाकामियों को नहीं सुनना चाहते। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में कुल 6684 बसें मौजूद हैं, जबकि जरूरत 11 हजार बसों की है। इस साल के आखिरी तक यानि दिसंबर तक सिर्फ 3850 बसें बचेंगी। बाकी बसें रिटायर हो जाएंगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली में ई-वाहन नीति जल्द लेकर आएंगे। इसके साथ 48 हजार चार्जिंग स्टेशन भी बनाएंगे। वर्तमान में यह संख्या महज 4793 है। दिल्ली में उम्र पूरी कर चुके 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पेट्रोल पर कार्रवाई बढ़ाई जाएगी। 500 नए कैमरे चौराहे पर लगाएं जाएंगे। यह प्रदूषण फैलाने वाले वाहन, नियम तोड़ने वाले वाहनों का चालान करेंगे। अंत में विधानसभा अध्यक्ष ने कैग रिपोर्ट पर चर्चा खत्म होने के बाद सदन के सदस्यों की मांग पर कैग रिपोर्ट विधानसभा की लोक लेखा समिति को भेज दिया है।

## 2500 घरों को सील करने का काम 4 अप्रैल से होगा शुरू, बिजली-पानी भी कटेंगे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** डीएलएफ क्षेत्र में ढाई हजार मकानों को सील करने का काम शुक्रवार 4 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने डीएलएफ क्षेत्र के मकानों में अवैध रूप से किए गए निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों को सील करने का खाका तैयार कर लिया है। डीटीपीई कार्यालय की तरफ से ढाई हजार मकानों को सील किया जाएगा। यह काम 4 अप्रैल से 18 अप्रैल तक चलेगा। डीटीपीई अमित मधोलिया ने बताया कि करीब साढ़े चार हजार मकानों को कारण बताओ नोटिस दिए जा चुके हैं। मकान मालिकों की बात सुनने के बाद ढाई हजार मकानों के खिलाफ रिस्टोरेशन आदेश पारित किए जा चुके हैं। अब 4 अप्रैल से इन्हें सील करने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि सील को तोड़ा जाता है तो इन मकान मालिकों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पेयजल,सीवर के कनेक्शन भी कटेंगे ≈ इन घरों के पानी, सीवर और बिजली कनेक्शन डीटीपी प्लानिंग कार्यालय की तरफ से कटवाए जाएंगे। इनका कब्जा प्रमाण पत्र भी डीटीपी प्लानिंग कार्यालय की तरफ से रद्द किया जाएगा। बता दें कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित है। नगर निगम की टीम ने संयुक्त रूप से बुधवार को बुलडोजर चलाया।

# वक्फ बिल धार्मिक संपत्तियों पर कब्जे की शुरुआत; फिर गुरुद्वारा, चर्च और मंदिरों का नंबर: संजय सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 बुधवार देर रात लोकसभा से पारित हो गया है। विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े। इस दिन को आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बाबा साहब के संविधान की हत्या का दिन बताया है। संजय सिंह ने इस पर अपना बयान देते हुए कहा कि यह बिल धार्मिक संपत्तियों पर कब्जे की शुरूआत है।

संजय सिंह ने इस बिल को भारत के संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा- भारत की संविधान की धारा 25 और 26 हर व्यक्ति को पूजा अर्चना, इबादत और प्रेयर करने की इजाजत देती है। अपनी-अपनी मान्यताओं के हिसाब से और अपनी धार्मिक संपत्तियों का प्रबंधन करने की आजादी देता है। जब आप देश के संविधान को नहीं मान रहे हैं। बाबा साहब के संविधान को नहीं मान रहे हैं। तो निश्चित रूप से आप वास्तव में इस देश में झगड़े फसाद और लड़ाई खड़ा करना चाहते हैं। इसी कारण ये बिल लेकर आया गया है।

जो लोग आज खुश हो रहे हैं। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं कि आज ये बिल वक्फ की संपत्तियां कब्जा करके अपने दोस्तों को देने के लिए लाया गया है। कल गुरुद्वारा की



जमीन कब्जा होंगी और अपने दोस्तों को मोदी जी देंगे। फिर मंदिरों की होंगी। फिर चर्चों की होंगी। फिर जैन धर्म के मंदिरों की होंगी। बौद्ध धर्म की। जहां-जहां इनको देशभर में अच्छी जमीनें दिखेंगी, उसे कब्जा करेंगे। संजय सिंह ने इसे धर्म के नाम पर धंधा करने वाला बताया है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने प्रभु श्री राम के मंदिर को नहीं छोड़ा। मंदिर की जमीन में भी घोटाला किया है। संजय सिंह ने कहा कि हम लोग इस बिल का जेपीसी में भी विरोध कर रहे थे। हमने वहां भी इसका विरोध दर्ज कराया है।

## वक्फ बिल को लेकर गाजियाबाद पुलिस अलर्ट, संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात; सोशल मीडिया पर भी नजर

संसद में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों का कहना है कि शरारती तत्वों की मॉनिटरिंग की जा रही। एहतियात के तौर पर संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है । माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर देशभर में हो रही बयानबाजी और विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस बुधवार को अलर्ट मोड पर आ गई।

इसके तहत पुलिस ने पूर्व में वक्फ संशोधन विधेयक से ऐतराज जता चुके लोगों और शरारती तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी। साथ ही राजनीति से जुड़े लोगों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली, इसके बावजूद पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में मंगलवार शाम ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने बताया कि ईद और नवरात्र को पूर्व में ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए थे। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर एहतियात बढ़ा दी गई है। इसके तहत संवेदशनशील इलाकों पर नजर रखी जा रही है तो सोशल मीडिया पर निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। थाना पुलिस तथा संबंधित एसीपी को अपने क्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा में वक्फ बोर्ड बिल पेश करने को लेकर गाजियाबाद में पूरा दिन चर्चाएं रही। कुछ लोगों ने इस बिल को बेहतर शुरुआत बताया तो कुछ ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना है कि इस बिल से मुस्लिम समुदाय के लोगों को ही लाभ मिलेगा। गरीबों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, विरोध में कुछ लोगों का कहना है कि सरकार बिल के जरिये लोगों को बांटने का काम कर रही है। देश में सभी धर्मों के लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार है। संविधान में भी सभी धर्म के लोगों को मजहबी आजादी दी गई है।

जनपद में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। वामसी पोर्टल के अनुसार, बोर्ड के पास 1,639 संपत्तियां दर्ज हैं, जिसमें सरकारी विभागों की संपत्तियां भी शामिल हैं। इसकी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन ने शासन को भेजी है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि शासन से वक्फ संपत्तियों के सर्वे करने के आदेश मिले थे, जिसके बाद विभाग ने सर्वे किया। वक्फ की संपत्तियों में नगर निगम, राजस्व विभाग और नगर पंचायत डासना की भूमि शामिल है।

## केन्या ने राजनयिक को बुलाया वापस, बेटे ने दिल्ली में बच्ची का किया था उत्पीड़न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केन्या के एक राजनयिक (डिप्लोमैट) के बेटे पर दिल्ली के नामी स्कूल में पढ़ने वाली पांच साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा था, उसे अब केन्या सरकार ने पोस्टिंग से वापस बुला लिया है। आरोपी ने अगस्त 2023 में स्कूल बस में बच्ची का उत्पीड़न किया था। कथित घटना के सामने आने के करीब 10 महीने बाद राजनयिक ने भारत छोड़ दिया है, जिसके बाद राजनयिक छूट को लेकर जटिल कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है।

पीड़ित बच्ची के परिवार ने इस घटना पर निराशा जताई और आरोप लगाया कि टीनेजर ने स्कूल में कई बच्चों को निशाना बनाया था। पीड़िता के पिता ने कहा, हमें पिछले हफ्ते अधिकारियों ने सूचित किया कि आरोपी और उसका परिवार भारत से चला गया है। यह बेहद निराशाजनक है क्योंकि हमारा मानना है कि उसने कम से कम छह नाबालिग लड़कियों का उत्पीड़न किया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अब उनकी बेटी ठीक है और उन्होंने उसका स्कूल बदल दिया है।

दिल्ली पुलिस ने 19 सितंबर, 2023 को पोक्सो अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (2) (यौन उत्पीड़न) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की। हालांकि, जांचकर्ताओं को तब मुश्किलों का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि आरोपी को एक विदेशी राजदूत के बच्चे के तौर पर राजनयिक प्रतिरक्षा द्वारा संरक्षित किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए केंद्रीय विदेश मंत्रालय में उचित चैनलों के जरिए इजाजत मांगी, लेकिन प्रतिरक्षा प्रोटोकॉल के कारण अनुरोध लंबित रहा।

## 15 दिन में ही हमारे विधायक चीफ इंजीनियर बन गए; जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने विधानसभा में कही यह बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को विधानसभा में बोलते पानी और सीवर को दिल्ली की सबसे बड़ी समस्याएं बताया और इनसे निपटने के लिए अपने विभाग की तैयारियों की जानकारी भी दी। इस दौरान उन्होंने भाजपा विधायकों की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि वह जनता की समस्याओं से इतना सरोकार रख रहे हैं कि सिर्फ 15 दिन में ही वह चीफ इंजीनियर बन चुके हैं। दरअसल जलमंत्री ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि उनके मुताबिक ज्यादातर विधायकों को इतनी जानकारी हो चुकी है, जितनी जल बोर्ड के अधिकारियों को भी नहीं है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से मुखातिब होते हुए प्रवेश वर्मा ने कहा, मैं एक बात के लिए बधाई देना चाहता हूं अध्यक्षजी, कि हमारे बहुत सारे सदस्य पहली बार के विधायक हैं, मगर केवल 15 दिन में ही सारे चीफ इंजीनियर बन चुके हैं। क्योंकि जब वो मेरे पास आते हैं, तो हमारे अधिकारियों को भी इतना नहीं पता होता, जितना विधायकों को पता होता है। कौन से डाया की लाइन डालनी है, कौन से डाया की पाइप डालनी है, कितनी चौड़ी डालनी है, कहां पर डिफेक्ट है, कहां पर लीकेज है, इनको एक-एक क्षेत्र की, एक-एक गली की सारी जानकारी हो चुकी है।



अधिकारी भी सोचते हैं कि 15 दिन में इनको इतना कैसे मालूम पड़ा। आगे उन्होंने कहा, विधायकों को इतनी जानकारी इसलिए हुई कि ये रोज सुबह दो-दो, तीन-तीन घंटे जनता से मिलते हैं, उनके साथ बैठते हैं और उनकी समस्याओं को सुनते हैं। गलियों का दौरा कर रहे हैं, गलियों में उतर रहे हैं, और सबसे बड़ी बात है कि इनके अंदर काम करने की नीयत है। वे केवल अपना होर्डिंग लगाकर प्रचार नहीं करना चाहते बल्कि काम को करना चाहते हैं।

दिल्ली के जलसंकट के बारे में विधानसभा में बोलते हुए जल मंत्री ने बताया कि दिल्ली को प्रतिदिन 1250 मिलियन गैलन पानी की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में केवल 990 एमजीडी ही मिल पा रहा है। इसमें से 864 एमजीडी पानी दूसरे राज्यों से लेते हैं, बाकि 126 एमजीडी ग्राउंड वाटर लेते हैं। ऐसे में बाकी की कमी को पूरा करने के लिए सरकार अगले तीन महीनों में 239 नए ट्यूबवेल लगाएगी। इनमें से मई में 96, जून में 88 और जुलाई में 55 ट्यूबवेल चालू हो जाएंगे।

वर्मा ने आगे कहा कि शहर में पानी की कमी को दूर करने के लिए फिलहाल 901 पानी के टैंकर काम कर रहे हैं और यह संख्या इस साल बढ़ाकर 1327 की जाएगी। हालांकि इसके बाद उन्होंने टैंकर को अस्थायी समाधान बताते हुए कहा कि हमें पानी की कमी के मूल कारणों का समाधान करने की जरूरत है। जलमंत्री ने कहा कि हमारे पास पानी पर्याप्त है, हमको केवल अपनी कमियों को रोकना है, हमें पहले लीकेज को और चोरी को रोकना है।


## ट्रंप ने फोड़ा टैरिफ बम तो चीन ने दी धमकी, कहा- करारा जवाब देंगे

**बीजिंग, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चीन के 438 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आयात पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की।

चीन अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। चीन ने इस फैसले के बाद कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए काउंटरमेजर अपनाएगा।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ का विरोध करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाएगा कि उसके अधिकार और हित सुरक्षित रहें। इससे पहले, ट्रंप ने फरवरी और मार्च में भी चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाए थे।

चीन ने पहले भी ट्रंप के शुल्कों के खिलाफ अतिरिक्त 15 प्रतिशत शुल्क लागू किया था और विश्व व्यापार संगठन में अमेरिका के खिलाफ



कानूनी कार्रवाई की थी। इसके अलावा, चीन ने 10 अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की लिस्ट में डाल दिया है और उनके खिलाफ कदम उठाए हैं। इनमें कई रक्षा, सुरक्षा, एआई, विमानन, आईटी से संबंधित कंपनियां शामिल हैं।

चीन के अधिकारियों का कहना है कि ये नए शुल्क अमेरिकी उपभोक्ताओं को अधिक नुकसान पहुंचाएंगे। लेकिन इन शुल्कों से चीन के व्यापार और उद्योगों पर काफी असर पड़ेगा, जो पहले ही चीनी अर्थव्यवस्था की मंदी से प्रभावित हैं। ट्रंप ने कहा कि चीन अमेरिकी उत्पादों पर 67 प्रतिशत शुल्क लगाता है, जिसमें मुद्रा संचालन और व्यापार बाधाएं शामिल हैं। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन से घोषणा करते हुए कहा कि चीन पर 34 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार में असंतुलन को ठीक किया जाएगा। उन्होंने इसे टफ लव (ह्लश्रह्वद्दद्ध द्यश्र1द्द) का नाम दिया और कहा कि चीन ने अमेरिका से भारी लाभ उठाया है।

चीन ने ट्रंप की शुल्क नीति का विरोध करते हुए कहा कि संरक्षणवाद से कोई फायदा नहीं होगा और व्यापार तथा शुल्क युद्धों में कोई विजेता नहीं होता। चीनी दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंगयू ने कहा, चीन का अतिरिक्त शुल्कों के खिलाफ विरोध हमेशा स्पष्ट और स्थिर रहा है।

## गाजा में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा इस्राइल

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस्राइल गाजा क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है। बुधवार को एक बयान में कहा कि इस सुरक्षा गलियारे को मोराग कॉरिडोर नाम दिया गया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच स्थित एक यहूदी बस्ती के नाम पर रखा गया है। नेतन्याहू ने बताया कि यह गलियारा इस्राइल के दो दक्षिणी शहरों के बीच चलेगा।

बता दें कि इस नए सुरक्षा गलियारे का उद्देश्य गाजा में इस्राइल की सुरक्षा बढ़ाना और क्षेत्र में शांति बनाए रखना है। साथ ही नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम इस्राइल की सुरक्षा के लिए जरूरी है और गाजा में हमलावरों से निपटने के लिए यह एक महत्वपूर्ण रणनीति होगी।

आज हंगरी पहुंचे नेतन्याहू

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बुधवार को हंगरी पहुंचे। हालांकि, गाजा पट्टी में युद्ध को लेकर इस्राइली नेता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। नेतन्याहू की बुडापेस्ट की चार दिवसीय यात्रा, प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों तथा हंगरी के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के प्रति ओर्बन के बढ़ते अविश्वास का संकेत है।

बता दें कि हंगरी भी आईसीसी का सदस्य है, लेकिन नेतन्याहू के करीबी ओर्बन ने आईसीसी के वारंट की अनदेखी कर दी है।

# जल्द वॉशिंगटन छोड़ सकते हैं दिग्गज कारोबारी एलन मस्क, सरकारी दक्षता विभाग को बंद करने के मिल रहे संकेत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में बनाया गया सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) जल्द बंद हो सकता है। दरअसल, दिग्गज अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने हाल ही में संकेत दिया है कि वह निकट भविष्य में अपने काम को पूरा कर लेंगे। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस हफ्ते पत्रकारों से कहा कि मस्क किसी भी समय अपनी कंपनियों को चलाने के लिए वापस काम पर लौटेंगे। जहां तक उनके नेतृत्व वाले विभाग की बात है तो यह खत्म हो जाएगा।

**साल की पहली तिमाही में गिरी टेस्ला की बिक्री:** यह चर्चा तब और तेज हुई जब मंगलवार को विस्कॉन्सिन में मस्क को झटका लगा। विस्कॉन्सिन के मतदतादाओं ने सुप्रीम कोर्ट के लिए उनके उम्मीदवार को खारिज कर दिया। मस्क ने उम्मीदवार को समर्थन करने के लिए 21 मिलियन डॉलर का दान दिया था और साप्ताहांत में प्रचार भी किया था। अमेरिका के कुछ राज्यों में सुप्रीम कोर्ट के जजों का चुनाव होता है। इसके अलावा, उनकी इलेक्ट्रिक कंपनी टेस्ला को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी बिक्री साल के पहले तीन महीनों में 13 फीसदी गिर गई।

**डीओजीई को 2026 तक चलाने की थी योजना:** व्हाइट हाउस ने सरकारी दक्षता विभाग को बंद करने की कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई है। यह संस्थान सरकारी खर्चों में कटौती करने के लिए बनाया गया था। शुरू में इस विभाग को 4 जुलाई 2026 तक चलाने की योजना थी। लेकिन अब संकेत मिले रहे हैं कि इसे बंद किया जा सकता है। इसके कर्मचारियों को विभिन्न संघीय एजेंसियों में स्थानांतरित किया गया है, जो अब खर्चों में कटौती की जिम्मेदारी संभालेंगी। सरकार में बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, ताकि मस्क और ट्रंप की ओर से तय किए गए लक्ष्यों को पूरा किया जा सके।

**नए चरण में प्रवेश कर रही ट्रंप प्रशासन की रणनीति:** पिछले हफ्ते ट्रंप ने कहा, हमें लगता है कि अगले दो-तीन महीनों में हम उन लोगों से काफी संतुष्ट होंगे, जो मेहनत कर रहे हैं और प्रशासन का हिस्सा बनना चाहते हैं। सरकारी दक्षता विभाग के खत्म होने का मतलब यह नहीं होगा कि ट्रंप वॉशिंगटन में बदलाव लाने से रुक जाएंगे। ट्रंप प्रशासन की रणनीति अब एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां मस्क की भूमिका कम होगी। मस्क का आक्रामक रुख उन्हें प्रशासन में एक विवादित शख्स बना चुका है।



**रामास्वामी ने डीओजीई से खुद को कर लिया था अलग:** सरकारी दक्षता विभाग को शुरू में एक स्वतंत्र सलाहकार समिति के रूप में स्थापित किया गया था, जिसमें मस्क के साथ उद्यमी विवेक रामास्वामी भी नेतृत्व साझा कर रहे थे। लेकिन रामास्वामी ने खुद को इससे अलग कर दिया और अब ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके बाद, इस विभाग को औपचारिक रूप से सरकार का हिस्सा बना दिया गया। जिन्हें सरकारी तंत्र में विभिन्न स्थानों पर भेजा गया, ताकि वे अनुबंध रद्द कर सकें, संवेदनशील डाटा तक पहुंच बना सकें और खर्चों में कटौती कर सकें। मस्क के कार्यकाल की एक तय समय-सीमा है। उन्हें एक विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसका मतलब है कि वह 365 दिनों में केवल 130 दिन ही काम कर सकते हैं।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं रामनवमी का पर्व : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 06 अप्रैल को रामनवमी पर्व के विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने की। सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाएंगे। उन्होंने क्रमवार सभी बीडीओ/ सीओ/ थाना प्रभारियों से थाना/अंचल स्तर पर आयोजित शांति समिति की बैठक की जानकारी ली। सभी ने शांति समिति की बैठक कर लेने की बात कहीं। बीडीओ/सीओ व थाना प्रभारियों ने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों व जरूरी ऐतिहात के संबंध में अपनी बात रखीं।

उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने को कहा। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित करने को कहा। किसी भी तरह की आपत्तिजनक/ अश्लील गाने को बजाया नहीं जाएगा। माननीय न्यायालय एवं राज्य सरकार से जो दिशा-निर्देश प्राप्त है, उसका दोनों अनुमंडल पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगें। अखाड़ा दल अपने वोलेंटियर्रस के नामों की सूची, उन्हें अलग टी सर्ट/पहचान पत्र आदि जारी करेंगे। सभी अखाड़ों की वीडियोग्राफी होगी/सोशल मीडिया पर सतत निगरानी होगी। सभी जुलूस में मेडिकिल कीट उपलब्ध हो। जुलूस का जो निर्धारित रूट है, वहीं रहेगा इसमें किसी तरह



का कोई बदलाव नहीं होगा। धार्मिक स्थलों पर भी सभी संबंधित सतर्क रहेंगे। आवश्यकतानुसार संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवीझ्ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी। इसका आकंलन चास/ बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी करते हुए जिला को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। बीडीओ-सीओ/थाना प्रभारी को अपने सूत्रों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। अग्निशमन विभाग/स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड में रहने को कहा। अग्निशमन वाहनों/एंबुलेंस को जगहझ्जगह पर प्रतिनियुक्त करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। सदर अस्पताल,सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को भी अलर्ट मोड में रहने, चिकित्सकों एवं सभी जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जिला को उपलब्ध है। सभी कि प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। सभी अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या घटना पर तुरंत अपने वरीय पदाधिकारी के साथ कंट्रोल रूम को सूचित करेंगे। सभी थाना प्रभारी अपने सूत्रों को सक्रिय रखेंगे, संवेदनशील क्षेत्रों के बड़ी ईमारतों पर भी पुलिस बल प्रतिनियुक्त करेंगे। डीसीझ्एसपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखने की बात कही। द्वय पदाधिकारियों ने आमजनों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देने, अगर कुछ संदिग्ध होता है तो अविलंब स्थानीय बीडीओ/सीओ - थानों प्रभारियों को सूचित करने की अपील की, प्रशासन अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। उधर, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने क्रमवार बीडीओ/सीओ-पुलिस पदाधिकारियों/थाना प्रभारियों से पूर्व की घटना एवं वर्तमान स्थिति, क्षेत्र के माहौल के संबंध में पूछा जरूरी दिशाझ्निर्देश दिया। मौके पर मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, सहायक निदेशक पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी/बीडीओ/सीओ एवं थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

### नियंत्रण कक्ष फोन नंबर

**जिला नियंत्रण कक्षः**
8986660333/06542-223705/247891/ डायल 100/डायल 112

**जिला अग्निशामन केंद्र बोकारो –**
8340332843

**विनोद कुमार सिंह, फायर स्टेशन चास–**
8709299809

**अखिलेश पासवान, फायर स्टेशन तेनुघाट–**
6200400918

## संक्षिप्त समाचार

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी, बोकारो में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ एवं हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सहित विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी



एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। प्राचार्य ने बताया की विधिवत्त पठन-पाठन कार्य (आज) 4 अप्रैल से प्रारंभ होगी।

### जरूरतमंदों को कराया भोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन ने आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच अस्पताल परिसर) में जरूरतमंद को भोजन कराये। धनबाद निवासी डॉक्टर जॉय चटर्जी और उनके परिवार द्वारा भोजन की व्यवस्था की



गई। इस कार्यक्रम में केयर एंड सर्व फाउंडेशन के सचिव अजय कुमार चौधरी, वरीय उपाध्यक्ष दिलिप कुमार चौधरी,कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संस्थापक सदस्य राबिन चटर्जी, रवि कौशल सिन्हा,नयन बिस्वास,नील कमल खावास,सदस्य तपन कुमार चक्रवर्ती शामिल रहे।

### किन्नर समाज ने दिया पहला अर्घ्य, धनबाद वासियों की खुशहाली की कामना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को चैती छठ महापर्व में न्यू मटकुरिया रेलवे लाइन के किनारे छठ पूजा के लिए बहुत ही आकर्षक साजसज्जा और स्वच्छतापूर्ण रूप से बनाया गए जलाशय कुंड में अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी के द्वारा उनके शिष्य काजल किन्नर ने छठ का पहला अर्घ्य भगवान सूर्य को देकर जजमानों के घरों में खुशियां लाने के लिए भगवान सूर्य को प्रार्थना किया। किन्नर समाज की अध्यक्ष छम छम देवी, आइकॉन श्वेता किन्नर समेत अन्य किन्नरों एवं कॉलोनी के महिलाओं पुरुषों ने काजल किन्नर के सूप में अर्घ्य दिया। इस



मौके पर बहुत ही सुंदर छठ का माहौल था और बैंड बाजें की टीम छठ के भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर उपस्थित श्रद्धालु सूर्य की आराधना में मग्न थे। छठ वर्ती की सेवा में छम छम देवी, श्वेता किन्नर,निर्मला किन्नर, राखी किन्नर, रेखा किन्नर समेत आदि किन्नर मौजूद थे।

### पेट्रोल डीजल भराने पर मिलेगा उपहार

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के नीचे बाजार स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप शंभू लाल एंड कम्पनी में पेट्रोल और डीजल के ग्राहकों के लिए कई ऑफर चलाए जा रहे हैं। संचालक ने बताया कि किसी भी वाहन में फूल टैंक डीजल भराने पर एक आकर्षक उपहार दिया जाएगा। साथ ही तीन सौ रुपए के डीजल या पेट्रोल भराने पर उपहार कूपन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह कम से कम दो हजार लीटर डीजल लेने पर ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिया जाएगा।

# बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में सुझाव मेले का आयोजन









**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग (आईईडी) के तत्वाधान में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों में सुझाव मेला का आयोजन किया जा रहा है. महाप्रबंधक (आई ई डी) श्री हिमांशु गुप्ता एवं वरीय प्रबंधक (आईईडी) श्रीमती प्रीति प्रिया, के नेतृत्व में आज दिनाँक 03 अप्रैल को ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित सुझाव मेला का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय द्वारा किया गया. कार्यक्रम में ब्लास्ट फर्नेस विभाग के श्री मानस सरकार (महाप्रबंधक), जयंत जोद्दार (महाप्रबंधक), अनुपम रॉय (महाप्रबंधक), कंचन कुमार (महाप्रबंधक), तथा सहायक महा प्रबंधक शशिकांत ने अपने बहुमूल्य




अनुभव साझा किए और बेहतरी के लिए प्रोत्साहित किया. ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित सुझाव मेला में लगभग 200 सुझाव विभाग के कर्मियों द्वारा दिया गया. मुख्य महा प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री शौविक रॉय ने प्लांट की समृद्धि के लिए कर्मचारियों को सुझाव मेला में बढ-चढ कर हिस्सा लेने और रचनात्मक सुझाव देने का आह्वाहन किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री धनञ्जय कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) द्वारा किया गया.

**बीएसएल में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला**

बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में संयंत्र के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 03-04 अप्रैल को किया जा रहा है. इस कार्यक्रम मे लगभग 20 अधिकारी विभिन्न विभागों से शामिल हैं तथा फैकल्टी के रूप मे वैसे अधिकारी योगदान कर रहे हैं जिन्होंने पूर्व में मेसर्स एएसके इएचएस का ट्रेन द ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त किया हुआ है. इस कार्यक्रम में कुल आठ सत्रों में बीआईपी, आरसीए, सीएसएसए, आरएसएम, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी , बो टाई, कवच पर प्रशिक्षण शामिल है. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो उपस्थित थीं. सर्वप्रथम कनीय प्रबंधक (ज्ञानार्जन




एवं विकास) श्री एस के डी भौमिक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो ने प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के विषय में अपने विचार रखे. उन्होंने प्रतिभागियों से अपने लर्निंग पॉइंट दूसरे सहकर्मियों से साझा करने की अपील की. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ओपरेटिव श्री राकेश कुमार, इंस्ट्रक्टर श्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा श्री अर्जुन प्रसाद बाउरी का योगदान सराहनीय रहा.

# रामनवमी को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च





**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग मनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से आज मेदिनीनगर के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व सदर अनुमंडल सुलोचना मीणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च शहर के छह मुहान से निकलकर थाना रोड होते हुए पंच मुहांन चौक, कन्नी राम चौक, नदी किनारे आदि विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः छह मुहान पहुंचकर समाप्त हुई। नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से शांतिपूर्ण व सौहार्द्र तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में अंचल अधिकारी अमरजीत बल्होत्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, यातायात प्रभारी समाल अहमद सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी व कई जवान शामिल थे।

# प्रशासनिक भवन का गेट जामकर नियोजन की मांग कर रहे आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज

**एक की मौत, एक दर्जन से ज्यादा घायल, तनावपूर्ण स्थिति**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य प्रशासनिक भवन के समक्ष विस्थापित अप्रेंटिस संघ ने नियोजन की मांग को लेकर आज सुबह से अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। इस दौरान विस्थापित प्लांट जा रहे कर्मचारियों को जबरन रोक रहे थे। उन्हें डंडा लेकर दौड़ा रहे थे। पुलिस प्रबंधन के काफी समझने बुझाने पर भी वे मार्ग खाली करने को तैयार नहीं हुए। इस बीच धरना दे रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों पर सीआईएसएफ और बोकारो स्टील के सुरक्षाकर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। वहां भगदड़ मच गई। इस घटना में 23 वर्षीय विस्थापित प्रेम महतो की मौके पर मौत हो गई। एक दर्जन से ज्यादा विस्थापित घायल हुए हैं, जिनका इलाज बोकारो जेनरल अस्पताल ने चल रहा है। लाठीचार्ज के बाद पूरे इलाके में तनाव की स्थिति है। लाठीचार्ज की सूचना पर बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह मौके पर पहुंची, लेकिन उनके सामने भी विस्थापितों पर लाठी चार्ज कर दिया









गया। आरोप लगाया जा रहा है कि लाठी चार्ज के दौरान सीआईएसफ और बीएसएल के सुरक्षाकर्मियों ने विस्थापितों को बेरहमी से पीटने का काम किया।

# अंधकार से ज्ञान की ओर : पूरबटोली के बच्चों को अब पढ़ाई के लिए अंधेरे से लड़ना नहीं पड़ेगा

**ठेठईटांगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन के इंडिया रूरल अपलिफ्टमेंट इनिशिएटिव के तहत, जो कुपोषण मुक्त समाज बनाने और प्रारंभिक शिक्षा को सुलभ कराने के लिए कार्यरत है, मेरोमडेगा पंचायत के पूरबटोली और पहाड़ टोली के बच्चों के लिए शिक्षा की नई किरण पहुंची है। इन इलाकों में बिजली की उपलब्धता न होने के कारण बच्चे अब तक डिबरी, लालटेन और दीये के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर थे। अब, इस पहल के अंतर्गत



तीन वर्ष से अधिक उम्र के और प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के परिवारों को सोलर लैंप वितरित किए गए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को निरंतर और बाधारहित शिक्षा का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। इसके अतिरिक्त, आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों को शिक्षा किट, जूते और यूनिफॉर्म भी वितरित किए गए, जिससे उनकी शिक्षा अधिक सुलभ और सुविधाजनक बन सके। यह पहल न केवल बच्चों के शैक्षिक विकास में सहायक होगी, बल्कि संपूर्ण समुदाय के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जिला परिषद मैदान में पुस्तक मेला आज से




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आज से 13 अप्रैल तक जिला परिषद मैदान में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष मेले का थीम 'आमी मानोब संतान' रखा गया है। यह जानकारी सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में दी। पुस्तक मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। 12 वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा जबकि अन्य को प्रवेश शुल्क देना होगा।

**छात्रों और युवाओं के लिए विशेष आयोजन**

6, 7 और 10 अप्रैल को स्टूडेंट फोरम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विषयों पर भाषण प्रतियोगिता होगी। 5 अप्रैल को 30 वर्ष से कम उम्र के रक्तदाताओं को पुस्तक मेला मंच पर सम्मानित किया जाएगा। पुस्तक मेले में कुल 55 स्टॉल लगाए जाएंगे, इसके अलावा, आईटीसी सनराइज, आर स्क्वायर इंफ्रा, शांतिनिकेतन (आरकेपी डेवलपर), श्रीराम सेल्स, सेनको ज्वेलर्स, गुरुकृपा ऑटो, सेंट्रल बैंक और कई फूड स्टॉल भी मौजूद रहेंगे। प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कोलकाता के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियाँ होगी इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी संवाददाता सम्मेलन में संस्था के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, अध्यक्ष अतनु गुप्ता, कोषाध्यक्ष हिरणमय मित्रा, वरिष्ठ सदस्य सपन माझी, नारायण राय चौधरी, सुभाषित सेनगुप्ता, गंगाधर भूई, विनायक घोष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सिमडेगा/ठेठईटांगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर उन्होंने ईद व सरहुल की भी ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईद उल फितर दुनिया भर में आपसी भाईचारे और शांति के साथ सभी को प्रेम भाव के साथ ईश्वर की उपासना करते हुए जीवन जीने का संदेश देता है, जिस पर हम सभी लोग चाहे वो किसी भी धर्म के मानने वाले है को इसका अनुशरण करना चाहिए। वही ठेठईटांगर में भ्रमण कर रहे विधायक से ग्रामीणों ने जगह-जगह मुलाकात कर अपने-अपने गांवों में व्याप्त समस्या के बारे में अवगत कराया। कई ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना में जियों टैग में देरी के कारण अग्रिम भुगतान में विलंब होने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कार्यालयों में चक्कर लगाने, गांव में पेयजल अभाव से ग्रामीणों के साथ-साथ जीव- जंतु की परेशानी, गत दिनों हुई ओलावृष्टि से हुए आर्थिक नुकसान के लिए सरकार से मुआवजा दिलाने आदि की मांग की गई।

# 108 सुंदरकांड एवं 251 हनुमान चालीसा पाठ के साथ सत्र-आरंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो में हवन पूजा के साथ सत्र का आरंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव जी.पी. सिंह एवं प्राचार्य राजेंद्र कामत ने संयुक्त रूप से विद्यालय एवं भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन कर सत्र का आरंभ किया । पूजा के बाद विधिवत रूप से 108 सुंदरकांड एवं 251 हनुमान चालीसा पाठ कर ईश्वर की आराधना की गई । मंत्रोचारण से पूरा विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा । उसके बाद सभी ने सरस्वती वंदना एवं हनुमान जी की आरती के साथ ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना हेतु प्रार्थना की। सह सचिव जी.पी. सिंह ने कहा कि विद्या भारती योजना में ईश्वर की आराधना कर विद्यालय के सत्र को आरंभ करने की यह जो अनूठी परंपरा है वह हमारे बालकों को अपने धर्म एवं संस्कृति से जोड़कर रखती है ।किसी भी शुभ कार्य को करने से पूर्व हम ईश्वर की आराधना करते हैं जिससे वर्ष भर हमारा कार्य सफलता से संपन्न हो । विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि पूरे झारखंड में आज के दिन हवन पूजा के साथ सभी



शिशु मंदिरों में सत्र का आरंभ होता है। अपने विद्यालय में हमने 108 बार सुंदरकांड का पाठ और 251 बार हनुमान चालीसा का पाठ जिसे विद्यालय के आचार्य, दीदी जी के साथ भैया बहनों ने भी पूर्ण किया। यह दशार्ता है कि हमारे बालकों का अपनी संस्कृति से जुड़ाव कितना है। विद्या भारती अपने सांस्कृतिक धरोहर को इस प्रकार के आयोजनों से समृद्ध एवं संरक्षित करते रही है । कल दिनांक 4 अप्रैल से विद्यालय सुचारू रूप से चलेगा । ईश्वर से यही प्रार्थना है कि सभी भैया - बहनों के साथ-साथ विद्यालय का उत्थान हो हम सभी सुखी रहें, स्वस्थ रहें ,खुश रहें। इस अवसर पर सभी भैया - बहन उत्साहित दिखे। पूरा विद्यालय का माहौल भक्तिमय रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com